सूर्योदय प्रातः 5:22 | सूर्यास्त संध्या 6:13 | पखवाड़ा | चैत्र शु. चतुर्दशी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 34° | न्यूनतम 24°

फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, सोमवार, 22 अप्रैल 2024, वर्ष : 15, अंक : 69, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

शेयर बाजार

सेंसेक्स	73,088.33	599.34 (0.83%)
निफ्टी	22,147.00	151.15 (0.69%)

सर्राफा बाजार (प्रति 10 ग्राम)

22 carat सोना	68,050.00
चांदी	865.00

गूंजी दहाड़, खूब चले आरोपों के तीर

उलगुलान न्याय महारैली

- एक मंच पर हुआ आईएनडीआईए नेताओं का जुटान, दिखी ताकत
- सभी ने एक स्वर से केन्द्र की मोदी सरकार को कोसा
- हेमन्त सोरेन और अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को बताया तानाशाही का प्रतीक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : राज्य की राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के तत्वावधान में उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन किया गया। इसमें इंडिया गठबंधन के कई बड़े नेता शामिल हुए। सभी ने जम कर केन्द्र सरकार को निशाने पर लिया। साथ ही, दावा किया कि अबकी बार जनता उन्हें दिल्ली की गद्दी से बाहर कर देगी। जुमलेबाजी, बढ़ती महंगाई से जनता ऊब चुकी है। मोदी सरकार की विदाई तय है।

वोट के लिए आदिवासी, एससी को देश का राष्ट्रपति बनाया : मल्लिकार्जुन खड़गे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सालाना दो करोड़ लोगों को नौकरी देने, किसानों की आय दोगुनी करने, हर किसी के खाते में 15 लाख रुपये डालने का मुद्दा उठाया। उन्होंने मोदी को झूठों का सरदार कहा। साथ ही, कहा कि ये लोग झूठ बोल कर वोट लेते हैं और बाद में जनता को तबाह कर देते हैं। खड़गे ने कहा कि हमेशा मोदी कहते हैं कि मैंने आदिवासी को इस देश का राष्ट्रपति बनाया, मैंने शेड्यूल कास्ट के व्यक्ति को राष्ट्रपति बनाया। उन्होंने कहा कि तुमने वोट के लिए उन्हें राष्ट्रपति बनाया। उनके कल्याण या स्वाभिमान के लिए नहीं। उनके स्वाभिमान को आपने ठेस पहुंचायी है।

खड़गे ने कहा कि मोदी गरीबों का वोट छीन लेना चाहते हैं। वह बार-बार कहते हैं कि अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा कि हमारी संसद में 543 सीटें हैं। मोदी कहते हैं 400 पार। गनीमत है कि उन्होंने अब तक नहीं कहा 600 पार। साथ ही, कहा कि गठबंधन की शक्ति इस बार इतनी है कि मोदी हो या कोई और, हमारी मजबूती को तोड़ नहीं सकते। हेमन्त सोरेन को जेल में डालने से हम डरनेवाले नहीं हैं। केजरीवाल को जेल में डालने से हम डरनेवाले नहीं हैं। हम जनता से डरते हैं। तुम्हारे जैसे लीडरों से नहीं डरते। ● शेष पृष्ठ 11 पर

हेमन्त सोरेन ने जेल से भेजी चिट्ठी, कल्पना सोरेन ने पढ़ा

कल्पना सोरेन ने हेमन्त सोरेन का संदेश पढ़ा। उन्होंने कहा कि देश एक विषम परिस्थिति से गुजर रहा है। वर्ष 2014 से देश में एनडीए की सरकार चल रही है। हालांकि, पूरे देश के राज्यों का जनाधार एनडीए को अबतक नहीं मिला है। ऐसे में भाजपा-एनडीए गैर भाजपाई राज्यों के साथ सौतेलापन दिखा रही है। उनके साथ नहीं आनेवाले को जेल भेजा जा रहा है। हर वर्ग को ठगा गया है। अलग-अलग सूचना तंत्रों के माध्यम से जनता को भ्रमित किया जा रहा। पत्र में कहा है कि झारखंड के लोग गरीब हैं। यहां के संसाधनों से देश चलता है, लेकिन यहां के लोगों को हक-अधिकार नहीं मिल रहे। पूरे देश को किस तरह से केन्द्र सरकार ने ठगा और लूटा है, इसे रैली में नेता बतायेंगे। राज्य अलग होने के बाद परिसीमन की बात थी, जिससे ● शेष पृष्ठ 11 पर

बिना आरोप साबित हुए केजरीवाल को जेल भेजा : सुनीता केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि उनके पति को मोदी ने जेल में डाल दिया। यहां के सीएम हेमन्त को भी जेल में डाल दिया। आखिर क्या कसूर है उनका। अदालत ने उन्हें दोषी नहीं ठहराया। कहते हैं कि जांच चल रही है। बिना कोई दोष साबित हुए जेल में डाल दिया जा रहा है। ऐसी तानाशाही कोई बर्दाश्त करेगा क्या। उनके पति का क्या कसूर है। सुनीता ने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली में अच्छी शिक्षा दिलवायी...अस्पताल बनवाये...मोहल्ला क्लिनिक बनवाये, जिसकी चर्चा देशभर में है। देशभक्ति केजरीवाल में कूट-कूट कर भरी है। इनके सहपाठी बाहर गये, लेकिन ये इस देश और यहां की जनसेवा के लिए कहीं नहीं गये। उन्होंने मुझसे पूछा भी था कि समाज सेवा करनी है, तुम्हें कोई प्रॉब्लम तो नहीं होगी। ऐसे शख्स को जेल में डाल दिया।

आदिवासियों को अशिक्षित रखना चाहती है भाजपा : चम्पाई सोरेन

झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि भाजपा की सरकार ने 5000 स्कूल बंद किये, लेकिन हमारी सरकार ने स्मार्ट स्कूल खोलने शुरू कर दिये। भाजपा झारखंड के आदिवासियों, दलितों, मूलवासियों और पिछड़ा वर्ग के बच्चों को अशिक्षित रखना चाहती थी, लेकिन हेमन्त सोरेन ने मॉडल स्कूल खोलना शुरू किया, तो भाजपा परेशान हो उठी। भाजपा ने लम्बे समय तक झारखंड पर शासन किया। कभी उसने आदिवासी, दलित, गरीब, पिछड़ा, मूलवासी की बात नहीं की। वर्ष 2022 तक सभी लोगों को पक्का आवास देने की बात भाजपा ने कही थी। झारखंड को पीएम आवास नहीं मिला, तो हेमन्त सोरेन ने अबुआ आवास योजना की शुरूआत कर दी। हम 30 लाख परिवारों को अबुआ आवास देने जा रहे हैं।

भाजपा को भगाना है, देश को बचाना है : तेजस्वी यादव

बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी याद ने कहा कि झारखंड ने मूड बना लिया है, भाजपा को भगाना है, देश को बचाना है। भाजपा को भगाओ, देश का संविधान, लोकतंत्र बचाओ। मोदी की बात नहीं करने आये हैं। पढ़ाई-दवाई की बात करने आये हैं। पूरे देश में तानाशाही चल रही है, उसे कुचलना है। यहां केजरीवाल और हेमन्त की एक-एक सीट खाली है। जनता मालिक है। दोनों को न्याय दिलाना है।

तेजस्वी ने कहा कि झारखंड और दिल्ली में इतना अच्छा काम चल रहा था, मोदी को पचा नहीं। ईडी, आईटी और सीबीआई को लगा दिया। जेल में डाला गया। पूर्व में मेरे पिता को भी जेल में डाला। उनके ऊपर भी केस लगाया गया। इन्हें नहीं पता, हम क्या डरेंगे। देश को बदहाल किया है। इसका बदला लेना है केन्द्र सरकार से।

भाजपा ने शेर को गिरफ्तार किया है, दहाड़ को नहीं : अखिलेश

समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि यहां के एलान हो रहा है कि जो लोग 2014 में आये थे, वे 2024 में यहां से हटाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार नारा लगा रही है कि इस बार 400 से ज्यादा सीटें जीतेंगे। अखिलेश ने कहा कि ये घबराये हुए लोग हैं। ये हार चुके हैं। हार चुके लोग अन्याय लेकर आये हैं। जब मैदान में पहलवान हारने लगता है, तो हर हथकंडे अपनाता है। कभी-कभी नोंचता-काटता भी है। साथ ही, कहा कि भाजपा ने शेर को गिरफ्तार किया है, लेकिन दहाड़ को नहीं। इनके पास जनता को बताने के लिए कुछ नहीं है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी बीमार रांची की रैली में नहीं हुए शामिल

शक्ति प्रदर्शन नहीं, संविधान व लोकतंत्र को बचाने का संकल्प : भगवंत मान

पंजाब के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता भगवंत मान ने कहा कि यह राजनीतिक रैली नहीं...शक्ति प्रदर्शन भी नहीं...संविधान, लोकतंत्र को बचाने को संकल्प लेने को आये हैं। सुनीता और कल्पना के पति जेल में हैं। उनका कसूर क्या था। वे बेरोजगारी मिटाना चाहते थे। महिलाओं को मुफ्त में सफर, बिजली देने की बात करते थे। अरविंद केजरीवाल और हेमन्त सोरेन की खाली कुर्सियां ही भाजपा की कुर्सियां खाली करायेंगी। भाजपा समझती है कि जेल में आवाज डाल कर आवाज दबा देंगे। छह महीने बाद संजय सिंह को ईडी ने कहा कि कोई सबूत नहीं है। ऐसे ही हेमन्त सोरेन को कहेंगे।

एक झलक

कांग्रेस ने रांची से सुबोधकांत की पुत्री व गोड्डा से प्रदीप यादव को दिया टिकट

रांची : कांग्रेस पार्टी ने झारखंड के दो लोकसभा सीट के लिए रविवार रात दो उम्मीदवारों की घोषणा की है। रांची से पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय की पुत्री यशस्विनी सहाय को टिकट दिया गया है। जबकि गोड्डा लोकसभा सीट से प्रदीप यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। इस संबंध में कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने अधिसूचना जारी की है। उल्लेखनीय है कि गत 16 अप्रैल को गोड्डा से इससे पूर्व कांगेस ने दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिया था। लेकिन उनका टिकट काट कर प्रदीप यादव को टिकट दिया गया है।

प्रियंका ने केन्द्र व छत्तीसगढ़ सरकार को निशाने पर लिया

बालोद/मोहड़/रायपुर : लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में बालोद जिले के हथौद और राजनांदगाव के ग्राम मोहड़ में चुनावी सभाओं को सम्बोधित किया। इस दौरान प्रियंका ने बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर केन्द्र की मोदी सरकार के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार पर जम कर निशाना साधा। सभाओं को सम्बोधित करते हुए प्रियंका ने कहा कि चुनाव के मौके पर दो बहुत जरूरी मुद्दों को अपने मन में रखें। देश का भविष्य क्या होगा और आपकी मेहनत और संघर्ष की सुनवाई हो रही है या नहीं।

सड़क हादसे में पांच की मौत, तीन जख्मी

आगरा : उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में कुबेरपुट कट के पास एक्सप्रेस-वे पर शनिवार देर रात एक कार का टायर फटने से पांच बारातियों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हुए हैं। मृतकों में दूल्हे का भाई भी है। यह बारात ग्रेटर नोएडा से देवरिया जा रही थी। पुलिस के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के निवासी संतोष की बरात देवरिया जा रही थी। रास्ते में कार का टायर फटने से यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान नोएडा निवासी चंदन कुमार (32), बिहार के गौतम कुमार (25), सुदेश कुमार (28), संजीव शर्मा (30) और प्रवीण (30) के रूप में हुई है। नोएडा निवासी कुलदीप यादव एवं राहुल यादव और गाजियाबाद के अजय कुमार की हालत गंभीर है। गौतम दूल्हे संतोष का भाई है।

ट्राले-वैन की टक्कर में 9 लोगों की मौत

झालावाड़ : झालावाड़ जिले के अकलेरा थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। ट्राले से वैन की टक्कर हो गई जिससे वैन सवार लोगों की मौत हो गई। वैन सवार लोग मध्यप्रदेश के खिलचीपुर के पास डूंगरी से विवाह समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। अकलेरा थाना प्रभारी संदीप बिश्नोई के अनुसार हादसा थाने से करीब 5 किलोमीटर दूर भोपाल मार्ग पर शनिवार-रविवार मध्य रात्रि करीब ढाई बजे हुआ। हादसे में वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर वैन में फंसे घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने 9 लोगों को मृत घोषित कर दिया।

बंगाल में गुंडे-बदमाशों के हौसले बुलंद और शरीफ लोग डरे हुए हैं : राजनाथ

एजेंसी

कोलकाता : भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में अराजकता का माहौल है। देश में पश्चिम बंगाल अपने अपराध के लिए जाना जा रहा है और साम्प्रदायिकता के लिए इसके चर्चे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां गुंडे, बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। शरीफ लोग डरे हुए हैं।

राजनाथ सिंह ने रविवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में चुनावी रैली को सम्बोधित किया। इस दौरान राजनाथ ने प्रदेश की ममता बनर्जी सरकार पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यहां एक महिला मुख्यमंत्री के रहते संदेशखाली जैसी घटनाएं होती हैं।

पीएम मोदी ने देश से परिवारवाद, तुष्टीकरण व जातिवाद समाप्त करने का काम किया : शाह

एजेंसी

कटिहार : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कटिहार में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी देश से परिवारवाद, तुष्टीकरण और जातिवादी समाप्त करने का काम किया है।

राजेन्द्र स्टेडियम में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के साथ बिहार को भी विकसित करने का काम किया। केन्द्र में 2014 से 2024 तक दस साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार को 09 लाख 80 हजार करोड़ रुपये प्रदेश के विकास के लिए देने का काम किया। इसके अलावा मोदी ने 04 लाख करोड़ रुपये सड़क और पूल, एक लाख करोड़ रुपये रेलवे के विकास के लिए, दो हजार करोड़ रुपये एयरपोर्ट के ● शेष पृष्ठ 11 पर

आईएनडीआईए की सरकार बनी, तो सीएए को लिया जायेगा वापस : चिदंबरम

एजेंसी

नयी दिल्ली : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि आईएनडीआईए की सरकार बनी, तो नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को वापस लिया जायेगा। कांग्रेस ने भले ही अपने घोषणापत्र में इसका जिक्र नहीं किया, लेकिन संसद से पहले सत्र में इसे वापस लिया जायेगा।

कांग्रेस के घोषणापत्र के जारी होने बाद कुछ मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि पार्टी ने आखिरी समय में इसे अपने घोषणा पत्र से हटाया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में सीएए का उल्लेख नहीं होने से पार्टी वाम दलों के निशाने पर है। केरल के मुख्यमंत्री पिनारई विजयन ने इसको लेकर पार्टी की आलोचना की थी।

चिदंबरम ने तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से कहा कि पार्टी कई कानूनों को वापस लेगी। वह घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष रहे हैं। घोषणापत्र में भले ही इसका उल्लेख नहीं किया गया, लेकिन इसे वापस लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने इसके विरोध में संसद में भी किया था।

कांग्रेस ने परिवारवाद व भ्रष्टाचार का दीमक फैला कर देश को खोखला किया : मोदी

- राजस्थान स्थित जालोर के भीनमाल में भाजपा की चुनावी सभा में सम्मिलित हुए प्रधानमंत्री

एजेंसी

जालोर : भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जालोर के भीनमाल में पार्टी प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी के समर्थन में चुनावी जनसभा की। इस दौरान तीखा हमला बोलते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैला कर देश को खोखला कर दिया। इन्हीं पापों की सजा देश कांग्रेस को दे रहा है। देश का युवा इतने गुस्से में है कि वह दोबारा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जालोर आना, हम गुजरात वालों को लगता है, अपने घर आ गये हैं। पार्टी संगठन का काम करता था, तब भी और गुजरात में मुख्यमंत्री था, तब भी ; अनेक बार आप सबके बीच आने का मुझे अवसर मिला है। कई परिवारों से भी मेरा परिचय रहा है। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा कि जिस पार्टी ने कभी 400 सीटें जीती थीं, आज वह 300 सीट पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। आज कांग्रेस को उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। इन्होंने अवसरवादी इंडी अलायंस बना लिया है। उसकी पतंग उड़ने से पहले कट गयी है। कहने को तो गठबंधन है, लेकिन अब हालत देखिए। कई राज्य हैं, जहां ये गठबंधन वाले ही आपस में ही लड़ रहे हैं। इस लोकसभा के चुनाव में देश में 25 प्रतिशत सीटें ऐसी हैं, जहां ये गठबंधन के लोग एक-दूसरे को मारने-काटने में लगे हैं। कांग्रेस की कभी नीयत ही नहीं रही कि किसानों, यहां के लोगों को पानी मिले। इसका एक उदाहरण है सालगांव बांध परियोजना, यह परियोजना साढ़े चार दशक पहले तब बनी थी, जब हर जगह कांग्रेस ही कांग्रेस थी, लेकिन यह योजना कभी पूरी नहीं हुई। अगर यह बांध समय पर बनता, तो 30 लाख रुपये से कम में ही बन जाती है। आज इसकी लागत ढाई सौ करोड़ तक पहुंच गयी है। अब भाजपा सरकार इसे तेजी से पूरा करने में जुटी है। आपके इस सेवक ने किसान के हर खेत और हर बहन के घर तक पानी पहुंचाना अपना मिशन बनाया। इतिहास में पहली बार जल जीवन मिशन जैसा कार्यक्रम चल रहा है। सिर्फ पांच वर्ष में ही देश में 11 करोड़ से अधिक नये परिवारों को नल से जल ● शेष पृष्ठ 11 पर

भगवान महावीर के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाती है कि देश सही दिशा में जा रहा : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महावीर जयंती के अवसर पर 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एक स्मारक टिकट और सिक्का भी जारी किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज के समय में भगवान महावीर के मूल्यों के प्रति युवाओं की प्रतिबद्धता दशार्ती है कि देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने नयी दिल्ली के भारत मंडपम में महावीर जयंती के शुभ अवसर पर 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया।

एक झलक

नामकुम प्रखंड की हरदाग पंचायत सिलादोन में चुल्हा प्रमुख का गठन

अनगड़ा : नामकोम प्रखण्ड के हरदाग पंचायत अन्तर्गत सिलादोन एवं चांद का ग्राम प्रभारी बसंती देवी जी की अध्यक्षता में 20 चुल्हा प्रमुख का चुनाव किया गया। संचालन रांची जिला सचिव कुदरत शेख ने किया। मुख्य अतिथि केन्द्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि झारखण्ड राज्य स्वाभाविक नहीं आजसू पार्टी के उग्र तेवर और आन्दोलन का देन है की झारखंड राज्य बना और महिलाओं को सम्मान देने का काम पंचायत स्तर पर आजसू पार्टी ने दिया और झारखंड राज्य की दिशा और दशा राज्य का सर्वांगीण विकास आजसू पार्टी ही कर सकता है वहीं राँची जिला महिला मोर्चा की अध्यक्षा श्रीमती वीणा कुमारी ने अपनी वाणी से टिप्स देते हुऐ ग्राम प्रभारी एवं चूल्हा प्रमुखों से आग्रह की 28 अप्रैल को इठ (वाईबीएन यूनिवर्सिटी) राजाउलातु नामकोम राँची में होने वाले ग्राम प्रभारी प्रशिक्षण शिविर में आपलोग अवश्य आएं और आजसू पार्टी की निति सिध्दान्त को समझें और पार्टी संगठन को बेहतर मजबूती प्रदान करने में सहयोग करें। धन्यवाद ज्ञापन ग्राम प्रभारी राजाउल हक ने की। मौके पर आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह एवं नवनियुक्त चूल्हा प्रमुख कौसर जहाँ, जैतून निसा, चिंतामणी देवी, सुनीता देवी, रतन देवी, समर प्रवीण, रोजलिन लिण्डा, अनिता देवी, सुषमा लिण्डा, ललिता देवी, सरिता बड़ाइक, फुलमणी देवी, सलमाम खातून, गीता देवी, कोकिला देवी, प्रमिला देवी, रूत लकड़ा, गुरजन कुमार, अभीशेक लिण्ड, गौतम कुमार, संजय कुमार एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

समय का सदुपयोग कर पढ़ने-लिखने की आदत डालें कैदी : दिनेश बाउरी

खूंटी : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में उपकारा खूंटी में रविवार को जेल लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में उपस्थित कैदियों को संबोधित करते हुए अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी ने कहा कि सभी कैदियों का विचारण बड़ी तेजी से हो रहा है और कैदी अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने वादों का जल्द से जल्द निपटारा कराएं। उन्होंने अनिवार्य बेल, जमानत एवं गैर जमानतीय वारंट्स तथा प्रोबेशन ऑफ ऑफेंडर्स एक्ट के बारे जानकारी देकर उपस्थित लोगों को जागरूक किया और नि:शुल्क न्याय के बारे में भी लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि न्यायालय में चल रहे अपने-अपने सभी वादों की जानकारी रखना आपका हक है। आपको नि:शुल्क न्याय पाने का हक है, बशर्ते आप लेने के लिए हमेशा आगे बढ़े और जागरूक रहें। उन्होंने कैदियो से आग्रह किया कि समय का सदुपयोग करते हुए समय-समय पर पढ़ने लिखने की भी आदत डालें, जो निकट भविष्य में आगे बढ़ाने में आपको मदद करेगी। कार्यक्रम में एलएडीसी असिस्टेंट अमरदीप कुमार ने कैदियों को योग्य अधिवक्ता प्राप्त अधिकार के बारे में जानकारी दी।

960 ग्राम अफीम व 65 किलोग्राम डोडा किया बरामद, एक गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

खूंटी : मुरहू थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को मुरहू के जाते मधुटोली गांव निवासी विलियम बोदरा के घर में छापामारी कर घर में छुपा कर रखी गई 960 ग्राम अवैध अफीम और 65 किलोग्राम अफीम डोडा बरामद किया। मौके पर आरोपित विलियम बोदरा को गिरफ्तार कर लिया गया। यह जानकारी रविवार को खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध मुरहू थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि इससे पूर्व शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुरहू थाना क्षेत्र में चलाई गई एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार युवक के पास से लगभग 40 लीटर अवैध महुआ देसी शराब बरामद की गई। मौके पर बाइक सवार युवक मुरहू के पसराबेड़ा गांव निवासी पोगरो मुंडा (35) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामारी अभियान में मुरहू थाना प्रभारी गोडवीन केरकेट्टा, एसआई रोशन कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

महावीर जयंती पर खूंटी में निकली शोभायात्रा, भगवान को कराया गया नगर भ्रमण

खूंटी : जैन समाज खूंटी द्वारा रविवार को पूरे भक्ति भाव के साथ महावीर जयंती मनाई गई। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के संदेश जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म, दया की भावना हृदय में डालने ये पर्व हमें सीखता है। जैन समाज के लोगो द्वारा पूरी श्रद्धा के साथ महावीर जयंती की शोभायात्रा निकाली गई। बैंड बाजा की टीम के साथ निकाली गई शोभायात्रा में शामिल महिला-पुरुष भजन कर रहे थे। जैन समाज के लोगों द्वारा भगवान महावीर को पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण के बाद वापस जैन मंदिर पहुंची जहां भगवान की अभिषेक के साथ पूजा की गई। शाम में सामूहिक महा आरती के साथ भगवान महावीर के संदेशों को बताया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शेखर चंद जैन, प्रकाश चंद जैन, अरविंद जैन, अशोक जैन, बंटी जैन का योगदान रहा।

सांसद ने किया गोंदलीपोखर में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन

उलगुलान रैली टांय-टांय फीस हो गयी : संजय सेठ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : रांची सांसद सह रांची से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने खिजरी विधानसभा के अनगड़ा प्रखंड के गोंदलीपोखर में पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन किया। सांसद ने कहा जिसने राम को नकारा उसे देश ने नकार दिया। इनकी भ्रष्टाचार की दुकान बंद हो गए। झारखण्ड से दूरी बना लिया राहुल गांधी ने डर से नहीं आएं। 13 फूल एवं एक फल जितेगा। महाठग बंधन के द्वारा आयोजित उलगुलान रैली टाय टाय फीस हो गई है।आपस में झामुमो एवं कांग्रेस कार्यकताओं ने जमकर मारपीट किया। संजीव विजयवर्गीय ने एक एक मतदाता से मिलकर जिन योजनाओं का लाभ लिया उसकी जानकारी देते हुए भाजपा को वोट करने की बात कही। कार्यक्रम को पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, रौशनी खलखो, नशीब लाल महतो, अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेन्द्र शाही ने संबोधित किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, अनगड़ा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, सत्यम कुशवाहा, सुनील महतो, रितेश उरांव, समीर राय, अशोक नायक, राजेन्द्र महतो, रामसाय मुंडा,उमेश बड़ाईक, सुनील महतो, अनिरुद्ध पांडेय, विष्णु महतो आदि उपस्थित थे।

लोकल सेल के प्रदूषण की चपेट में आ रहा भुरकुंडा पंचायत भवन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

भुरकुंडा : पंचायत भवन प्रदूषण के बीच घिरता दिख रहा है। प्रांगण में बने ओपन जिम की उपयोगिता खत्म होने की संभावना बन रही है। पंचायत भवन के ठीक बगल में बंद लोकल सेल डीपो में का पुनः संचालन शुरू हुआ है। कोयला डंप कर स्टॉक किया गया जा रहा है। जिससे फैलते धूल-गर्द से आसपास के लोगों परेशानी बढ़ती दिख रही है। लोकल सेल और पंचायत भवन के बीच महज सात-आठ फीट की दिवार का ही अंतर है। जिसकी वजह से पंचायत भवन प्रदूषण की चपेट में आ रहा है। बताया जाता है कि नियमित सफाई के बावजूद अब पंचायत भवन के फर्श सहित अन्य सामान पर धूल-गर्द की तह जमी दिखती है। प्रांगण में बनाया गया ओपन जिम भी प्रदूषण की भेंट चढ़ता दिख रहा है। कसरत के उपकरणों के साथ प्रदूषित हवा मुफ्त बंट रही है। जिससे लोगों का स्वास्थ्य बेहतर होने की बजाय और बिगड़ जाने के आसार दिख रहे हैं। अमूमन सुबह और शाम बच्चे और युवा यहां उपकरणों पर कसरत करते और खुली हवा का आनंद लेते दिखते थे। इधर, लोकल सेल डीपो का संचालन शुरू होने के बाद फैलते धूल-गर्द से ओपन जिम की उपयोगिता खत्म होती प्रतीत हो रही है। सरकारी खजाने से निकला पैसा व्यर्थ होता दिख रहा है। बताया जाता है कि लोकल सेल डीपो काफी पहले बंद हो चुका था। पास की खाली जगह को चयनित कर यहां पंचायत भवन का निर्माण कराया गया। इधर, पुरानी जगह पर ही लोकल सेल डिपो का संचालन होने पर प्रदूषण से पंचायत भवन और आसपास का क्षेत्र प्रभावित होता दिख रहा है। मामले में पूछे जाने पर भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने बताया कि लोकल सेल डीपो और पंचायत भवन के बीच ग्रीन शेड लगाने और रास्ते पर नियमित रूप से पानी छिड़काव को लेकर सीसीएल के भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी को ज्ञापन दिया गया है। बढ़ते प्रदूषण से परेशानी बढ़ रही है।

कोलफील्ड मजदूर यूनियन के महामंत्री ने संगठन की समीक्षा की

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

भुरकुंडा : कोलफील्ड मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय कार्यालय पटेल नगर में यूनियन के महामंत्री जेबीसीसीआई 11 के सदस्य स्टैंडर्ड स्टेजेशन कमेटी के टेक्निकल सब कमेटी के सदस्य राघवन रघुनंदन जी एवं सहायक मंत्री चंदेश्वर सिंह का बरका सयाल क्षेत्र में संगठन की समीक्षा के दरमियान उपस्थित हुए।उनका स्वागत यूनियन कार्यालय में बरका सयाल एरिया के अध्यक उदय कुमार सिंह ने माल्यार्पण कर किया।इस दौरान राघवन रघुनंदन जी के समझ दर्जनों मजदूरों ने अपनी समस्याएं रखी इस मौके पर रघुवन रघुनंदन जी ने कैट वन मजदूर जिससे प्रबंधक डम्पर डोजर ड्रिल शॉवेल आदि चलवाता है तथा प्रबंधन के द्वारा कई कैर्डर को समाप्त कर दिया गया है इस बात को लेकर राघवन रघुनंदन जी अगली टेक्निकल सब कमेटी में रखेंगे और इसका समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर राघवन रघुनंदन जी ने अपील की है कि इस लोकतांत्रिक के महापर्व में आप अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ मतदान में भाग ले साथ ही उन्होंने कहा कि अपना मतदान करते समय इस बात का ध्यान रखें कि वैसे राजनीतिक दल जो महिला विरोधी, किसान विरोधी, मजदूर विरोधी एवं सरकारी उद्योग एवं कल-कारखानों को बेचने के लिए आमादा है उनसे दूरी बनाकर रखें। अवसर पर अशोक गुप्ता, रमाकांत दुबे, केंद्रीय कार्य समिति सदस्य और भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह, सुधीर कुमार सिंह, रामदेव महतो, विनोद साव, मनजीत रंजन, गौरी शंकर, वीरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, बेलो शर्मा सहित यूनियन के कई सदस्य उपस्थित थे।

अज्ञात वाहन ने बाइक को कुचला, बेटी की मौत, पिता गम्भीर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुटूपालू घाटी में अज्ञात वाहन ने एक बाइक को कुचल दिया। रविवार को हुए इस हादसे में बाइक पर सवार पिता गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे में एक वर्षीय बच्चा विशांक बाल बाल बच्चा है। लेकिन उसे भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार रांची जिले के ओरमांझी थाना क्षेत्र के बजरा मरार निवासी खिरोधर महतो अपनी स्प्लेंडर बाइक संख्या जेएच 01 ईएल 9478 से अपनी बेटी को लेने के लिए उसके ससुराल रामगढ़ के बुढ़ाखुखरा महादेवटांड़ पहुंचे थे। बेटी और अपने एक वर्षीय नाती को लेकर अपने घर के लिए निकले। इसी बीच चुटूपालू घाटी में अज्ञात वाहन ने कुचल दिया । इस घटना में 19 वर्ष प्रिया कुमारी पति चैलेंजर कुमार की मौत मौके पर यहां हो गई। जबकि खिरोधर महतो गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल खिरोधर महतो को सदर अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया।

प्रेस क्लब रामगढ़ की कार्यकारिणी की बैठक हुई सम्पन्न, लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : प्रेस क्लब रामगढ़ के कार्यकारिणी की बैठक रविवार को प्रेस क्लब के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह व संचालन प्रेस क्लब के सचिव योगेंद्र सिंन्हा के द्वारा किया गया। बैठक में कई विषय वस्तुओं पर चर्चा हुई। इनमें आय-व्यय एवं सदस्यता शुल्क सहित प्रेस क्लब रामगढ़ की आगामी 28 मई को वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) आयोजित की जाएगी। इस वार्षिक बैठक को सफल बनाने के लिए एक आयोजन समिति बनायी गई है। इस आयोजन समिति में कार्यकारिणी के पदाधिकारी और सदस्यों के साथ रामगढ़ से संजय शुक्ला, प्रदीप राज बबलू, सौरभ सिंह, दिलीप सिंह, अंकित जायसवाल, अनिल विश्वकर्मा, पंकज सोनी, आशीष सिंह, शंकर देवधरिया, कुजू से अमरजीत, राकेश रोशन, विक्की, सुरेंद्र सिंह भाटिया, मांडू से संजय मंडल, घाटों से स्वामी नंदन, गिद्दी से रंजीत सिंह, श्याम ठाकुर, भुरकुंडा से राजकुमार सिंह, पतरातू से राजीव रंजन, बरकाकाना से जाकिर हुसैन, गोपाल गिरी, दुलमी से श्रीकांत महतो, अंजनी जायसवाल, रजरप्पा से सुरेंद्र कुमार, राजेश पांडे, गोला से मनोज मिश्रा, जितेंद्र कुमार, सिरका से पंकज सिंह एवं कृष्ण कुमार को अपने-अपने क्षेत्र के सभी सदस्यों से संपर्क कर उन्हें एजीएम में शामिल कराने की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही हर 2 दिन में शाम 7:00 बजे उपरोक्त सभी के अलावा पीसीआर से जुड़े अन्य सभी साथी भी पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान देंगे।

शिव प्राण प्रतिष्ठा व रुद्र महायज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : गोला प्रखंड के सेरेंगांतू में शिव प्राण प्रतिष्ठा एवं रूद्र महायज्ञ को लेकर को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा बरियातू के सेनेगढ़ा नदी के भैरवी जलाशय से प्रारंभ कर सेरेंगातू तक निकाला गया। इसमें अयोध्या से आई कथावाचिका अनुराधा तिवारी, राजगोपाला आचार्य, मधुसूदन आचार्य सहित अन्य शामिल हुए। कलश यात्रा में मुख्य रूप से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और समाजसेवी चंद्र शेखर महतो उपस्थित हुए। रुद्र महायज्ञ 21 से 27 अप्रैल तक चलेगा। इसके आयोजन में सागर महतो, सुखदेव महतो, मदन लाल महतो, गौतम कुमार महतो, फूलचंद महतो, श्रवण महतो, रामदेव महतो विश्वजीत महतो, मथुरा महतो, उपेंद्र महतो, राखी देवी, सुनीता देवी, सावित्री देवी,अंकज प्रजापति, पूनम देवी आशिष, गंगाजल महतो, राजे महतो, श्याम सुन्दर ठाकुर, राम चरण, सुनील महतो लंकेश महतो, सूबेदार प्रजापति, मैनेजर मुंडा, राहुल, रितेश विक्रम, राजु, उत्पाल सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान है।

यात्री बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक की मौत, एक घायल रिम्स रेफर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के ईंटाचिल्द्री मोड़ के समीप शनिवार की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे राजहंस नामक यात्री बस की चपेट में आने से बाइक सवार 27 वर्षीय युवक सुमित लकड़ा पिता गोयों लकड़ा व 34 वर्षीय बसंत टोप्पो पिता रायमन टोप्पो की मौत हो गई। वहीं 28 वर्षीय हेमंत टोप्पो गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों युवक बिसहा खटंगा मांडर निवासी हैं। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पीसीआर व थाना प्रभारी नकुल साह सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत सुमित लकड़ा को मृत घोषित कर दिया। वहीं दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान बसंत टोप्पो की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार गुमला की ओर से रांची की ओर जा रहा था। इसी बीच बाइक सवार ईंटाचिल्द्री मोड़ के समीप बस की चपेट में आ गए। ग्रामीणों के अनुसार दुर्घटना के बाद बाइक सवार बस में फंसने के बाद काफी दूर तक घिसटते हुए चले गये। वहीं मृतक बसंत टोप्पो के बड़े भाई प्रमोद टोप्पो ने बताया कि वे सभी डुमरी मसिया भरनो मेहमानी गए हुए थे। इधर घटना की सूचना मिलने पर सीओ प्रताप मिंज, डीएसपी अखिल नितेश कुजूर व समाज सेवी सुनील टोपनो सीएचसी पहुंचे और घायलों को रिम्स भेजवाया। बेड़ो पुलिस ने घटनास्थल से पल्सर बाइक और यात्री बस को थाने ले लाई। इधर घटना की जानकारी मिलने पर स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

बेड़ो में राजमिस्त्री की लाठी-डंडे से पीट कर हत्या

- कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : थाना क्षेत्र के ईंटाचिल्द्री खिरदा मोड़ के टावर के समीप खेत से इसी थाना क्षेत्र के करांजी गांव निवासी राजमिस्त्री का काम करने वाले 25 वर्षीय राजमिस्त्री सरवर अंसारी पिता स्व फकरुद्दीन अंसारी को कुछ लोगों ने लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी। घटना शनिवार की रात की है। वही घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की गहराई से तहकीकात कर रही है। वहीं इस संदर्भ में मृतक के भाई मुबारक अंसारी ने बेड़ो थाना में एक लिखित सूचना दिया है। साथ ही हत्या का उद्भेदन करते हुए घटना में शामिल हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग किया है। इधर घटना के संबंध में पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार करांजी गांव निवासी सरवर अंसारी राजमिस्त्री का काम करता था। वह शनिवार की शाम उसके साथ रेजा का काम करने वाली चरिमा गांव निवासी एक महिला बिरसमुनी उराईन के घर पैसा पहुंचाने गया था। इसी बीच ग्रामीणों ने दोनों को एक जगह देखा। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। इसके बाद कहासुनी व बकझक होने लगी। वहीं इस दौरान महिला बिरसमुनी उराईन ने ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि वह मुझे पैसा देने आया है। फिर भी ग्रामीण नहीं माने। इसके बाद ग्रामीणों ने लाठी डंडे से पीटकर उसकी हत्या कर दी। साथ ही मृतक के शव को ईंटाचिल्द्री खिरदा मोड़ स्थित टावर के पास खेत में फेंक दिया। इधर घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी नकुल साह सदल बल खिरदा मोड़ पहुंचे। साथ ही काफी देर तक खोजबीन करने के बाद रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच मृतक का शव को टावर के पास खेत से बरामद कर लिया। इधर बेड़ो पुलिस ने एफ एस एल टीम बुलाकर घटना की जांच शुरू कर दिया है। इधर बेड़ो पुलिस ने मृतक का शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। इस संदर्भ में कांड के उद्भेदन को लेकर बेड़ो पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

धूमधाम से मना भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ जिले में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर श्री दिगंबर जैन मंदिर में पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम श्री जी का अभिषेक एवं शांति धारा किया गया। स्वर्ण कलश से जलाभिषेक भगवान महावीर स्वामी की मूलनायाक प्रतिमा, प्राचीन प्रतिमा, पांडुशीला पर विराजमान अष्ट धातु की प्रतिमा पर स्वर्ण कलश से जलाभिषेक किया गया। जलाभिषेक में इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, ललीत चूड़िवाल, विद्याप्रकाश, पदमचंद छाबड़ा, राजेंद्र राजेश चूड़ीवाल शामिल थे। वही, भगवान आदिनाथ स्वामी पर हीरामणि देवी चूड़ीवाल, सुशील चूड़ीवाल परिवार ने जलाभिषेक किया। भगवान पारसनाथ स्वामी पर मांगीलाल और अशोक चूड़ीवाल ने जलाभिषेक किया। शांतिधारा में इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, ललित चूड़ीवाल, राजेंद्र कुमार,राजेश कुमार चूड़ीवाल शामिल थे।

निकाली गयी शोभायात्रा, जीयो और जीने दो का दिया संदेश

महावीर जयंती को लेकर श्री दिगंबर जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा थाना चौक, गोला रोड, चट्टी बाजार, लोहार टोला, शिवाजी रोड, सुभाष चौक होते हुए पुनः दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा में आकर्षक का केंद्र झांकी थी। भगवान महावीर का दिव्य संदेश से आज पूरे शहर में नारा दिया गया। अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है। अतः हमें "जीओ और जीने दो" के संदेश पर कायम रहना चाहिए। महावीर स्वामी के पंचशील सिद्धांत जिसमें अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, सत्य और अपरिग्रह शामिल हैं। भगवान महावीर का आत्म धर्म जगत की प्रत्येक आत्मा के लिए समान था। उनका कहना था कि हम दूसरों के प्रति भी वही व्यवहार व विचार रखें जो हमें स्वयं को पसंद हों। उन्होंने न केवल इस जगत को मुक्ति का सन्देश दिया, अपितु मुक्ति की सरल और सच्ची राह भी बताई।

शोभायात्रा का सामाजिक संगठनों ने किया स्वागत

शोभायात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के द्वारा शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान रोटरी रामगढ़ सेंट्रल, श्याम अरदास कीर्तन परिवार, मारवाड़ी धर्मशाला समिति, रानी सती दादी मंदिर, मारवाड़ी युवा मंच और सिख समाज ने शोभा यात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन पाटनी, सचिव सचिव नागरमल गंगवाल, कोषाध्यक्ष जंबू जैन, नरेंद्र छाबड़ा, जीवन मल जैन,राजेंद्र चूड़ीवाल, मांगीलाल चूड़ीवाल, आनंद जैन, अजय जैन, राहुल जैन पाटनी सहित कई लोग मौजूद थे।

ओरमांझी से अमाल खान के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे उलगुलान रैली में

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

ओरमांझी : चिलचिलाती धूप और आसमान से बरसते आग के बावजूद रांची के प्रभात तारा मैदान में इंडी गठबंधन की उलगुलान रैली में लोगों की भीड़ उमड़ी। ओरमांझी से लगभग पांच सौ गाड़ियों में भरकर आए झामुमो कांग्रेस के कार्यकर्ता हेमंत सोरेन जिंदाबाद और भाजपा मुदार्बाद के नारेबाजी करते हुए मंच की तरफ आगे बढ़ रहे थे। सबसे खास बात यह है कि सभी लोगों ने हेमंत सोरेन फेस मास्क को अपने चेहरे में लगा रखा था। ओरमांझी से आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं का नेतृत्व जिला प्रवक्ता अमाल खान कर रहे थे। कांग्रेस कार्यकर्ता अपने जिला प्रवक्ता के साथ मंच की तरफ आगे बढ़ रहे थे। सैकड़ों कार्यकर्ता धूप से बचने के लिए अपने हाथ में छतरी लेकर पैदल चल रहे थे। कार्यकताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। वहीं जिला प्रवक्ता अमाल खान ने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता भाजपा के प्रति आक्रोशित हैं। अपने नेता को न्याय दिलाने और भाजपा के खिलाफ लड़ाई को और तेज करने के लिए इस उलगुलान रैली में लोग आए हैं। उन्होंने कहा कि आज यहां से पूरे देश में इंडी गठबंधन के नेता भाजपा के खिलाफ चुनावी शंखनाद करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से प्रखण्ड अध्यक्ष तुलसी खरवार, अशोक गुप्ता,तौहीद आलम, रहीम अंसारी,सफीउल्लाह अंसारी,सुरेश साहू, प्रेमनाथ मुंडा, हरिमोहन महतो, सुधा देवी, राजू मुंडा आदि मुख्य रूप कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एक झलक

जगन्नाथपुर में युवक ने भगवान की प्रतिमा को किया खंडित, गिरफ्तार

रांची : जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के मौसीबाड़ी गोलचक्कर के पास शनिवार देर रात एक युवक ने भगवान हनुमान की प्रतिमा को खंडित कर दिया। सावल से युवक ने भगवान हनुमान के हाथ को तोड़ दिया। हालांकि इस दौरान स्थानीय लोगों को इसकी सूचना मिल गयी। इसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहयोग से आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले को लेकर मंदिर के अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने जगन्नाथपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज करवायी है। साथ ही आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। थाना प्रभारी हरदेव प्रसाद ने बताया कि युवक मानसिक रूप से बीमार है। उसे पकड़ लिया गया है। उसे पहले रिनपास भेजा जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पढ़ाई, दवाई और न्याय हमारा मूल एजेंडा : सुदेश महतो

रांची : स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स संस्थान के इलेक्शन ऑन व्हील्स कार्यक्रम के तहत देश के अलग-अलग राज्यों से होकर रांची पहुंचे युवाओं ने हरमू स्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में रविवार को आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो से मुलाकात की। इस दौरान सुदेश महतो ने राज्य को विकसित बनाने को लेकर रोडमैप और झारखंड के गौरवशाली इतिहास पर विस्तृत चर्चा की। भारत के 18 राज्यों से आए विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े युवा प्रोफेशनल्स से बातचीत के इस सत्र में युवाओं ने राज्य के राजनीतिक परिदृश्य, पार्टी के गठन के साथ साथ राजनीति और झारखंड आंदोलन से जुड़े विषयों पर सुदेश महतो से सवाल पूछे, जिसका उन्होंने बारी-बारी से जवाब दिया। सुदेश महतो ने अपने राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अस्तित्व, भाषा, विचार, कला व संस्कृति की हिफाजत के लिए अलग राज्य की लड़ाई में शामिल हुआ। फिर जनता के विश्वास के साथ चुनाव में जीत हासिल की। इसके साथ उन्होंने अपने राजनीतिक सफर और संघर्ष के विभिन्न पहलुओं से युवाओं को अवगत कराते हुए इस बात पर जोर दिया कि इसके केंद्र में रहा जनसेवा। महतो ने कहा कि राजनीति को एक दिन में नहीं समझा जा सकता है। यह सभी चीजों का केंद्र है। जिज्ञासा से राजनीतिक स्तर में अंतर लाना संभव है। विकास के मानकों पर झारखंड को देश में टॉप फाइव में शुमार करने की दिशा में काम करना है। राज्य में चिमनी के धुएं से ही सिर्फ रोजगार मिलेगा यह जरूरी नहीं है। यहां पर्यटन के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं है। अपने लोगों के पलायन को रोकना, रोजगार के अन्य विकल्प तैयार करना, एक मौसम नहीं साल भार खेती हो ऐसी हमारी तैयारी है। राज्य को उसकी हैसियत पर खड़ा करना हमारा लक्ष्य। पढ़ाई, दवाई और न्याय हमारा मूल एजेंडा है।

उलगुलान महारैली में शामिल होने के लिए 1000 से अधिक कार्यकर्ता पहुंचे प्रभात तारा मैदान

रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर समिति के पूर्व सचिव युवा नेता अरुण वर्मा के नेतृत्व में उलगुलान महारैली में शामिल होने के लिए रांची खादगढ़ा सब्जी मंडी पहाड़ी मंदिर के समीप से 1000 से अधिक कार्यकर्ता बाइक ऑटो कार में सवार होकर प्रभात तारा मैदान पहुंचे। रैली में मुख्य आकर्षण का केंद्र बड़े-बड़े कट आउट हाथ में लिए कार्यकर्ता थे जिसमें तरह-तरह के स्लोगन लिखे हुए थे। रेल बेच दो तेल बेच दो मोदी जी भेल बेच दो जो आपके खिलाफ आवाज उठाएं हेमंत सोरेन अरविंद केजरीवाल को जेल भेज दो, जेल का फाटक टूटेगा हेमंत सोरेन अरविंद केजरीवाल छूटेगा। रैली में मुख्य रूप से अरुण वर्मा विक्रम सिंह सुजीत कुजूर विक्रांत विश्वकर्मा सत्येंद्र वर्मा अजय शर्मा रमेश मिस्त्री मोहम्मद नाजिम शाह हसन अंसारी अजय वर्मा के साथ अन्य सैकड़ो कार्यकर्ता साथ रहे।

इतिहास से सबक लेकर हम बेहतर भविष्य बना सकते हैं : हरिवंश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : आज दुनिया में सबसे बड़ी होड़ टेक्नोलॉजी को लेकर है। मॉडर्न टेक्नोलॉजी आज आपको कंट्रोल कर रही है। जब दुनिया तोप से लड़ रही थी, तब आपके हाथ में तलवार थी, नतीजतन आप युद्ध हार गये। इतिहास से सबक लेकर हम बेहतर भविष्य बना सकते हैं। यह कहना था राज्यसभा के उप सभापति सह वरिष्ठ पत्रकार हरिवंश का। वे शनिवार शाम रांची प्रेस क्लब में बसंत हेतमसरिया की पुस्तक '1940: विश्वयुद्ध और बढ़ते अलगाव के साये में स्वतंत्रता आंदोलन' पुस्तक का विमोचन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। पुस्तक की

■ रांची प्रेस क्लब में बसंत हेतमसरिया की पुस्तक का किया विमोचन

तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि यह पुस्तक आपका साक्षात्कार इतिहास से करवाती है। यदि हम इतिहास से सबक नहीं लेते तो हमारा भविष्य भी संकट में पड़ता है। श्री हरिवंश ने कहा कि रामगढ़ कांग्रेस अधिवेशन में शामिल बड़े नेताओं ने 1940 में जिन मुद्दों पर चिंता जताई थी, कालांतर में वो सभी कुछ घटित हुआ और सबलोग देखते रह गये। उन्होंने कहा कि गांधी जी चाहते थे कि वे एक अनुशासित कांग्रेस बनाएं, जो उसूलों पर चलें,



लेकिन वे बना नहीं पाए। उन्होंने कहा कि पहले नेताओं को अपनी बात सुनाने के लिए कार्यकताओं को बुलाने की जरुरत नहीं पड़ती थी, लोग स्वतः अपने नेताओं को सुनने चले आते थे, लेकिन आज परिस्थितियां बदल चुकी है। पुस्तक विमोचन समारोह में आए अतिथियों का स्वागत करते हुए लेखक बसंत हेतमसरिया ने बताया कि रामगढ़ में पैदा होने के कारण 1940 का रामगढ़ कांग्रेस अधिवेशन उनको हमेशा रोमांचित करता था। लेकिन उन्होंने पाया कि इस विषय पर बहुत कम लेखन हुआ था। इस कारण उन्होंने तत्कालीन समाचार पत्रों को पढ़कर और लगभग पांच दर्जन पुस्तकों को खंगालकर इस पुस्तक को तैयार किया है, जिसमें 1940 के रामगढ़ कांग्रेस के महत्व और उस वर्ष स्वतंत्रता आंदोलन की दिशा से आनेवाली पीढ़ी को रूबरु करने की कोशिश की है। पुस्तक चर्चा करते हुए विनोबाभावे विवि के डीन डॉ. मिथिलेश सिंह ने कहा कि आज विश्वविद्यालयों में इतिहास बनाने की जगह बिगाड़ा जा रहा है। उन्होंने रामगढ़ अधिवेशन पर चर्चा करते हुए कहा कि यदि हम इतिहास से सबक नहीं लेंगे, तो फिर इतिहास को दुबारा से भुगतने के लिए अभिशप्त होंगे। उन्होंने वर्तमान राजनीतिक हालात पर टिप्पणी करते हुए कहा कि आज हम मानसिक रूप से लूले-लंगड़े हो रहे हैं। बुद्धकाल के दौरान वृज्जि संघ का उदाहरण देकर उन्होंने राजनीति में संघे शक्ति की ताकत बताई। डॉ कंजीव लोचन ने पुस्तक चर्चा करते हुए कहा कि हर पन्ने पर नयी जानकारी दी गयी है। उन्होंने बताया कि इस किताब में मैटेरियल हिस्ट्री पर बहुत ध्यान दिया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही राज्य की पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि इतिहास की जानकारी रहने पर हम उन गलतियों को दुहराने से बच सकते हैं, जो पहले कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के साथ हमें खुद को अपडेट करना होगा, तभी हम सफल हो सकेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ संपादक विष्णु राजगढ़िया, विनय सरावगी, आरके चौधरी, एलआर सैनी, प्रदीप तुलस्यान, किशोर मंत्री, अरुण बुधिया, सुशील उराँव, प्रभाकर अग्रवाल, प्रकाश देवकुलिश, पंकज मित्र, मुकेश तनेजा, शरदेन्दू नारायण, वीके गढयाण, समेत रांची विवि, विनोबा भावे विवि और बीआईटी सिंदरी के प्रोफेसर, लेक्चरर सहित काफी संख्या में शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।

जैन श्वेताम्बर श्री संघ, रांची ने भगवान महावीर का धूमधाम से मनाया 2623वां जन्म कल्याणक महोत्सव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

राची : रविवार को सुबह श्वेताम्बर जैन मंदिर डोरंडा से सुबह 9:00 बजे भगवान महावीर की शोभायात्रा धूमधाम से गाजे बाजे के साथ निकली। श्रद्धालुओं द्वारा जगह जगह पर अक्षत एवं नारियल अर्पण करके भगवान का स्वागत किया गया। जिसमे गायक अक्षय सेठिया ओर भजन मंडली के द्वारा भगवान महावीर के भजनों को सुनकर लोग झूम रहे थे। शोभा यात्रा जैन मंदिर डोरंडा से निकलकर ए. जी. मोड़, हाइकोर्ट होते हुए वापस मंदिर पहुंची। इस वर्ष की शोभायात्रा में महिलाओं, बच्चों एवं समाज के लोगों द्वारा काफी संख्या में उत्साह पूर्वक भाग लिया गया। तत्पश्चात मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जिसमें भगवान महावीर के जन्मोत्सव की झलकियां दिखायी गयी। भगवान महावीर के संदेश को घेवर चंद नाहटा, अमरचन्द बैंगानी, उत्तम चोरडिया, आदि द्वारा बताया गया। महिलाओं और बच्चों के द्वारा नाट्य मंचन एवं नृत्य के माध्यम से भगवान महावीर के जीवनी एवं आदर्शों के बारे में बताया गया जिसमे मुख्य रूप से संतोष बैंगानी, सोनल नाहटा, प्रीति रामपुरिया, खुशबु दस्सानी, पूजा नाहटा, सोनू पारख, नेहा बैंगानी, भावना बैंगानी, दिशा बैंगानी, शालिनी बेगवानी, प्रीति बोथरा आदि ने गीत तथा मनमोहक नृत्य पेश किया। तेरापंथ युवक परिषद एवं श्रंगार समिति के द्वारा शोभा यात्रा में जूस-पानी के सेवा की व्यवस्था की गई थी। मंच का संचालन खुशबु बोथरा, रिद्धि बांठिया ने किया। दोपहर 2 बजे से स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम की समाप्ति हुई। संघ के अध्यक्ष संपत लाल जी रामपुरिया, सुभाष चंद बोथरा ने सभी को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

श्री श्री मंडा पूजा समिति बूटी की मंडा पूजा को लेकर बैठक

सर्वसम्मति से राम ओहदार को पुनः अध्यक्ष चुना गया

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : श्री श्री मंडा पूजा समिति बूटी ने रविवार को आगामी मंडा पूजा के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक मंडा मंदिर प्रांगण में किया गया, जिसमें आने वाली वैशाख (बुद्ध) पूर्णिमा 23 मई 2024 दिन गुरुवार से आयोजित मंडा पूजा को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से राजेंद्र ओहदार, फुलेश्वर महतो, रामेश्वर प्रसाद, अशोक ओहदार, एवं गांव के गन्यमान लोगों कि उपस्थिति में विचार विमर्श किया गया, जिसमें बताया गया कि आगामी मंडा पूजा की शुरूआत पाट पूजा से होगी,23 मई को लोटन सेवा, रात्रि में 8 बजे फूलखुंदी एवं छऊ नृत्य का कार्यक्रम होगा, और 24 मई को दिन में

भोक्ता झूलन एवं रंगा रंग आधुनिक नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन होगा। बैठक की अध्यक्षता श्री ललकु महतो जी के द्वारा किया गया। पूजा को संचालन करने के लिए सर्वसम्मति से एक समिति का गठन किया गया।

समिति इस प्रकार है

अध्यक्ष : राम ओहदार

कार्यकारी अध्यक्षः अमर महतो

महासचिवः श्री हेमन्त ओहदर

उपाध्यक्षः कपिल महतो, जयकिशोर नायक, अजीत महतो , धर्मेश ओहदार, बबलू भंडारी, पवन ओहदार

कोषाध्यक्षः लिखेश्वर ओहदार

सह कोषाध्यक्षः मनोज कुमार, उमेश कुमार

सचिवः कर्मदेव बैठा, अविनाश कुमार, रजनीकांत ओहदार, सत्यम कुमार, विनय महतो,

सह सचिवः अजय नायक, पुनीत कुमार, राजन महतो, देवेन्द्र महतो निखिल ओहदार, शिवम ओहदार, कुणाल महतो,

मीडिया प्रभारी : मनीष कुमार, देवाशीष महतो, सौरभ कुमार

संगठन मंत्रीः अजीत ओहदार, करण कुमार , विजय कुमार, सतीश महतो, मुकेश कुमार, पंकज राज

कार्यकारी सदस्यः पवन कुमार, रोहन कुमार, नितेश महतो, चंचल महतो, कुशल महतो, कुणाल ओहदार, पंकज ओहदार, जोशी ठाकुर, सुरेन्द्र महतो, अभिषेक नायक, आलोक राज , बबलू मरांडी एवं समिति के सभी सदस्य।

नि :शुल्क जांच शिविर लगाया

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : जेसीआई रांची यूथ और शल्बी डिवाइन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में मोरहाबादी मैदान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने बताया की शिविर मे लगभग 150 लोगो का निःशुल्क स्वास्थ्य का परीक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर का लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने लिया है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।शिविर में डॉक्टर आर.के उपाध्याय ने बीपी शुगर हृदय, उच्च रक्तचाप,टॉयफायड, शुगर,रोग तथा अन्य बीमारियों के मरीज का निःशुल्क जाँच किया गया। रक्तचाप,मधुमेह की जाँच अधिक मात्रा हुई और मुफ्त मे दवाइयों का वितरण किया गया। मेडिकल टीम मे आए जनरल फिजीशियन डॉक्टर आर.के उपाध्याय ने शिविर मे उपस्थित को महत्वपूर्ण जानकारी मे उन्होंने बताया कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए 1 घंटे का व्यायाम बहुत जरूरी है पूरे 24 घंटे में आप 23 घंटे अपने काम में लगा लीजिए परंतु शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सुबह एक घंटा अपने शरीर को जरूर दीजिए जिसमें चलना, दौड़ना, खेलना, व्यायाम करना, साइकलिंग इत्यादि शामिल है।

मोदी ने अपने कार्यकाल में असंभव कार्य को संभव कर दिखाया : संजय सेठ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रांची के सांसद संजय सेठ ने आज रांची के लालपुर, गोंदा, मंडल के विभिन्न सोसाइटी मे जनसंपर्क अभियान चलाया सांसद सेठ ने कहा नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में पांच सबसे बड़े असंभव कार्य को संभव कर दिखाया स्वच्छता अभियान, तीन तलाक, राम मंदिर का निर्माण, सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 समाप्त, ऐसे पांच असंभव कार्य को नरेंद्र मोदी ने संभव कर दिखाया है जो उनके इच्छा शक्ति का प्रतीक है स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के चलते देश के लोगों ने साथ दिया और आज भारत के हर गांव में शौचालय हर शहर गांव गली और चौराहे हमें स्वच्छ नजर आते हैं। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हटाना जम्मू और कश्मीर की जनता 70 साल से धारा 370 की जंजीरों से जकड़ी हुई थी 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने कश्मीर को अनुच्छेद 370 से मुक्ति दिला दी लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित राज्य घोषित किया इससे कश्मीर पंडितों को ही नहीं बल्कि राज्य के हर नागरिकों को अब केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं का भी फायदा मिलने लगा जिससे कई सालों तक कश्मीर के लोगों को वंचित रखा गया। इसी तरह राम मंदिर का निर्माण 5 सालों की प्रतीक्षा का प्रतिफल आज प्राप्त हुआ आज पाकिस्तान के आंख में आंख डालकर भारत बात करता है सर्जिकल स्ट्राइक इसका एक जीता जागता उदाहरण है।

मोबाइल टावर का आठ लाख का मोडम चोरी करते एक गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रांची के मांडर थाना पुलिस ने एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावर पर लगने वाला 3जी और 4 जी हाई स्पीड मोडम को चोरी करने के मामले में गणेश कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपित बिहार के पटना का रहने वाला है। इसके पास से आठ लाख कीमत का 3जी और 4 जी का हाई स्पीड मोडम एवं तीन पीस रिंच बरामद किया गया है। मांडर थाना प्रभारी राहुल ने रविवार को बताया कि काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि रांची क्षेत्र में अज्ञात चोरों के जरिये एयरटेल और अन्य टावर से 4 जी हाई स्पीड मोडम को चोरी कर लिया जा रहा है। सूचना के बाद वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार अज्ञात चारों को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन किया गया । टीम को अनुसंधान के क्रम में सूचना मिली कि मांडर थाना अंतर्गत महुआजाड़ी में भी टावर से 4जी हाई स्पीड मोडम की चोरी की जा रही है। त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम उक्त स्थान पर पहुंची। वहां पहुंची टीम ने एक व्यक्ति को टावर से 4जी हाई स्पीड मोडम की चोरी करते हुए पाया।

राणी सती सेवा समिति ने लगाया रक्तदान शिविर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : श्री राणी सती सेवा समिति के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन दुर्गा मंदिर आधारतल बकरी बाजार, कार्ट सराय रोड, रांची में प्रातः 10:30 बजे से 3:30 बजे तक किया गया रक्तदान शिविर का शुभारंभ गणेश जी महाराज एवं श्री राणी सती दादी जी को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया आज के रक्तदान शिविर में कुल 54 रक्तवीरों ने अपना रक्तदान कर शिविर को सफल बनाया सभी रक्तदाताओं को नागरमल मोदी सेवा सदन एवं श्री राणी सती सेवा समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। नागरमल मोदी सेवा सदन के रमेश धरणीधरका एवं भारतीय युवक संघ बकरी बाजार के पदाधिकारीगण को पुष्पगुच्छ देकर उनका सम्मान किया गया। अध्यक्ष किशन मोदी ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए नागरमल मोदी सेवा सदन ब्लड बैंक की टीम ने हमारा सहयोग किया। रक्तदान शिविर के संयोजक राजीव गोयनका एवं मनीष लोधा थे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजेश बुधिया, उपाध्यक्ष प्रदीप राजगढ़िया, सचिव कुशल थरड, कोषाध्यक्ष अंकुर डागा, सहसचिव सौरभ केडिया, कमल खेतावत, कमल अग्रवाल, अमित सोनी, मनोज अग्रवाल, गुड्डू सिंघानिया, प्रदीप जालान, राजा भालोटिया, सतीश गाड़ोदिया, गुड्डू सिंघानिया, अजीत अग्रवाल एवं कई सदस्यों ने अपना सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

146वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारा सत्संग, सुमरिन व सेवा के साथ हुआ सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : एम.आर.एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट रांची एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान में कटहल मोड रोड पुंदाग स्थित निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण मे स्थित (श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर) पुंदाग ळ.ड.ढ. के पीछे, पुंदाग, रांची में प्रत्येक रविवार को होनेवाला 146वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारा सत्संग, सुमरिन और सेवा के साथ बहुत ही भक्तिमय माहौल मे सम्पन्न हुआ। स्व. शैला सर्राफ की पुण्य स्मृति में 1300 श्रद्धालुओं ने 146 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया। आज के

यजमान पुर्णमल सर्राफ अनमोल सर्राफ प्रिया नेमानी और भी आये हुए सभी यजमान को संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने अंगवस्त्र दिया सचिव मनोज कुमार चौधरी अन्नपूर्णा भंडारे की श्री राधा- कृष्ण भगवान की तस्वीर कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान ने सभी को अष्टधातु से तैयार किये गये हार पहना कर एवम संस्था के सदस्य नन्द किशोर चौधरी ने भगवान के विग्रह के खजाने से सभी यजमान को भगवान का खजाना भेट स्वरूप देकर सम्मानित किया। पड रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए विधा देवी अग्रवाल के सौजन्य से आये हुए सभी श्रद्धालुओं को बोतलबंद (जलजीरा) का शर्बत वितरण किया गया। बॉम्बे बेफर्स के विशाल जी जालान द्वारा भंडारे का प्रसाद ग्रहण करनेवाले सभी श्रद्धालुओ को 1 पैकेट मिक्चर का वितरण किया गया। पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं परमहंस भागवत भास्कर संत शिरोमणि डॉक्टर श्री श्री 1008 श्री सदानन्द जी महाराज जी के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 145 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। रविवार को 146वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपनी स्वड्ड धर्म पत्नी शैला सर्राफ की स्मृति मे संस्था के वरिष्ठ सदस्य श्री पुर्णमल सर्राफ उनके पुत्र अनमोल सर्राफ बेटी दमाद प्रिया पंकज नेमानी, पायल भाष्कर हिम्मत सिंहका और उनके परिवार के सौजन्य से की गई।

रन फॉर डेमोक्रेसी का हुआ आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत रविवार को रन फॉर डेमोक्रेसी (मिनी मैराथन) का आयोजन किया गया। रांची के मोरहाबादी मैदान से मिनी मैराथन की शुरूआत हुई। रन फॉर डेमोक्रेसी के बाद मोरहाबादी मैदान में डीजे इवेंट का भी आयोजन किया गया, जिसमें मतदाता जागरुकता से संबंधित गीतों एवं धुनों पर युवा जमकर झूमे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर मिनी मैराथन की शुरूआत की। मिनी मैराथन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के साथ उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने भी दौड़ लगायी। उन्होंने मैराथन के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए संदेश दिया कि मतदान करने जरूर जाएं। मतदान करने से देश मजबूत होता है और लोकतंत्र के इस महापर्व में हमारी हिस्सेदारी सुनिश्चित होती है। रवि कुमार ने कहा कि हम सभी एक दूसरे को मतदान के प्रति जागरूक करें। पूरे परिवार के साथ लोकतन्त्र के महापर्व में उत्साह के साथ अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सरकारी तथा निजी संस्थानों में सवैतनिक अवकाश भी रहेगा। इसका सार्थक उपयोग करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है। मैराथन में शामिल युवाओं ने मोरहाबादी मैदान के चारों ओर तीन चक्कर लगाया। पुरुष वर्ग में पवन सिंह ने प्रथम, विकेश कुमार ने द्वितीय तथा अनूप उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में ममता कुमारी को पहला, नीता कुमारी को दूसरा तथा शीतल कुमारी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, एडिशनल सीईओ संदीप सिंह, डीआईजी अनूप बिरथरे ने पुरस्कृत किया।

साहित्यकार राशिद अनवर राशिद के निधन पर अंजुमन फरोग-ए-उर्दू के तत्वावधान में शोक सभा का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : अंजुमन फरोग ए उर्दू के तत्वावधान में रविवार को मस्जिद जाफरिया, रांची में डॉ राशिद अनवर राशिद के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के कई प्रमुख लेखकों ने अपने विचार व्यक्त किये। राशिद अनवर राशिद पिछले दो साल से बीमारी से पीड़ित थे। उन्होंने 7 अप्रैल, 2024 की सुबह मुंबई के टाटा कैंसर अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनका जन्म 27 मई, 1970 को रांची में हुआ था। छात्र जीवन से ही उन्हें पढ़ने- लिखने का शौक था. उनके लेख देश की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित होते थे। 1999 में उन्होंने अस्थायी रूप से जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली से अपना व्यावहारिक जीवन शुरू किया। वर्ष 2003 में करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर में उन्हें स्थायी रूप से नियुक्त किया गया। उनकी साहित्यिक उपलब्धियां काफी लंबी हैं। कार्यक्रम की शुरूआत मो. दानिश अयाज द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। इसके बाद डॉ. मुहम्मद गालिब नश्तर ने राशिद अनवर राशिद का विस्तृत परिचय दिया। इसके अलावा रांची के राशिद अनवर राशिद के बचपन के दोस्तों में गयासुद्दीन और महफूज जावेद ने अपने स्कूल के दिनों की यादें साझा कीं। मौलाना सैय्यद तहजीबुल हसन रिजवी ने उनकी साहित्यिक उपलब्धियों को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

जैन समुदाय ने निकाली महावीर जयंती की भव्य शोभायात्रा

- जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जीवन ही उनका सबसे बड़ा संदेश है : चंद्र प्रकाश जैन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
हजारीबाग : हजारीबाग की पावन धरती पर जैन समुदाय के द्वारा महावीर जयंती के पावन पर्व पर भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। जिसका सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा के बड़ा बाजार चौक के समीप जैन समुदाय के महामंत्री पवन जैन अजमेरा, सयुक्त महामंत्री, कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य टोनी जैन, एवं स्वरूप चंद्र सहित कई बड़े पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात जुलूस में शामिल तमाम महिलाएं,पुरुष एवं बच्चों के बीच जूस एवं पानी की बोतल का वितरण किया गया। जिसके पश्चात सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शोभायात्रा में शामिल महावीर स्वामी की तस्वीर का दर्शन कर उनसे आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात जैन समाज के बड़े पदाधिकारियों के द्वारा हजारीबाग यूथ विंग के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों का अभिनंदन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान जैन समुदाय के सभी सदस्य महावीर स्वामी की जय कारे लगाते हुए शोभा यात्रा का आनंद ले रहे थे। तो वही शोभायात्रा में महिलाएं लाल पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता पजामा में शामिल हुए और शोभायात्रा का भरपूर आनंद ले रहे थे, तो वहीं बच्चे भी शोभायात्रा में आनंदित होकर घूम रहे थे और ईश्वर की आराधना कर रहे थे। कार्यक्रम को विशेष सफल बनाने में हजारीबाग यूथ विंग के अभिभावक स्वरूप सुरेंद्र खंडेलवाल, संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केशरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी, अभिषेक पांडे,प्रणीत जैन, हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक की सुपुत्री वर्षा जैन,अजय यादव सहित कई लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जीवन ही उनका संदेश है। उनके सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अस्तेय आदि उपदेश एक खुली किताब की तरह है। जो सत्य परंतु आम आदमी को कठिन प्रतीत होते हैं। मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के सचिव संजय कुमार एवं उपाध्यक्ष विकास केसरी ने संयुक्त रूप से महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैन समाज द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष पर निकाला गया भव्य शोभायात्रा जिसका स्वागत व अभिनंदन करने का हम सभी हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सौभाग्य प्राप्त हुआ। महावीर स्वामी की कृपा से। हम सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों पर महावीर स्वामी का आशीर्वाद सदैव बना रहे।

दि आर्ट ऑफ लिविंग हजारीबाग ने किया भगवान महावीर की रथ का स्वागत

हजारीबाग : दि आर्ट ऑफ लिविंग हजारीबाग इकाई ने महावीर जयंती के अवसर पर जैन समाज द्वारा निकाले गये जुलूस का स्वागत स्थानीय बंगाली दुर्गा स्थान चौक पर किया।जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत शर्बत एवं पानी से किया गया।साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान संदेश को प्रसारित-प्रचारित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में तुषार सेठी, दीपक पसरीचा, साहेब सोनी, डॉ अविनाश कुमार मिश्रा, सरिता अग्रवाल, शांति लाल अग्रवाल, मुन्ना तिवारी, शाहनवाज हुसैन, तन्मय सोनी, ओम सोनी, भोला गुप्ता, राकेश ठाकुर (जदयू), संजय गुप्ता (जे एम, एम), सरफराज हैदर (बीजेपी) पीयुष सोनी, कविता ठाकुर, शैलेश पाण्डेय, अपील, मोनु सोनी, विक्की सोनी, प्रेम कुमार एवं अन्य स्वयंसेवकों का योगदान सराहनीय रहा।

मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम पंचायत गाल्होबार स्थित पंचायत सचिवालय भवन में रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव हेतु मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आगामी लोकसभा 2024 को लेकर मतदाताओं को अपने मताधिकार के लिए जागरूक करने के साथ-साथ निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए मुखिया मंजू देवी ने अपने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक रखी। बैठक में उपस्थित जलसहिया, स्वास्थ सहिया, कृषक मित्र एवम आंगनवाड़ी सेविकाओं को एक साथ शपथ दिलाया गया और कहा गया की हम सभी अपने दायित्व को निभाते हुए 80% मतदान कराने कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम में पंचायत सचिव जगनारायण राम, वार्ड सदस्य बसंत नायक, जागेश्वर, रामलाल महतो रामलखन पांडे, सूरज पाठक, गोविंद राम, स्वस्थ उपकेंद्र के प्रिंस कुमार, एएनएम यशोदा कुमारी, प्रज्ञा केंद्र के डेगलाल महतो, नेहरू युवा केंद्र के सुधीर रजक, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, छोटी शर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो की मौत, दो घायल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
चौपारण : चौपारण प्रखंड अंतर्गत पंचायत बसरिया ग्राम हथिया निवासी सागर कुमार की मौत सड़क दुर्घटना में सोमवार अहले सुबह को हो गई। घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि वह अपने बाईक (स्कूटी) से अपने ससुराल से घर वापस लौट रहा था की सवईया पुल के अज्ञात वाहन ने उसे अपने चपेट मे ले लिया,जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। इधर घटना की खबर सुनकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सुबह पोस्टमार्टम के लिए आपदा एम्बुलेंस से चालक शक्ति के द्वारा हजारीबाग ले जाया गया पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाया गया और दाह संस्कार किया गया। घटना की खबर सुनकर बरही विधायक उमाशंकर अकेला उसके घर पहुंचे और दुःख व्यक्त किया। साथ ही हर संभव मदद का दिया भरोसा। वहीं दुसरी घटना दैहर पंचायत के ग्राम हथिन्दर की है। तीन युवक सुबह अपने गांव हथिन्दर मोटरसाइकिल से इटखोरी की ओर जा रहे थे, अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमे एक युवक की मौत मौके पर ही हो गई। दूसरा रामचन्द्र भुइयां के पुत्र को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया। तीसरा युवक का इलाज हजारीबाग सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

बांध में ट्रैक्टर गिरने से चालक की हुई मौत

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बनासो स्थित कुबरी बांध में ट्रैक्टर गिरने से चालक की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार की रात की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात ट्रैक्टर के बांध में गिरने से चालक अरुण कुमार उम्र 18 वर्ष की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। बताया गया कि चालक खाली ट्रैक्टर लेकर गाल्होबार की ओर से बनासो की तरफ आ रहा था उसी क्रम में उसकी आंख लग जाने से ट्रैक्टर अनियंत्रित हो कर तालाब (बांध) में जा गिरा। जिससे उसकी मौत हो गई। चालक गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत चिदरी पंचायत के कदमा का निवासी बताया गया।

बरही में जाम होने से जनता को हो रही परेशानी, प्रशासन भी परेशान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
बरही : जाम समस्या का समस्या दिनों दिन गहराता जा रहा है वहीं लोगों को रोड पर करने में काफी समस्या उठानी पड़ रही है। इसी को देखते हुए युवा नेता सूरज दास ने कहा कि इस समस्या का एक ही हल है जनता गरीब को नेता चुने। क्योंकि यहां के नेता निकम्मा हैं बरही में जाम की समस्या पर मौन रहते हैं। इसलिए कहते हैं नेता चुनिए मालिक नहीं। हम दुआ करते हैं कि इस जाम में नेता जी का गाडी भी फंस जाए लेकिन ऐसा नहीं होगा। इस जाम से आम जनता को ही परेशानी होती है और होगी। बरही के शासन और प्रशासन दोनों की कमी और लापरवाही से बरही में जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। आम जनता के परेशानी से इनलोगों को कोई लेना देना नहीं है। यह भी कहा कि बरही के इस जाम समस्या के काफी चिंतित हूं।

कार्यकर्ताओं के साथ सांसद अन्नपूर्णा देवी ने की बैठक, कहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत बनायें

बैठक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
जयनगर : प्रखंड के कन्द्रपडीह पंचायत के विभिन्न गांवों में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी ने रविवार को मतदाताओं एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर विचार-विमर्श किया। वहीं सांसद अन्नपूर्णा देवी ने सबों से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए 20 मई को कमल फूल पर बटन दबाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत बनाएं। मौके पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश यादव, भाजपा जिला मंत्री सुधीर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी, यमुना यादव, मुखिया संजय साव, मिडिया प्रभारी दीपक वर्णवाल, पप्पू साव, अजय यादव, नागो साव, सूरज मनोज साव, किशुन रजक, अर्जुन यादव, बासुदेव यादव, दशरथ मोदी, तिलक यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

कॉमरेड स्व. नरेश पटेल की 15वीं पुण्यतिथि मनी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मड़मो में रविवार को संघर्षशील समाजसेवी कॉमरेड स्व० नरेश पटेल की 15वीं पुण्यतिथि मनाई गई। उनके पैतृक आवास पर स्थिर प्रतिमा में पुष्पांजलि अर्पित कर आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन रखा गया और 15वीं पुण्यतिथि मानते हुए गांव के संघर्षशील समाजसेवी को नमन किया गया। इस मौके पर स्व० नरेश पटेल की मां, उनके बड़े भाई रामेश्वर महतो, भतीजे रामप्रसाद महतो, बंटी राज, बेटे शिवनंदन पटेल, रिशभ प्रसाद, ललिता कुमारी, सावित्री देवी साथ ही साथ गांव के समाज सेवी टहल महतो, धनश्याम महतो, फुलचंद पटेल, राजेन्द्र कुमार महतो, कारुलाल महतो, हरीलाल महतो, अरविंद राज मेहता, विरेन्द्र महतो, सुनिल कुमार महतो, नितीश कुमार सहित गांव के अन्य लोग उपस्थित रहे।

कटकमसांडी बीडीओ व जन सेवा परिषद के संयुक्त प्रयास से बाल विवाह रुका

कार्रवाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
हजारीबाग/कटकमसांडी : प्रखंड विकास पदाधिकारी सबिता सिंह और जन सेवा परिषद टीम सदस्यों के संयुक्त प्रयास से बाल विवाह रोकी गई। यह मामला पबरा पंचायत ग्राम हरिना की रहने वाली मुस्कान कुमारी पिता संतोष रजक है। जिसकी उम्र अठारह वर्ष से कम थी जिसकी शादी बीस अप्रैल को होनी थी तयारी पूरी कर ली गई सभी मेहमान आ गए थे बारात भी आनी थी इसी क्रम में सीडब्ल्यूसी में इसकी सूचना मिली तत्पश्चात बीडीओ को सूचना दी गई जिससे बीडीओ सबिता सिंह समय ना गवाते हुए पुलिस दल बल के साथ उस लड़की के घर पहुंची। मां बाप और प्रशासन के बीच बॉन्ड करवाया गया और शादी रोक दी गई। सदी रोकने का आश्वासन मिलने के बाद उसके परिवार के सदस्यों को छोड़ा गया। प्रखंड की बीडीओ ने कही की बाल विवाह एक कानूनी अपराध तथा सामाजिक कुरीति भी है जिसे किसी भी कीमत पर बंद होना चाहिए प्रखंड में कहीं भी बाल विवाह का मामल आएगा तो रोकेंगे और विधि सम्मत करवाई भी होगी। जन सेवा परिषद के सचिव राम लाल प्रसाद कहते है की पिछले वर्षो से ही हमलोग बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन उत्पीडन का मामल को कम करने के लिए जागरूकता अभियान रैली, शपथ, प्रतिनिधि से शपथ इन सभी के माध्यम से संदेश दिया है। इससे पहले भी बाल विवाह के कई मामले रोके है और आगे भी रोकने का प्रयास करेंगे। जन सेवा परिषद के सीएसडब्ल्यू मिथलेश राणा ने जानकारी देते हुए कहा की इस तरह का बाल विवाह का मामला प्रखंड क्षेत्र में नही हो इसे कम करने के लिए जागरूकत अभियान चलाया गया है और आगे भी चलाया जाएगा।

अंग्रेजी शराब के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

सतगावां : थाना क्षेत्र के बिहार जाने वाली मुख्य सड़क महथाखैरा के समीप सतगावां पुलिस ने मोटरसाइकिल सहित अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक को धर दबोचा। रविवार को थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि शनिवार की संध्या गुप्त सूचना मिली थी कि काले रंग का हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल जिसका नंबर बीआर 27टी 62 67 पर अंग्रेजी शराब लेकर बिहार जाने वाला है। सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग दल को खैरा के समीप बिहार के मुख्य सड़क पर लगाया गया और वाहन चेकिंग की गई वाहन चेकिंग के दौरान उक्त मोटरसाइकिल पर जूट के बोरा में रॉयल स्टेक प्रीमियम अंग्रेजी शराब का 750 एम एल का 10 बोतल, 375 एम एल का 6 बोतल, म्यूजिक मोमेंट 375 एम एल का 6 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त किया गया।

प्रखण्ड टॉपर अनिकेत को मनीष जायसवाल व मनोज यादव ने सम्मानित कर बढ़ाया मनोबल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
चौपारण : जैक बोर्ड द्वारा 19 अप्रैल को मैट्रिक बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया। जिसमें प्रखण्ड के लगभग सभी उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं ने उम्दा प्रदर्शन किया। वहीं प्रखण्ड के सिंहपुर में कस्तूरबा जनजागरण समिति द्वारा संचालित डॉ ललन बाबू कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय सिंहपुर व मॉडर्न पब्लिक स्कूल दादपुर के मानव कुमार सिन्हा व अनिकेत कुमार सिन्हा ने मैट्रिक परीक्षा में 473 (94.60 %) अंक लाकर पूरे प्रखण्ड में संयुक्तरूप से टॉपर बने। जनसम्पर्क अभियान के दौरान दादपुर आए सदर विधायक मनीष जयसवाल व बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रखण्ड टॉपर अनिकेत कुमार सिन्हा को मैट्रिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समान्नित कर उसके हौसले को बढ़ाया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकों को भी समान्नित कर उनके मनोबल को बढ़ाया। साथ ही उन्होंने कहा कि गांव के युवाओं में प्रतिभा कूट कूट कर भरी है बशर्ते उन्हें तराशने वाला सही कारीगर होने चाहिए। और यहां के शिक्षक बखूबी अपनी जिम्मेवारियों को निभा रहे है।

आग लगने से चार घर जले, लाखों का हुआ नुकसान

मरकच्चो : प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गगरेसिंगा में देर शाम को आग लगने से घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना में लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते घरों को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। आग की खबर सुन कर गांव के ग्रामीण जमा हो गये। आग बुझाने का प्रयास करने लगे। आसपास में न तो चापानल था और न ही तालाब। घर के बगल कुआं था लेकिन सूखा था। ग्रामीण एकजुट होकर घर के पानी से आग बुझाने का प्रयास करने लगे। चल रही पछुआ हवा के कारण आग भड़क गयी थी। विकराल रूप देख कर ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। अग्निशमन वाहन गांव तक पहुची परन्तु रास्ता संकीर्ण रहने के कारण वाहन घटनास्थल पर नही पहुंच पाई । ग्रामीणों ने कडी मशक्कतके बाद आग पर काबू पाया। वरना कई और घर जल कर राख हो जाता। घटना में चार परिवार केदार साव, गिरजा देवी, माया देवी, सकुन्तला देवी का घर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। पीड़ित परिजनों ने बताया कि घर में रखे हजारों रुपये नकद समेत गहना, कपड़ा खाने पीने की सामग्री, बिस्तर, पुआल, पंखा, चावल दाल आदि सामान जलकर राख हो गया और लाखों रुपये की संपत्ति जल गयी। पीड़ित परिवार ने प्रखंड प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

रामनवमी पर्व शांति व सौहार्दपूर्वक सम्पन्न, इसके लिए पुलिस व प्रशासन बधाई के पात्र : अब्दुल मनान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
बरही : कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने अनुमंडल पुलिस प्रशासन द्वारा रात और दिन के कड़ी परिश्रम के बाद ऐतिहासिक मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम जी का जन्मोत्सव रामनवमी को आपसी एकता, शांति, हर्षोल्लास तथा साम्प्रदायिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न कराए जाने पर प्रशासन व पुलिस प्रशासन कि सराहना करते हुए बधाई के पात्र बताया है। अब्दुल मनान वारसी ने बयान जारी कर कहा है कि बरही व जिले का अंतरराष्ट्रीय रामनवमी सफलतापूर्वक समापन को लेकर जहां एक ओर रामनवमी महासमिति द्वारा विशेष तैयारी की गई थी, वहीं दुसरी ओर रामनवमी संचालन समिति ने रामनवमी के सफल संचालन को लेकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इधर समाजिक संगठन के कार्यकताओं की सक्रियता देखी गई तो उधर शांति समिति के सदस्यों का भी बहुमूल्य योगदान रहा है। सबसे बड़ी बात जिस तरह से रामभक्तों ने अपनी अच्छी सूझबूझ का परिचय दिया है जो काबिल ए तारीफ है, उसके लिए सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

एक झलक

तपती गर्मी का सितम जारी, लोगों की बढ़ी परेशानी

विष्णुगढ़ : गर्मी का बढ़ता सितम जहां जारी है वही विष्णुगढ़ में आज का पारा 40 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। आम तौर पर दोपहर में सड़के सुनी दिखाई पड़ती है, तपती गर्मी का सितम जारी रहने के बावजूद लोगो को शादी विवाह एवं अन्य कार्यो लिए मजबूरन घर से बाहर निकलना हीं पड़ता है। आज की भयंकर गर्मी की वजह से गोविंदपुर खुर्द निवासी उमेश महतो की लू लगने से मौत हो गई। इस घटना की जानकारी देते हुए समाजसेवी हिरामन महतो ने बताया कि मृतक उमेश महतो उम्र 50 वर्ष अपनी पत्नी के साथ बाइक में सवार होकर करीब 03 : 00 बजे सीधाबारा किसी परिजन के यहाँ शादी समारोह में शिरकत को जा रहे थे। हिरामन महतो ने बताया कि मृतक की पत्नी के कथनानुसार गोविंदपुर मंगरो पुल के पास चक्कर और हाथ पांव में खिंचाव की बात कहकर एक पेड़ के नीचे बाइक खड़ी की और सुस्ताने लगे कुछ देर बाद उनकी आंख बंद हो कुछ देर बाद उठाने के बाद नही उठने पर जोर-जोर से रोने लगी आने-जाने वालों ने आकर देखा तो उमेश महतो का शरीर ठंडा पड़ गया था। इस बाबत उमेश महतो के परिजनों ने विष्णुगढ़ के निजी अस्पताल में आत्मसंतुष्टि के लिए उमेश महतो को लाया गया जहां चिकित्सक ने जांचोउपरांत उमेश महतो को मृत घोषित कर दिया। मौत की पुष्टि के बाद मृतक की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। गोविंदपुर गांव के लोग इस आकस्मिक घटना से स्तब्ध है। वही, मृतक अपने पीछे दो बेटे कामेश्वर कुमार उम्र 22 वर्ष, जीतू कुमार उम्र 17 वर्ष और सबसे छोटी बेटी मनीषा कुमारी उम्र 12 वर्ष को छोड़ कर इस दुनिया से चला गया।

बंदियों के बीच जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर

बोकारो : जेल में बंदियों के बीच जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया झालसा रांची के निदेर्शानुसार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनील कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन हुआ. इस जेल अदालत सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम के लिए एक बेंच का गठन किया गया। जिसमें प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी साक्षी श्रीवास्तव और पैनल अधिवक्ता इम्तियाज आलम उपस्थित रहे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साक्षी श्रीवास्तव ने बंदियों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न विधिक सहायता के बारे में बतलाते हुए कहा कि नालसा, नई दिल्ली व झालसा, रांची के द्वारा बंदियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जा रहे हैं। जिनके माध्यम से उन बंदियों को उचित विधिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्रत्येक महीने जेल अदालत का आयोजन किया जाता है। साथ ही उन्होंने बंदियों को जेल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी बताया। वहीं वैसे बंदी जो अधिवक्ता नहीं रखने में असमर्थ हैं, उनके लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के तहत अधिवक्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो उन बंदियों के केस में संबंधित न्यायालय में निरंतर पैरवी करते हैं। वहीं पैनल अधिवक्ता इम्तियाज आलम ने भी बंदियों को कानूनी जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वागत भाषण व मंच संचालन अधिवक्ता सुभाष कटरियार ने किया।

बड़ी बहू ने सास को दिया धक्का, सास की हुई मौत

बोकारो : सिटी थाना क्षेत्र के दुन्दीबाद झोपड़पट्टी में रहने वाली वृद्ध महिला अचेतावस्था में बाजार के सड़क किनारे मिला। पुलिस को सूचना मिलने के बाद उसे तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने यूडी केस दर्ज किया है। बताया जाता है कि मृतका हेमंती देवी हर्ट की मरीज थी, जिसका रांची में इलाज चल रहा था। इलाज के लिए शनिवार को हेमंती देवी ने अपनी बड़ी बहू रेखा देवी से पैसे की मांग की तो बड़ी बहू ने झंझोर कर कहा कि सुबह सुबह पैसे की मांग करते रहती है और धक्का देकर गिरा दिया।

एक झलक

प्रधानमंत्री स्कॉलरशिप योजना में कई स्कूलों के नाम नहीं

बाघमारा (धनबाद): राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के क्षेत्रीय सचिव शिवेश विश्वकर्मा ने जिला शिक्षा पदाधिकारी धनबाद को पत्र लिखकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के पंजीकृत सूची में धनबाद जिले के सरस्वती शिशु मंदिर, श्यामडीह एवं अन्य कई सरकारी एवं मानयता प्राप्त निजी विद्यालय का नाम एनटीए की सूची में पंजीकृत करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन स्कूल का नाम पंजीकृत स्कूलों की सूची में नही रहने से पिछले वर्ष सैकड़ो विद्यार्थियों को इसके लाभ से वंचित होना पड़ा। आगे ऐसा न हो इसके लिए धनबाद डीईओ से उचित कार्यवाही करने की मांग की गई है।

साढ़े आठ केजी गांजा के साथ एक गिरफ्तार

बाघमारा (धनबाद): बाघमारा अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी द्वारा गठित टीम ने शनिवार की देर रात्रि चेकिंग के दौरान एक बाइक के थैले से 4 पैकेट में बंद आठ केजी अवैध गांजा जब्त किया। पकड़े गए युवक गांजा तस्कर की पहचान गोरांग रवानी के रूप में हुई। जबकि दूसरा साथी अंधेरे व झाड़ी का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। बाघमारा एसडीपीओ आनंद ज्योति मिंज ने सिजुआ स्थित अपने कार्यालय में रविवार को प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। पुलिस ने एक रियलमी का मोबाइल, एक टीवीएस राइडर बाइक व लगभग साढ़े 8 केजी गांजा जब्त कर महुदा थाना में कांड संख्या 29/24 दर्ज कर अनुसंधान जारी करते हुये गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बाघमारा एसडीपीओ श्री मिंज ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर सघन छापेमारी व जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें एक तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

निर्धन महिला के गर्भाशय का ऑपरेशन कर 2.5 किलो का ट्यूमर निकाला

सिन्दरी (धनबाद) : चासनाला के दैनिक वेतन भोगी गोपाल मोदी की 35 वर्षीय पत्नी मीना देवी लंबे समय से गर्भाशय के ट्यूमर को लेकर परेशान थी। साधन के अभाव मे मीना देवी का ईलाज नही हो पा रहा था । मीना देवी की पीडा सुनकर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. बिदूशी ने गौशाला के एक निजी क्लिनिक में एनेस्थेटिस्ट डॉ संतोष कुमार के सहयोग से शनिवार को मीना देवी के गर्भाशय का सफल आपरेशन कर 2.5 किलो का ट्यूमर निकाला। डॉ. बिदूशी ने रविवार को मीना देवी का स्वास्थ्य जांच करने के बाद बताया कि मीना देवी पूरी तरह स्वस्थ हैं। उन्होने बताया कि जीवन में पैसा ही सबकुछ नही है, मीना देवी का नि:शुल्क आपरेशन से जो संतुष्टि हुई है वह शब्दो में बयान नहीं किया जा सकता। डॉक्टर बिदुशी ने आपरेशन मे सहयोग करने के लिए बाबा लोकनाथ क्लिनिक और अन्य मेडिकल सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

हस्तलिखित पासबुक अपडेशन डाकघर में ही एंट्री करायें अन्यथा जिम्मेदार स्वयं खाताधारी

धनबाद : केके पॉलिटेक्निक गोविंदपुर पोस्ट ऑफिस में पिछले दिनों हुई करोड़ की हेरा फेरी मामले के आलोक में वरीय डाक अधीक्षक धनबाद उत्तम कुमार सिंह ने एक सार्वजनिक सूचना जारी कर दी है कि डाकघर के तमाम खाताधारी अपनी पासबुक किसी प्रकार का अपडेशन प्रवेश एंट्री आदि डाकघर में आकर विभागीय प्रिंटर पर ही करायें अन्यथा लिखित या मैन्युअल अपडेशन, एंट्री को लेकर किसी प्रकार की गड़बड़ी होती है तो उसका जिम्मेवार स्वयं खाताधारक होंगे। उल्लेखनीय है कि धनबाद डाक मंडल के निरसा स्थित केके पॉलिटेक्निक पोस्ट ऑफिस में पिछले दिनों करोड़ों रुपए की राशि निजी खाते में डालकर घपलेबाजी करने का सनसनीखेज मामला पकड़ा था। चूंकि यह मामला पूरी तरह से केंद्र सरकार के अधीन है ऐसे में वरीय डाक अधीक्षक धनबाद में मामला सीबीआई के अधीन कर दी थी। उक्त मामले में करोड़ों की घपला बाजी उजागर हो चुका है तथा चार चिन्हित डाककर्मी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

सभी छह विस के बीएलओ, सुपरवाइजर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

बीएलओ व सुपरवाइजर का 14 बिन्दुओं पर हुआ प्रशिक्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से विगत तीन दिनों से न्यू टाउन हॉल में धनबाद, झरिया, बाघमारा, निरसा, टुंडी व सिंदरी विधानसभा के बीएलओ व सुपरवाइजर का 14 बिंदुओं पर प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से फॉर्म 12 डी, होम वोटिंग, ए.एस.डी. लिस्ट, वोटर

प्रशिक्षण

इन्फोर्मेशन स्वीप, एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, बूथ अवेयरनेस ग्रुप, स्वीप एक्टिविटी, वोटर फेसिलिटेशन पोस्टर, चुनाव से 2 दिन पहले, 1 दिन पहले और चुनाव के दिन का दायित्व, वोटर हेल्पलाइन एप व सी-विजील एप, ईवीएम, चुनावी पाठशाला इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण सत्र में सभी विधान सभा के एआरओ तथा एईआरओ ने उपस्थित होकर उचित दिशा निर्देश दिए।

धनबाद जिला किकबॉक्सिंग टीम का हुआ चयन

खेल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : रविवार को मेमको मोड़ स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के प्रांगण में संचालित एक्सएमए अकादमी में धनबाद जिला किकबॉक्सिंग टीम का चयन किया गया। प्रतियोगिता में 63 खिलाड़ियों का भागीदारी रही, जिसमे 24 खिलाड़ियों को आगमी 27 - 28 अप्रैल को स्टेट चैंपियनशिप के लिए चयन किया गया। खिलाड़ियों का चयन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं जिला सचिव राज संचू रजवार और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं नेशनल चैंपियन प्रवीण कुमार द्वारा किया गया। चयनित खिलाड़ियों को झारखंड किकबॉक्सिंग अध्यक्ष बीसी ठाकुर ने सर्टिफिकेट देकर समानित किया।

चयनित खिलाड़ियों में प्राची प्रिया, निशा मंडल, अनुराग कुमार, आयुषी कुमारी, मनदीप कौर, राजदीप कौर, आयुष कुमार, प्रिंस कुमार, विश्वजीत, आराध्य, गर्व कुमार, शौर्य शिखर, कुमार उज्ज्वल, सुमित कुमार, कस्तुभ कुमार एवं अन्य। नागेंद्र बारी, संस्कार तिवारी, इंदर कुमार, आदित्य राज ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

राजेन्द्र बालिका उच्च विद्यालय का बेहतर रहा मैट्रिक परीक्षा परिणाम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा (धनबाद) : कतरास स्थित राजेन्द्र बालिका उच्च विद्यालय कतरास की छात्राओं ने एक बार फिर से बोर्ड परीक्षा 2024 मे परचम लहराया है।

95% अंक लाकर शिखा कुमारी विद्यालय की टापर बनी। जबकि 91% लाकर रिया कुमारी दूसरे स्थान एवं 88% के साथ निशु कुमारी तीसरे स्थान प्राप्त की है। वहीं 85% अंकों के साथ नंदनी कुमारी चौथे स्थान पर रही। कुल 167 छात्राएं परीक्षा मे शामिल हुई, जिसमे 70 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी मे 77 छात्राएं द्वितीय एवं 08 छात्राएं तृतीय श्रेणी मे उत्तीर्ण हुई।

प्रधानाध्यापिका सुमन मिश्रा ने विद्यालय की टाप टेन छात्राओं को मिठाई खिलाकर उन्हे बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। इस मौके पर वरीय शिक्षिका दीपाली खातून, स्नेहलता पाण्डे, वीना पाण्डे, रीना गुप्ता, दीपा हजारी, अजित कुमार, सुबोध कुमार, नासिर खान, राकेश सिन्हा, सौमित्र दे, कौशल दुबे आदि उपस्थित थे।

अत्यधिक गर्मी एवं लू को ध्यान में रखते हुए समय सारिणी में बदलाव

- सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं निजी विद्यालयों के समय सारणी में बदलाव.
- वर्ग KG से वर्ग 08 की कक्षाएं सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक होंगी संचालित.
- वर्ग 09 से उपर की कक्षाएं सुबह 07:00 बजे से 12:00 मध्याह्न तक होंगी संचालित.
- धूप में संचालित नहीं की जायेंगी प्रार्थना सभा, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां.
- आदेश दिनांक 22.04.2024 से अगले आदेश तक लागू.

धनबाद : अत्याधिक गर्मी एवं लू को ध्यान में रखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा स्कूलों के समय सारणी में बदलाव का आदेश दिया गया है। इस आलोक में उपायुक्त, धनबाद सुश्री माधवी मिश्रा द्वारा जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं निजी विद्यालयों में वर्ग KG से कक्षा आठ की कक्षाएं सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक एवं वर्ग 09 से उपर की कक्षाएं सुबह 07:00 बजे से 12:00 मध्याह्न तक संचालित करने का निदेश दिया गया है।

उलगुलान महारैली रांची में शामिल हुए झामुमो कार्यकर्ता

बाघमारा (धनबाद) : रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी के नेतृत्व में हजारों हजार की संख्या में कार्यकर्ता रांची के प्रभात तारा मैदान में इंडिया गठबंधन पार्टी के द्वारा आयोजित उलगुलान महा रैली में भाग लिए। उन्होंने कहा कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमीन के केस में लगभग दो तीन महीना से जेल में रखा हैं लेकिन अभी तक आरोप सिद्ध नहीं कर पाये। झामुमो के वरिष्ठ नेता रतीलाल टुडू ने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार से लिप्त हो गई है और विकास के नाम पर लोगों को ठगने का काम कर रही है, जिसका मंसूबाह कभी पूरा नहीं हो सकता है, भाजपा ना तो छात्रों को शिक्षा दे पा रही है ना युवको को रोजगार दिला पा रही हैं। किसानों को भी निराशा ही हाथ लग रही है। कहा कि इस बार भारत की जनता गिन गिन कर हिसाब लेने के लिए कमर कस ली है। रांची में भाग लेने के लिए मुख्य रूप से रंजीत महतो, प्रदीप वर्मा, छत्रपति महतो, शंभू महतो, शनिचर टुडू, रामजी टुडू, रविंद्र महतो, गोविंद महतो, भोलानाथ महतो एवं अन्य शामिल थे।

दिगंबर जैन मंदिर में मना महावीर जन्म महोत्सव, निकली प्रभातफेरी

कार्यशाला

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झरिया (धनबाद) : झरिया पोद्दार पाडा स्थित महावीर जैन मंदिर में रविवार को धूमधाम से महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया एवं शहर में प्रभातफेरी निकली गई। कार्यक्रम की शुरूवात पाना देवी जैन ने मंगलाचरण गा कर की।

वहीं, अजित जैन, मनीष जैन, अनिल जैन ने सामूहिक भगवान महावीर का कलशाभिषेक किया। उसके बाद शहर में प्रभात फेरी निकाली और सपना मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। तत्पश्चात मंदिर के शिखर पर नया ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में महेश जैन, विकाश जैन, हीरा जैन, सोनिया जैन, रेखा जैन, विमला जैन, रिंकी जैन, नीलम जैन, महक, राशि, वंशिका, मानवी, कनिष्का आदि मौजूद थी।

सांसद प्रत्याशी ढुल्लू महतो को ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी ने गुलदस्ता देकर दी बधाई

पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद): रविवार को भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा ग्रामीण जिला धनबाद के अध्यक्ष सह सिन्दरी नगर ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष रविकांत शर्मा ने संयुक्त रूप से अपने मोर्चा के सदस्यों के साथ धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी ढुल्लू महतो को बुके एवं माला पहनाकर बधाई दिया। इस दौरान मोर्चा के आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। रविकांत शर्मा ने ढुल्लू महतो को सिन्दरी नगर ओबीसी मोर्चा के द्वारा कि जा रही तैयारी के विषय पर बताया और उनके जीत में ओबीसी मोर्चा का सर्वाधिक योगदान रहेगा इस बात का भी विश्वास दिलाया।

हज पर जानेवालों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : हज 2024 की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। जिन लोगों का हज पर जाने का नंबर आया है, वे हज की तैयारी कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर दिनांक 21 अप्रैल 2024 को सुबह 9:00 बजे से ईदगाह मस्जिद नया बाजार में हज ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में हज पर जानेवाले मर्द और औरत शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत हाफिज मजहर उल हक ने पवित्र कुरान की तिलावत से की। उसके बाद मौलाना अमीरुद्दीन कासमी ने हज की अहमियत पर बयान दिया। मुफ्ती अब्दुल हई ने हज से जुड़ीं सभी चीजों एवं हज के सही तरीके को विस्तार से बताया। हज के अरकान को किस तरह अदा करना है, इबादत कैसे करनी है, हज के दौरान कितना सामान ले जा सकते हैं, किन चीजों पर पाबंदी है आदि बातें बतायीं। अन्त में दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के आयोजक जावेद इकबाल खान और रियाज अहमद खान ने तमाम मेहमानों का स्वागत किया और प्रोग्राम में शामिल होने पर सभी का शुक्रिया अदा किया। हाफिज अशरफ, नाइब इमाम ईदगाह मस्जिद ने तमाम मेहमानों की सुविधाओं के खास इंतजाम किये थे। सभी मेहमानों को दोपहर का खाना खिला कर रुख्सत किया गया।

मायुमं समृद्धि शाखा की अध्यक्ष बनी ज्योति अग्रवाल, किया पदभार ग्रहण

झरिया (धनबाद) : मारवाड़ी युवा मंच झरिया समृद्धि शाखा की पदस्थापना समारोह होटल क्रिस्टल, धनबाद में संम्पन्न हुई। शाखा अध्यक्ष विनीता लिल्हा ने नव निर्वाचित अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल को पदभार हस्तांतरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मारवाड़ी सम्मेलेन झरिया के राजकुमार अग्रवाल थे, जिन्होंने पूर्व की भाती आने वाले नई कमेटी को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया। प्रान्तीय उपाध्यक्ष अजय तायल और प्रान्तीय सहायक मंत्री विकाश पटवारी ने नई अध्यक्ष और कार्यकारणी को शपथ दिलवाया। कार्यक्रम में प्रान्तीय उपाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, महिला इंटर कॉलेज अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, मारवाड़ी विद्यालय सचिव महेश जलुका और नरेश अग्रवाल, मारवाड़ी महिला समिति अध्यक्ष मीनू गोयल और उनकी टीम, साथ ही मुकेश अग्रवाल और शाखा सदस्य उपस्थित थे।

हनुमान जन्मोत्सव पर एकल अभियान का भव्य श्री राम शोभा यात्रा का आयोजन 23 को

धनबाद : आगामी चैत्र शुक्ल पूर्णिमा, तद्-अनुसार 23 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को मयार्दापुरूसोतम भगवान श्री राम के परम भक्त ऐसे हनुमान जी का जन्मोत्सव, अर्थात हनुमान जन्मोत्सव है। एकल अभियान द्वारा इस बार भी विगत वर्षों के भाती हनुमान जनमोत्सव के शुभअवसर पर दोपहर 4:00 बजे से श्री राम शोभायात्रा धवनि विस्तारक, धार्मिक झंडे एवं ड्रोन कैमरा द्वारा फोटोग्राफी के साथ सौहार्द एवं शांतिरूप में भुइफोड मंदिर से रणधीर वर्मा चौक तक निकाला जाएगा। पूर्व में कार्यक्रम का समय दोपहर 3 बजे से रखा गया था, परंतु प्रचंड धूप को देखते हुए समय को 1 घंटा देर से प्रारंभ करने का निर्णय किया गया है।

ब्रह्मकुमारीज ने एशियन हॉस्पिटल में आयोजित किया रक्तदान शिविर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : ब्रह्मकुमारीज जगजीवन नगर ने एशियन द्वारकादास जालान हॉस्पिटल के सहयोग से रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लोगों ने स्वेच्छा से महादान किया। धनबाद में आयोजित इस शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। शिविर में प्रत्येक व्यक्ति से एक यूनिट रक्त लिया गया। संस्था की प्रमुख बीके अनु दीदी ने कहा कि रक्तदान जीवन में दिया जाने वाला सबसे बहुमूल्य दान है और दूसरों को खुशी देना ही सबसे बड़ा दान है, जो देंगे वो ही वापस आएगा। इस आयोजन को सफल बनाने में बीके पवित्र तुलस्यान, बीके दीपा, बीके शिवानी, बीके नूपुर सांवरिया, बीके शैलजा सांवरिया, बीके अभिनंदन, बीके मनीषा, बीके जसपाल, बीके गुनीत कौर, बीके चितरंजन, बीके सुनील, बीके लक्ष्मण, बीके सोनल, बीके पंकज, बीके संजय, राजेश कुमार, किशन, देव ज्योति, चितामणि रेड्डी, बीके रवि, बीके बरखा, बीके स्वर्णलता, बीके आशा देवी, बीके आयुष बसंत हेलीवाल का सहयोग रहा। रक्तदान के अवसर पर ब्रह्मकुमारीज ने संदेश दिया कि मौका दीजिए अपने खून को, किसी के रगों में बहने का। बड़ा ही खूबसूरत तरीका है, ये कई जिस्मों में जिंदा रहने का।

आयोजन

गायत्री शक्तिपीठ बस्ताकोला में गायत्री परिवार ने किया मुफ्त नेत्र जांच शिविर आयोजित

झरिया (धनबाद): रविवार को गायत्री शक्तिपीठ बस्ताकोला में गायत्री परिवार की और से मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जहां दर्जनों व्यक्तियों ने नेत्र का जांच कर दावा ली। यह कार्यक्रम एलसीआरएम खरकिया आई अस्पताल की और से लगाया गया। सर्व प्रथम गायत्री मंत्र का जाप एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। नेत्र जांच में दर्जनों व्याप्ति सम्मलित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री ऐके गौतम, भूपेंद्र शर्मा (अधिवक्ता) सह मीडिया प्रभारी धनबाद जिला नरेश कुमार भट्ट, संजय कुमार सिन्हा, हरेश चंद्र मिश्रा, पंचानंद ,परिव्राजक, सोता राम यादव, कमाल जी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम शांति पाठ के साथ समापन हुआ।

नारायणी परिवार का 13 माह 13 मंदिर और 13 मंगल पाठ आयोजन सम्पन्न

कार्यक्रम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झरिया (धनबाद) : रानी सती दादी की महिमा अपरंपार है। उनकी कृपा से असंभव भी संभव हो जाता है। विगत वर्ष फरवरी माह 2023 में श्री श्री नारायणी परिवार झरिया धनबाद द्वारा एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसका नाम 13 माह 13 मंदिर और 13 मंगल पाठ का आयोजन। वह भी झारखंड सहित विभिन्न राज्यों के विभिन्न मंदिरों में, जिसका समापन श्री रानी सती मंदिर झुन्झनू धाम में करना तय हुआ था। हम आसानी से समझ सकते हैं कि विघ्न और बाधाएं तो हर काम में आती हैं और इस धार्मिक आयोजन में भी आई, पर रानी सती दादी की कृपा से वह विघ्न बाधा देखते ही देखते दूर हो गई।बाधा डालने वाले कुछ एक थे तो उस बाधा को दूर करने के लिए श्री रानी सती दादी की कृपा से अनेक धार्मिक सज्जन आए और अभियान पूरा हुआ। इस अभियान के संबंध में श्री श्री नारायणी परिवार झरिया धनबाद के सदस्य सह पत्रकार सुशील भीवानीवाला ने बताया कि झरिया श्री रानी सती मंदिर में विगत वर्ष फरवरी 2023 में 13 माह, 13 मंदिर और 13 मंगल पाठ कार्यक्रम का आगाज हुआ था। लोकप्रिय भजन गायिका सरिता जलूका और सरोज शर्मा शानदार मंगल पाठ गाकर भक्ति की धारा बहाई थी। विभिन्न अलग-अलग क्षेत्र के नारायणी परिवार के सदस्य गण इस कार्यक्रमों में शामिल हुए थे।

झरिया से शुरू हुआ मंगल पाठ कार्यक्रम कर करकेंद, महुदा कतरास, बाघमारा, फुसरो, रामगढ़, चिरकुंडा, आसनसोल स्थित रानी सती मंदिर परिसर में सफलता पूर्वक आयोजित किया गया।

इन सभी आयोजनों में बड़ी संख्या में नारायणी परिवार और रानी सती दादी के भक्त गण जुड़े। रानी सती दादी की कृपा से इस दौरान बाधाएं आई लेकिन उसे रानी सती दादी के परम भक्त और नारायणी परिवार के सदस्य ज्योति झुनझुनवाला और दादी सेना के सदस्यों ने देखते ही देखते दूर कर दिया था। 13 माह 13 मंदिर और 13 मंगल पाठ कार्यक्रम देखते ही देखते समापन तक पहुंच गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री श्री नारायणी परिवार झरिया धनबाद के सदस्य गण बड़ी संख्या में राजस्थान झुंझुनू स्थित रानी सती दादी जी के मंदिर पहुंचे। जहां एक बार फिर भजनों गायिका सरिता जलूका और सरोज शर्मा ने भक्ति की गंगा बहा दी। झुंझुनू में मौजूद दादी भक्तों ने नारायणी परिवार के सदस्यों का सम्मान अंग वस्त्र प्रदान कर किया।

इस अभियान में सुशील भिवानी वाला, प्रदीप तुलस्यान, गोपाल अग्रवाल, प्रवीन भिवानी वाला, आनंद भूषणिया, मनीष मित्तल, सनी अग्रवाल, राजीव अग्रवाल के अलावा महिला सदस्य नीलम भिवानी वाला, अनु अग्रवाल,सुशील केडिया, सुमित अग्रवाल, सुनीता जिंदल, रेखा गोयल, नीम अग्रवाल, मीना अग्रवाल, दुर्गा देवी अग्रवाल, सुमित्रा तुलस्यान सहित बड़ी संख्या में दादी भक्त शामिल हुए थे। कहते है कि हर आयोजन में बढ़ाएं रुक रुक कर अवश्य खड़ा होती हैं इस धार्मिक आयोजन में भी कई तरह की बाधाएं आई। कुछ लोगों ने तो जमकर इस कार्यक्रम की निंदा की यहां तक की मारपीट करने पर भी उतारू हो गए पर ऐसे लोग अपने मनसूबे में सफल नहीं हो सके। दादी भक्तों ने इन विरोध करने वालों की दाल तक नहीं गलने दी।

श्री रानी सती दादी की महिमा के कारण ही 1 वर्ष तक लगातार जारी रहने वाला है अभियान सफल हो सका इस अभियान में शामिल बिहार बंगाल और झारखंड के नारायणी परिवार के सदस्य गण शुरू से अंत तक जुटे रहे।

सम्पादकीय.....

झूठ के हलफनामे और हलफनामों का झूठ

भारत के नेता कितना झूठ बोल सकते हैं, इसकी कल्पना दुनिया का कोई मनोवैज्ञानिक, चिकित्सक या वैज्ञानिक नहीं कर सकता। भारत के नेताओं की पोल उस वक्त खुलती है जब देश में चुनाव होते है। देश में इस समय लोकसभा के चुनाव चल रहे है। इन चुनावों में जो प्रत्याशी हैं उनके सम्पत्ति के बाबद दिए जा रहे हलफनामें देखकर हंसी आती है। लेकिन केंचुआ के पास ऐसी कोई दूरबीन नहीं है जो इन हलफनामों की जांच कर सके। इस मामले में सभी दलों के नेता एक से बढ़कर एक हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा का नेतृत्व करने वाले देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह के हलफनामे से ही बात शुरू करते हैं। गांधीनगर से भाजपा उम्मीदवार और गृह मंत्री अमित शाह के पास 20 करोड़ की चल और 16 करोड़ की अचल संपत्ति है लेकिन शाह के पास खुद की कार नहीं है। आयोग में दाखिल चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास 72 लाख के गहने हैं। इनमें उनके खरीदे हुए सिर्फ 8.76 लाख के हैं। पत्नी के पास सोने के 1620 ग्राम और हीरे के 63 कैरेट के गहने हैं।गृह मंत्री के पास 24,164 रुपये नकद, 42 लाख का लोन भी। शाह साहब करोड़पति होकर भी कार क्यों नहीं खरीद पाए ये एक रहस्य है। इसका उद्घाटन वे खुद कर सकते हैं या राम जी। कहते हैं कि राजनीति में आने से पहले वे मनसा में प्लास्टिक के पाइप का पारिवारिक व्यवसाय संभालते थे। वे बहुत कम उम्र में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे। 1982 में उनके अपने कॉलेज के दिनों में शाह की भेंट नरेंद्र मोदी से हुई। 1983 में वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े और इस तरह उनका छात्र जीवन में राजनीतिक रुझान बना। शाह साहब 1997 सेचुनाव लड़ रहे है। पहले वे विधायक हुआ करते थे, अब देश के गृहमंत्री है। उनका खानदानी पेशा दलाली [ब्रोकरेज] का है। शाह जी ने अब तक 5 विधानसभा चुनाव लाडे और जीत। लोकसभा का पहला चुनाव उन्होंने 2019 में लड़ा और जीते, जीते ही नहीं सीधे गृहमंत्री भी बनाये गए ,लेकिन बेचारे 27 साल में एक कार नहीं खरीद पाए। अब आपको मै पूरे 543 नेताओं के हलफनामे तो दिखा नहीं सकता किन्तु जो दिलचस्प हैं उनकी बात अवश्य करता हूँ। अल्पसंख्यकों के नेता औबेसी का चुनावी हलफनामा औबेसी की सम्पत्ति का खुलासा करता है। चुनाव आयोग में भरे अपने हलफनामे में असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी संपत्ति को लेकर खुलासा किया है। इसके मुताबिक उनके पास 2.80 करोड़ रुपए की चल संपत्ति हैं। इसमें कैश, सोना, बीमा जैसे चीजें शामिल हैं। ओवैसी की पत्नी के नाम पर 15.71 लाख रुपए की चल संपत्ति दर्शाई गई है, जबकि उनके पास 16.01 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति भी है। 1994 से चुनावी राजनीति में सक्रिय औबेसी ओवैसी पर 7 करोड़ रुपए का लोन भी है। उन्होंने एक घर लोन पर लिया है जिसकी कीमत 3.85 करोड़ रुपए है। सबसे दिलचस्प हलफनामा मध्यप्रदेश के 18 साल मुख्यमंत्री रहे मामा शिवराज सिंह चौहान का है। विदिशा लोकसभा के बीजेपी प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने वाले शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव आयोग को दिए हलफनामे में बताया है कि उनके पास 1,24,85,475 रुपये की चल और 2,17,60,000 रुपये की अचल संपत्ति है. शिवराज की पत्नी साधना सिंह की संपत्ति भी 5 महीनों में 15 लाख रुपए बढ़ी है. अगर नकदी की बात करें तो शिवराज सिंह चौहान के पास कुल 2 लाख 5 हजार रुपये नकद हैं, वहीं उनकी पत्नी साधना सिंह के पास करीब 1 लाख 65 हजार रुपये नकद हैं। शिवराज सिंह चौहान के पास कोई कर्ज भार नहीं है, वहीं उनकी पत्नी साधना सिंह के ऊपर करीब 64 लाख रुपये का कर्ज है।

● किसने क्या कहा

कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैला कर देश को खोखला किया

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

आईएनडीआईए की सरकार बनी तो सीएए को लिया जायेगा वापस

पी. चिदंबरम
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता

आखिर क्यों धधक रही है पृथ्वी

विशेष | **योगेश कुमार गोयल**

ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही दुष्परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। बहरहाल, अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और हम वाकई गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है, उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा।

न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चचाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चचाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। प्रकृति पिछले कुछ वर्षों से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत दे रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि बड़ी बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है। हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है। धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे। सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है।

साक्षात ईश्वर थे भगवान राम

गौरतलब | **संजय गोस्वामी**

जो दर्शाता है कि वे ईश्वर के रूप में आए थे प्रभु श्रीराम ने वन में बहुत ही सादगीभरा तपस्वी का जीवन जिया। वे जहां भी जाते थे तो 3 लोगों के रहने के लिए एक झोपड़ी बनाते थे। वहीं भूमि पर सोते, रोज कंद-मूल लाकर खाते और प्रतिदिन साधना करते थे। उनके तन पर खुद के ही बनाए हुए वस्त्र होते थे। धनुष और बाण से वे जंगलों में राक्षसों और हिंसक पशुओं से सभी की रक्षा करते थे। इस दौरान उन्होंने देश के सभी संतों के आश्रमों को बर्बर लोगों के आतंक से बचाया।

भगवान राम ईश्वर के रूप में अति शक्तिमान रावण का वध करने हेतु राम के रूप में पृथ्वी पर आए थे ऐ मेरा मानना है उनका कोई अवतार नहीं हुआ क्योंकि जब तुलसीदास जी महाराज मथुरा में श्री कृष्ण का दर्शन को कहा गया तो उन्होंने कहा मैं इसे भगवान राम के रूप में देखना चाहता हूँ और दिखे और दर्शन किये सबाल ऐ उठता है आखिर क्यों नहीं यकीन हुई क्योंकि जो भगवान ने राम के रूप में पृथ्वी पर किया जो और कोई नहीं कर सकता है कुछ ऐसे काम हैं जो उन्हें ईश्वर की श्रेणी में रखता है भगवान श्रीराम में सहनशीलता और धैर्य की परकाष्ठा का विशेष गुण है। इसका पता इस बात से ही चलता है कि कैकयी की इच्छा व आज्ञा से वह 14 वर्ष वनवास के लिए चले गए। अयोध्या का राजा होते हुए भी उन्होंने संन्यासी की तरह जीवन बिताया। भगवान राम राजा होने के साथ ही एक कुशल प्रबंधक भी थे। उनमें सभी को साथ लेकर चलने का गुण था। अपने इसी गुण के कारण उन्होंने अपनी सेना की सहायता से लंका जाने के लिए सेतु का निर्माण किया। राम यह शब्द दिखने में जितना सुंदर है उससे कहीं महत्वपूर्ण है इसका उच्चारण। राम कहने मात्र से शरीर और मन में अलग ही तरह की प्रतिक्रिया होती है जो हमें आत्मिक शांति देती है। हिन्दू धर्म के चार आधार स्तंभों में से एक है प्रभु श्रीराम। भगवान श्री राम ने एक आदर्श चरित्र प्रस्तुत कर समाज को एक सूत्र में बांधा था। भारत की आत्मा है प्रभु श्रीराम। आओ जानते हैं वो ईश्वर क्यों थे। भगवान राम एक ऐतिहासिक महापुरुष थे और इसके पर्याप्त प्रमाण हैं। शोधानुसार पता चलता है कि भगवान राम का जन्म 5114 ईस्वी पूर्व हुआ था। चैत्र मास की नवमी को रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। उपरोक्त जन्म का समय राम की वंशपरंपरा और उनकी पीढ़ियों से भी सिद्ध होता है। अयोध्या के इतिहास और अयोध्या की वंशावली से भी यह सिद्ध होता है। वनवासी और आदिवासियों के पूज्जनीय प्रभु श्रीराम- भगवान राम को 14 वर्ष को वनवास हुए था। उनमें से 12 वर्ष उन्होंने जंगल में रहकर ही काटे। 12वें वर्ष की समाप्त के दौरान सीता का हरण हो गया तो बाद के 2 वर्ष उन्होंने सीता को ढूंढने, वानर सेना का गठन करने और रावण से युद्ध करने में गुजारे। 14 वर्ष के दौरान उन्होंने बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य किए जिसके चलते आज भी हमारे देश और देश के बाहर राम संस्कृति और धर्म को देखा जा सकता है।

आज का इतिहास

- पुर्तगाली नाविक पेड्रो अलवेयर कैब्राल ने 1500 में ब्राजील की खोज की।
- फ्रांसीसी सम्राट फ्रेंकाइस प्रथम ने 1521 में स्पेन पर आक्रमण की घोषणा की।
- अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन ने 1792 में यूरोप के युद्ध में अमेरिकी तटस्थता की घोषणा की।
- यूनान के एथेंस में 1906 में 10वें ओलंपिक खेलों की शुरूआत हुई।
- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान 1915 में जर्मन सेना ने पहली बार जहरीली गैस का इस्तेमाल किया।
- नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने 1921 में इंडियन सिविल सर्विस से त्यागपत्र दिया।
- पर्शिया, तुर्की और अफगानिस्तान के बीच 1926 में सुरक्षा संधि पर हस्ताक्षर किए गए।
- मिस्र और इराक ने 1931 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1944 में मित्र राष्ट्रों ने न्यू गिनी में जापान के खिलाफ एक बड़े हमले की शुरूआत की।
- तत्कालीन सोवियत रूस 1954 में यूनेस्को में शामिल हुआ।
- एडमिरल आर डी कटारी 1958 में भारतीय नौसेना में पहले प्रमुख बने।
- तत्कालीन सोवियत रूस ने 1966 में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- सन 1970 में दुनिया में पहली बार पृथ्वी दिवस मनाया गया।
- ऑप्टिकल फाइबर को 1977 में पहली बार टेलीफोन ट्रैफिक में यूज किया गया।
- अंतरिक्ष यान 'सोयूज टी-8' 1983 में पृथ्वी पर लौटा।
- मैक्सिको में 1992 में हुए सीवर गैस विस्फोट में लगभग 200 लोगों की मौत हुई।
- बांडुंग (इंडोनेशिया) में 2005 में 50 वर्षों के बाद दूसरा एशियाई-अफ्रीकी सम्मेलन आरम्भ।
- रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को 2008 में लुडविग नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

अंकजाल - 7525

■	12	13	24	18	20	■	25	32	■
31	5		5		9	■	2		9
25		5		8		■		3	10
■	■	■	2		7		3		34
14		5		■		5		8	22
22	9		3		■		6		18
25		6		5		5	■	■	■
9	6		■		7		8		32
14		6	■	4		8		1	26
■	28	22	■	21	15	40	15	6	■

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

अंकजाल 7524 का हल

■	21	13	45	33	■	■	21	23	■
21	9	3	7	2	■	5	5	4	14
3	9	2	7	5	■	8	7	5	20
■	3	8	2	7	3	4	2	6	35
■	■	■	7	7	2	5	7	8	36
33	9	2	3	8	5	6	■	■	■
38	7	3	6	4	5	2	5	6	■
14	3	4	7	■	8	8	5	8	29
13	1	6	6	■	4	6	8	7	25
■	20	15	■	■	27	44	18	21	■

Jagrutidaur.com, Bangalore

मृत्यु का अर्थ

मृत्यु एक शात सत्य है। यह अनुभूति प्रत्यक्ष प्रमाणित है, फिर भी इसके संबंध में कोई दर्शन नहीं है। अब तक जितने ऋषि-महर्षि या संत-महंत हुए हैं, उन्होंने जीवन दर्शन की चर्चा की है। जीवन के बारे में ऐसी अनेक दृष्टियां उपलब्ध हैं जिनसे जीवन को सही रूप में समझा जा सकता है और जिया जा सकता है। किंतु मृत्युक को एक अवश्यंभावी घटना मात्र मानकर उपेक्षित कर दिया गया। मृत्यु के पीछ भी कोई दर्शन है, इस रहस्य को अधिक लोग पकड़ ही नहीं पाए। यही कारण है कि जीवन दर्शन की भांति मृत्यु दर्शन जीवन में उपयोगी नहीं बन सका। जैन दर्शन एक ऐसा दर्शन है जिसने जीवन को जितना महत्व दिया, उतना ही महत्व मृत्यु को दिया। बशत्रे कि वह कलात्मक हो। कलात्मक जीवन जीने वाला व्यक्ति जीवन की सब विसंगतियों के मध्य जीता हुआ भी उसका सार तत्व खींच लेता है। इसी प्रकार मृत्यु की कला समझने वाला व्यक्ति भी मृत्यु से भयभीत न होकर उसे चुनौती देता है। जैन दर्शन में इसका सवार्गीण विवेचन उपलब्ध है। मृत्यु का अर्थ है- आयुष्य प्राण चुक जाने पर जीव का स्थूल शरीर से वियोग।इसके कई प्रकार हैं। उन सबका संक्षिप्त वर्गीकरण किया जाए तो मृत्यु के दो प्रकार होते हैं- बाल मरण और पंडित मरण. असंयम और असमाधिमय मरण बाल मरण है। अकाल मृत्यु, आत्महत्या, अज्ञान मरण आदि सभी प्रकार के मरण बाल मरण में अंतर्निहित हैं।

सुविचार

हमारे अंदर अंधकार और रोशनी दोनों है, यह हमें चुनना है कि इनमें से हम किस को महत्व देते हैं।

जे. के. रालिंग

मुझे आनेवाले कल का भय नहीं है, क्योंकि मैंने बीता हुआ कल देखा है और मुझे आज से प्यार है।

विलियम ए व्हाइट

राशिफल

मेष धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

वृष घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी।

मिथुन चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

कर्क थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा।

सिंह पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा।

कन्या प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे।

तुला कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

वृश्चिक व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

धनु शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

मकर रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

कुंभ समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

मीन महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

ई-पुस्तकों तक पहुंच आसान, पर पढ़ने का सुकून मुद्रित पुस्तकों से

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

विश्व ज्ञान, आत्मीय शांति, योग्य मार्गदर्शन, समय का सदुपयोग, प्रेरणा, प्रोत्साहन, मददगार, समस्याओं का हल, नवचेतना, नवनिर्मिति, जागरूकता, अद्यतन, बेहतर साथी, सफलता, गुरु, सलाहकार जैसे अनेक मूल्यवान गुणों का सार होती है पुस्तकें। आज के आधुनिक युग में यांत्रिक संसाधनों ने दुनिया भर तक हमारी पहुंच आसान कर दी है। हर ओर जानकारी और सूचना की बाढ़ आ गई है। पुस्तकों को ज्ञान का मुख्य स्त्रोत कहा जाता है, जीवन में सफल होने के लिए किताबों का बेहतर साथ आवश्यक होता है। पुस्तकें मनुष्य के जीवन के आरंभ से अंत तक निस्वार्थ साथ देते हुए पथ-प्रदर्शक की भूमिका में होते है। किताबों से दोस्ती करने वाला इंसान हमेशा खुश और ज्ञानी बना रहता है, जिससे जीवन में मुश्किलें कम होती है। इंटरनेट के द्वारा पुस्तकें बस एक क्लिक पर मौजूद है, जब चाहे तब कहीं पर भी, कभी भी हम ई-पुस्तकें पढ़ सकते हैं, संग्रहीत कर सकते है।

हर साल 23 अप्रैल को पुस्तकों के महत्व को समझकर पाठ्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 'विश्व पुस्तक व प्रकाशनाधिकार दिवसह्व दुनिया भर में मनाया जाता है। इस वर्ष 2024 की थीम ₹रीड योर वेर₹ है, यह थीम पढ़ने के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने में चयन और आनंद के महत्व पर जोर देती है। जीवन में पुस्तकों का स्थान अतुलनीय है, एक अच्छी पुस्तक सौ दोस्तों के बराबर होती है। जिसने किताबों के महत्व को जान लिया है, वह जीवन में कभी असफल नहीं हो सकता। पुस्तकों के सहयोग से हम जीवन में विश्व के हर क्षेत्र का सर्वोत्तम स्थान प्राप्त कर सकते हैं। किताबें पढ़ने की आदत मनुष्य के जीवन को लगातार विकसित करता हैं। मस्तिष्क तेज होकर स्वयं विचार कर कुछ नया ज्ञान खोजने की शक्ति मिलती हैं। पढ़ते रहने से हम अधिक होशियार होते जाते है। लिखने का कौशल, भाषा कौशल सुधरता है, फोकस और एकाग्रता बढ़ती है, हम जीवन में अंधेरे से उजाले की ओर बढ़ते हैं, हम अपने समय का सही इस्तेमाल कर पाते हैं, नयी जानकारी और ज्ञान मिलता है, पढ़ने से तनाव कम होता है, हमेशा हम अद्यावत और जागरूक बने रहते है और पढ़ने से अच्छी नींद आती हैं। भूलने की बीमारी से काफी हद तक दूर रहते हैं। डिजिटलीकरण के कारण हर कोई अपनी मांग और सुविधा अनुसार पुस्तकों को ऑनलाइन पढ़ सकता है, ऑनलाइन के द्वारा हम दुनिया से हर समय जुड़े रहते हैं। पाठकों की रुचि अनुसार, दुनियाभर के विषयों की पुस्तकें उपलब्ध हैं। बहुत से प्रकाशक, कंपनी, शैक्षणिक संस्थान, पेशेवर, ईबुक विक्रेता, सरकारी पोर्टल अपनी वेबसाइट पर डिजिटल स्वरूप में पुस्तक अपलोड करते हैं, ताकि पाठकों तक ई-पुस्तकें पहुंच सकें। पढ़ने का समय बचाने के लिए ऑडियो बुक्स भी डिजिटल मार्केट में उपलब्ध हैं।

ई-पुस्तकें बहुत आसानी से उपलब्ध हैं, लेकिन वे कागजी पुस्तकों का स्थान नहीं ले सकतें। बहुत से लोग ऑनलाइन पुस्तकें तो डाउनलोड करते है, लेकिन उसे पूरा पढ़नेवाले बहुत कम होते हैं। यह ई-पुस्तकें हमें पढ़ने के लिए कागजी पुस्तकों की तरह प्रेरित नहीं करती, बल्कि बहुत बार बोझिल महसूस होती हैं। कागजी पुस्तकों की भांति ई-पुस्तकों से लगाव या प्रेरणा की कमी लगती हैं, इनसे हम भावनिक रूप से जुड़ नहीं पाते। कागजी पुस्तकें पाठ्य संस्कृति को बढ़ावा देने में मुख्य सहायक है।

शिवराज की जीत का कीर्तिमान बनायेंगी लाडली बहनें

गौरतलब | **प्रमोद भार्गव**

बालिकाओं की संख्या कम होना किसी भी विकासशील समाज के लिए बड़ी चुनौती थी। इस चुनौती से तभी निपटा जा सकता है, जब स्त्री की आर्थिक हैसियत तय हो और समाज में समानता की स्थितियां निर्मित हों। इस नजरिए से मध्यप्रदेश में ह्यलाडली लक्ष्मी योजनाह्य एक कारगर औजार साबित हुई। दिल्ली, हरियाणा और पंजाब ने ही नहीं पूरे देश ने इस योजना का अनुसरण किया और बेटी बचाने के लिए जुट गए। क्योंकि बेटी बचेगी, तभी बेटे बचेंगे और सृष्टि की निरंतरता बनी रहेगी। जैविक तंत्र से जुड़े इस सिद्धांत को हमारे ऋषि-मुनियों ने भलि-भांति आज से हजारों साल पहले समझ लिया था, इसीलिए भगवान शिव-पार्वती के रूप में अर्धनारीश्वर के प्रतीक स्वरूप मंदिरों में मूर्तियां गढ़ी गईं, जिससे पुरुष संदेश लेता रहे कि नारी से ही पुरुष का अस्तित्व अक्षुण है।

मध्य प्रदेश लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लाडली बहनों का साथ मिल गया तो वे मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा मतों से जीतने वाले प्रत्याशी हो सकते हैं। वैसे भी मतदान में इस आधी आबादी की लगभग बराबर की हिस्सेदारी है। प्रदेश में 2,73,87,122 महिला मतदाता हैं, जो कुल मतदाताओं की 47.75 फीसदी हैं। इनमें से एक करोड़ 29 लाख से अधिक लाडली बहनों को 1250 रुपए प्रतिमाह मिल रहे हैं। उज्ज्वला योजना की 80 लाख और पात्र लाडली बहनों को 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर मिल रहा है। महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान मुख्यमंत्री शिवराज के कार्यकाल में ही हुआ है। महिला स्व-सहायता समूह की 62 लाख सदस्यों में से 15 लाख लखपति दीदी हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति की 2 लाख 33 हजार महिलाओं को पोषाहार भत्ता का प्रावधान शिवराज के समय ही हुआ था। इसीलिए हम देख रहे हैं कि विदिशा संसदीय क्षेत्र से शिवराज के प्रत्याशी घोषित होने के बाद शिवराज भैया को चुनाव लड़ने के लिए धन दे रही हैं। विदिशा को शिवराज का गढ़ माना जाता है। 19 साल बाद शिवराज इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। जनता ने उनसे भाई और मामा का रिश्ता बना हुआ है। भांजे-भांजी उनके लिए गुल्लक में पैसे इकट्ठे करके दे रहे हैं। एक मोची ने शिवराज को 10 रुपए का चंदा दिया। यहां धनराशि को छोटी या बड़ी राशि के रूप में देखने की बजाय उसे शिवराज की लोकप्रियता के रूप में देखने की जरूरत है। 2018 के विधानसभा चुनाव की तुलना में 2023 में 1.52 प्रतिशत मतदान अधिक हुआ था। इसे लाडली बहनों का करिश्मा बताया गया है। शहर से कहीं ज्यादा ग्रामीण मतदाता की मतदान के प्रति जागरूकता दिखी है। इसीलिए ग्रामों में महिलाओं की लंबी-लंबी कतारें देखने में आईं थीं। साफ है, जिस उत्साह से मतदाता घर से बाहर निकला उससे उसका लोकतंत्र के प्रति दायित्व बोध झलका ही, शिवराज के प्रति विश्वास भी नजर आया था। यही करिश्मा विदिशा लोकसभा सीट पर दिखाई देगा। इस बहुचर्चित विदिशा संसदीय क्षेत्र में 7 मई को मतदान होना है। यह सीट वैसे भी जनसंघ और भाजपा का गढ़ मानी जाती रही है। यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर सुषमा स्वराज भी लोकसभा का चुनाव जीत चुकी हैं। स्वयं शिवराज इस सीट से पांच बार चुनाव जीत चुके हैं। यहां से कांग्रेस ने प्रताप भानु शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। शर्मा सातवीं और आठवीं लोकसभा में विदिशा से सांसद रह चुके हैं। वे कोई ज्यादा दमखम दिखा पाएंगे ऐसा लग नहीं रहा है। इसलिए शिवराज का पलड़ा ही भारी दिख रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उदार कार्यशैली का परिणाम ही रहा था कि विधानसभा चुनाव में भाजपा को 166 सीटों पर बड़ी जीत मिली थी। शिवराज सिंह चौहान के नवाचार निरंतर देखने में आते रहे हैं।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

लूट से हटे जनता का ध्यान, इसीलिए हो रहा उलगुलान : अन्नपूर्णा देवी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह कोडरमा की लोकप्रिय सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि ₹उलगुलान₹ अत्यंत पवित्र शब्द है, यह धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के उस संघर्ष का बीजमंत्र है, जो उन्होंने इस देश की और जनजातीय समुदाय की जमीन बचाने के लिए किया था। जिन्होंने खुद झारखण्ड की जमीन, जनजातीय समुदाय की जमीन हड़पी और जमीन हड़पने के लिए संगठित तरीके से साजिश की, उनके द्वारा ₹उलगुलान₹ की बात करना हास्यास्पद लगता है। इंडी गठबंधन के घटक दल अपनी लूट से जनता का ध्यान हटाने के लिए आज रांची में उलगुलान रैली कर रहे हैं। लेकिन इनकी लूट के सारे कारनामे प्रमाण और तथ्य सहित जनता की नजर में हैं, इसलिए इनका ढोंग अब कारगर नहीं होगा। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि तथाकथित इंडी गठबंधन भ्रष्टाचारियों का अनूठा गठजोड़ है। इस गठबंधन में शामिल दल इसलिए इकट्ठे नहीं हुए हैं कि उनकी नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों में कोई एकरूपता है, ऐसा भी नहीं कि इस गठजोड़ के सभी दलों को किसी एक के नेतृत्व में आस्था है। लेकिन

ये सभी केवल एक बात पर एकमत हैं कि इन्हें मोदी को हटाना है, भाजपा को हटाना है। और मोदी तथा भाजपा को हटाना इसलिए इनके लिए जीवन - मरण का प्रश्न बन गया है क्योंकि इनमें से कोई सजायाफ्ता है, कोई बेल पर है, कोई जेल में है तो कोई जेल जाने की तैयारी कर रहा है। इन्हें लगता है कि मोदी जी को हटाकर ये अपने कुकर्मों और घोटालों की सजा पाने से बच जाएंगे। जनता देख रही है कि जांच एजेंसियां जहां भी हाथ डाल रही है,वहां ठोस प्रमाण मिल रहे हैं, करोड़ों की नकदी मिल रही है, पैसों के लेन देन के प्रमाण मिल रहे हैं, दस्तावेजों में हेराफेरी के प्रमाण मिल रहे हैं। और तो और....करीबी सहयोगियों के स्वीकारोक्ति बयान भी आ गए हैं। लेकिन इनकी ढिठाई देखिए, जिस अपराध के लिए इन्हें राज्य की जनता से माफी मांगनी चाहिए, उसी को छिपाने के लिए ये उलगुलान को ढाल बना रहे हैं।इसे भारतीय लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत ही माना जाएगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईमानदारी की वजह से कानून अपना काम कर रहा है, भ्रष्टाचारी पकड़े जा रहे हैं और बचने के लिए सभी भयंकर विरोधाभाषों के बावजूद एक साथ इकट्ठे हो गए हैं। अब बाकी का काम जनता का है और जनता के सामने मौका भी है। मतदान के लोकतांत्रिक अधिकार के जरिए जनता इन्हें इनके कुकर्मों की सजा देगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी, केदार यादव, राजकिशोर प्रसाद, श्याम सुन्दर सिंघानिया,दिनेश्वर प्रसाद, कृष्णा ब्रहपुरिया, किशोर पंडित,राजु यादव, आदि उपस्थित थे।

एक झलक

राजीव कुमार ने चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा की

लातेहार : लातेहार के पूर्व डीसी राजीव कुमार ने चतरा लोकसभा सीट से चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा की है। ज्ञात हो कि श्री कुमार ने चतरा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी और जनसंपर्क अभियान भी शुरू कर दिया था। उन्होंने लोकसभा के कई क्षेत्रों में ग्रामीणों के साथ बैठक कर चुनाव की रणनीति भी बनानी शुरू कर दी थी । श्री कुमार अपने मन की बात साझा करते हुए कहा कि प्रचंड गर्मी और व्यस्तता होने के बाद भी क्षेत्र के लोगों ने समय निकाल कर उनके साथ क्षेत्र का दौरा किया। और अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि लोगों से मिले प्यार व मुहब्बत से वे काफी भावुक हैं। चतरा लोकसभा क्षेत्र के सभी शुभचिंतकों और मित्रों से उनका आजीवन आत्मीय संबंध रहेगा।

राष्ट्र हित में काम करनेवाली पार्टी को ही दें अपना समर्थन : प्रो. दिलीप कुमार

गुमला : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में विद्वत परिषद के तहत आगामी लोकसभा चुनाव की दशा एवं दिशा पर परिचर्चा की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोकसभा चुनाव में वोटिंग के प्रति जन जागरण था। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित के.ओ कॉलेज के प्रोफेसर दिलीप कुमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें ऐसे प्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए जो राष्ट्र हित की सोचे, राष्ट्रहित का पैमाना शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार है जिस पर देश के सभी नागरिकों का समान अधिकार है । उन्होंने वर्तमान सरकार के कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा देश में विकास हुआ है लेकिन अभी भी कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां सरकार को अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। अपने अध्यक्षीय भाषण में विजय बहादुर सिंह ने कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए हमें निर्णय लेना है कि हम किस प्रकार से राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने लोकसभा के प्रथम चरण में कम मतदान होने पर भी चिंता व्यक्त की? इससे पूर्व मुख्य अतिथि दिलीप कुमार, स्थानीय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा, प्रभारी प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार पूर्व आचार्य भोलानाथ दास, निरंजन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच का संचालन आशा कुमारी तथा अतिथि परिचय संजय कुमार के द्वारा किया गया। विषय प्रवेश आचार्य गणेश कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्वत परिषद की प्रमुख आचार्य योगेंद्र कुमार के द्वारा किया गया तथा उनके धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

गर्मी बढ़ी तो अस्पताल में बढ़ गये डिहाइड्रेशन के मरीज

बोकारो : गर्मी का कहर लोगों की सेहत पर भारी पड़ने लगा है। गर्मी बढ़ने पर बच्चों में डिहाइड्रेशन की समस्या आने लगी है। अस्पतालों में करीब 40 प्रतिशत बच्चे डिहाइड्रेशन की समस्या से ग्रसित आ रहे हैं। डिहाइड्रेशन की समस्या तो सभी उम्र के लोगों में हो रहा है। लेकिन आठ- दस साल तक के बच्चों में ज्यादा दिखाई दे रही है। तापमान बढ़ने की वजह से डिहाइड्रेशन की समस्या हो रही है। अस्पतालों में ज्यादातर मरीज बुखार, उल्टी, दस्त और डायरिया से ग्रसित आ रहे हैं। सदर अस्पताल में पहले से अध्कि मरीज जेनरल फिजीसीयन के पास आ रहे है। प्रति दिन 100 से 150 मरीज पहुच रहे है। जबकी गर्मी से पहले लगभग 50 मरीज आया करते थे। तापमान लागार बढ़ रही है, शनिवार को पारा 43 डिग्री तक पहुच गया था। चिकित्सक डां एके झा ने बताया कि इन बीमारियों के होने से बच्चों में डिहाइड्रेशन यानि पानी की कमी ज्यादा हो रही है। गर्मियों में कम पानी पीना डिहाइड्रेशन का सबसे बड़ा कारण है। अस्पतालों की ओपीडी में 40 प्रतिशत बच्चे डिहाइड्रेशन से ग्रसित आ रहे हैं।

घर में लगी आग, सब कुछ हुआ खाक, बेटी की शादी के लिए लोन पर लिया एक लाख नकद भी राख

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मनिका/लातेहार : मनिका थाना क्षेत्र के ग्राम बरवईया खुर्द निवासी सिपाही भुइयां के घर में आग लगने से लाखों के समान सहित अन्य सामान जल कर राख हो गया। इतना ही नहीं बेटी की शादी के लिए लोन लेकर रखा एक लाख नकद जो घर में ही रखी थी वो भी जल कर राख हो गई। आशियाना जलने के अलावे घर में रखे अनाज, कपड़े, नकदी सब कुछ स्वाहा होने से सिपाही भुइयां का छोटे छोटे बच्चे सहित दस लोगों का परिवार पूर्णतः सड़क पर आ गया हैं। घर में खाने को अनाज का एक भी दाना नहीं बचा। सिपाही भुइयां के परिवार का आशियाना कैसे खड़ा होगा,बेटी की शादी अब कैसे होगी,घर में रोजी रोटी कैसे चलेगी ये एक बड़ा सवाल है। इस घटना पर मनिका विधान सभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मिथिलेश पासवान ने दुख प्रकट करते हुए प्रखंड प्रशासन तथा जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल राहत सामग्री तथा आवास उपलब्ध कराने की मांग की है।

क्षिप्रा एक्सप्रेस से कोडरमा युवक की रन ओवर होने पर हुई दर्दनाक मौत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : रविवार को गाड़ी संख्या 22912 कोडरमा स्टेशन PF/NO- 04 पर समय 00/13 बजे आगमन हुआ, तथा 00/15 बजे प्रस्थान हुई। प्रस्थान के दौरान एक यात्री उपरोक्त गाड़ी के एसी कोच से चलती गाड़ी से उतरने के दौरान प्लेटफार्म के नीचे गिर जानें से उसका बॉडी दो भागों में बांट गई। जिससे यात्री घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। इसकी तत्काल सूचना ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर और ऑन ड्यूटी जीआरपी एवम तथा निरीक्षक प्रभारी कोडरमा,नाइट ड्यूटी ऑफिसर में

तैनात एएसआई एम.ए खान को दिया गया। सूचना उपरांत जीआरपी कोडरमा एएसआई मोहम्मद मुस्ताक अहमद और ऑन ड्यूटी कोडरमा स्टेशन मास्टर घटना स्थल पर पहुंचे। सभी के सहयोग से आरपीएफ के द्वारा वायक्ति के डेड बॉडी को लाइन से हटा कर समय 01:00 बजे लाइन क्लियर किया। बाद जीआरपी के द्वारा डेड बॉडी के तलाशी लेने पर रेलवे का वैध टिकट मिला । ढठफ /ठड 6907320118 हैं । दो मोबाइल,एक पिट्ठू बैग ग्रे रंग का जिसमे एक डायरी और कुछ पहनने के कपड़े थे। बाद मृतक के भाई जिसका नाम सुमित कुमार, मोबाइल नम्बर 9835756093 आए। उन्हे पूरी घटना से अवगत कराया गया। तथा उनसे पूछने पर बताएं की नाम अमित कुमार,उम्र 42वर्ष ,पिता अजय ठाकुर, सकिन दूधी माटी, थाना कोडरमा,जिला कोडरमा (झारखंड) बताया।तथा बताए की दिनांक 18/04/24 को कोलकाता गए थे। वहा गोल्डी मशाला कंपनी में काम करते थे और आज क्षिप्रा एक्स गाड़ी से लौट रहे थे। अग्रिम करवाई के तहत डेड बॉडी को जीआरपी कोडरमा द्वारा 01:00 बजे उठा कर अपने साथ ले गए। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद अमित कुमार के शव को परिजनों को सौंपा गया।

सभी पीएसयू अपने पदाधिकारी-कर्मियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें : डीसी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बोकारो : समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने शनिवार को जिले में संचालित विभिन्न कोल परियोजनाओं,पब्लिक सेक्टर यूनिट ,सड़क परियोजना परियोजनाओं से संबंधित प्रबंधनों के साथ बैठक की। मौके पर डीपीएलआर मेनका,अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी,एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता,जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह, एसडीओ बेरमो अशोक कुमार आदि जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित नहीं रहें को लेकर जरूरी दिशा झ्र निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी पीएसयू को अपने अधिनस्थ कार्यरत पदाधिकारियों,कर्मियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा। कहा कि अभी भी अगर किसी का मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है,तो आगामी 26 अप्रैल तक मतदाता सूची में नाम दर्ज करने को लेकर आवेदन प्राप्त किया जाएगा। वही स्वीप नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता ने कहा कि कुछ पीएसयू द्वारा अब तक अपने मतदाताओं को सत्यापित नहीं किया गया है। वह अविलंब अपने अधिन कार्यरत पदाधिकारी,कर्मियों का मतदाता सूची में नाम सत्यापित कर जिला को प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं।

मंडल कारा में जेल अदालत का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर रविवार को मंडल कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अब्दुल नसीर व न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी राहुल कुमार मौजूद थे। इस अवसर पर अब्दुल नसीर ने बंदियों को कानून की कई बुनियादी जानकारी दी। उन्होने जमानत, वाद की प्रक्रिया, वादों का निपटारा और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं सहित अन्य जानकारी दी।साथ हीं बंदियों को उनके अधिकार और उन्हें मिलने वाली सरकारी सुविधाओं के बारे बताया। उन्होंने प्लीड गिल्टी, वन अधिनियम कानून एवं सुलहनीय वादों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर उन्होने बंदियो के सवालों के जवाब भी दिये।जबकि न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार ने बंदियों को उनके मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी दी। उन्होंने जेल से निकलने के बाद समाज की मुख्य धारा में लौटने की अपील की। अधिवक्ता दीपक कुमार ने बंदियों को एलएडीसी के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। कहा कि उन्हें किसी प्रकार का कानूनी सलाह व सुझाव चाहिए तो उनसे मिल सकते है। कार्यक्रम में मंच का संचालन एलएडीसी के अधिवक्ता राहुल कुमार ने किया। मौके पर प्रभारी जेलर प्रदीप मुंडा, प्राधिकार के सहायक सौरभ कुमार व पीएलवी राजकुमार सिंह सहित जेल के कर्मचारी व कई बंदी मौजूद थे।

राजा पीटर ने मन्नत पूरी होने पर दिउड़ी माता के चरणों में 11 बकरा की बलि देकर व पूजा-अर्चना कर माता से लिया आशीर्वाद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

तमाड़ : पूर्व विधायक गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने मन्नत पुरी होने पर दिउड़ी माता के चरणों में 11 बकरा की बलि देकर पूजा अर्चना कर माता से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मराडी भी उपस्थित होकर पुजा अर्चना की और माता से आशीर्वाद प्राप्त किया। पीटर ने कहा माता के दरबार में हमारे समर्थन एवं हमारे परिवारजन मन्नत मांगी थी। मन्नत पूरा होने पर माता के दरबार में हाजिरी लगाकर माता की मन्नत को पूरा किया। पूजा अर्चना के बाद मैदान में समर्थकों का जमावड़ा जुटा एवं समर्थक सहित सभी लोगों ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भी प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पीटर की धर्मपत्नी आरती जयसवाल, सीताराम मुंडा, अटकु चौधरी, ऐलेस्टर बोदरा, प्रदीप साहु, महावीर साहु, नितीश पांडे, बिल्ला, जयपाल मुंडा, गोपाल मछुवा, मुकेश मुंडा समेत हजारों समर्थक उपस्थित थे। बाबु लाल मराडी ने लोक सभा चुनाव में समर्थन मांगा- झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में राजा पीटर से समर्थन मांगा। इस पर राजा पीटर ने कहा मैं अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर समर्थन देने के मुद्दा पर विचार विमर्श करूंगा।

ग्रिजली विद्यालय में मनायी गयी महावीर जयन्ती

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : श्रद्धा और उत्सव के माहौल के बीच, तिलैया डैम स्तिथ ग्रिजली विद्यालय में जैन समुदाय के प्रमुख संत भगवान महावीर की जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूवात भगवान महावीर जी के चित्र पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, उप प्राचार्या अंजना कुमारी एवं शिक्षकों के द्वारा माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर की गयी। छात्रा प्रतीक्षा सिंह ने हिंदी भाषण एवं छात्र जीशान अंसारी ने अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किया। वहीं छात्र समर्थ पांडेय एवं आदित्य कुमार सिंह ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भगवान महावीर जी की जीवनी सबके सामने प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा की भगवान महावीर जी ने समाज सुधार और आत्मकल्याण हेतु कई उपदेश दिए है जो आज भी प्रासंगिक बने हुए है। वहीं विद्यालय की उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा कि हमें सदैव अहिंसा का पालन करते हुए सरल एवम सात्विक जीवन जीना चाहिए और सभी के प्रति सम्मान की भावना रखनी चाहिए। इस अवसर पर सीसीए संयोजक पंकज उपाध्याय, कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक सौरव केशरी, शिक्षक अमरदीप पांडेय, विकाश कुमार एवं अन्य उपस्तिथ थे।

जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

- पैसे के अभाव में कोई भी न्याय से वंचित नहीं रह सकता
- जेल में बंदियों को दी गयी कानून की जानकारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में रविवार को मंडल कारा कोडरमा में लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से प्रभारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह सीजेएम प्रताप चंद्रा उपस्थित थे । उन्होंने इस अवसर पर कहा कि पैसे के अभाव में कोई भी बंदी न्याय से वंचित नहीं रह सकता है। उन्होंने कहा कि गरीबों असहायों

की मदद के लिए डालसा हमेंशा ततपर है। एलएडीसी अरुण कुमार ओझा ने कहा कि आप सभी अपने आचरण और व्यवहार में सुधार करें। यहां से निकलने के उपरांत सामान्य नागरिक जीवन जीने का प्रयास करें। अपनी गलतियों से सबक लेकर आगे गलती न करने का प्रण ले। उन्होंने कहा कि निर्धन एवं असहाय बंधिया की मदद के लिए डीएलएसए के अधिवक्ता एलएडीसीएस पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य कर रहा है । बंदियों की ओर से बाद निष्पादन के निमित्त एक भी आवेदन नहीं आने के कारण, मौके पर एक भी मामले का निष्पादन नहीं हो सका। वही शिविर में उपस्थित बंदियों को उनके केस से संबंधित जानकारी अधिवक्ता अश्विनी शरण द्वारा दी गई । जीस बंदी का केस पैरवी हेतु कोई भी अधिवक्ता नहीं थे , वैसे बंदियों को बंदी आवेदन भेजने को कहा गया। वैसे बंदी जिन्हें न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है और वह अपना अपील उच्च न्यायलय में दाखिल करने में असमर्थ है, या नहीं कर सके है । पहचान की गई। मौके पर एलएडीसी अरुण कुमार ओझा, न्यायालय कर्मी रंजीत कुमार सिंह, एलएडीसी अश्विनी शरण, नयालयकर्मी संतोष कुमार सिंह, राजीव रंजन आदि उपस्थित थे।

अंजुमन इस्लामिया सामाजिक संगठन है, इसे राजनीतिक के लिए इस्तेमाल करना ठीक नहीं : शहजाद अनवर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : हाल के दिनों में हमारे समाज के गिनती में दो से चार लोगों को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी ओछी हरकतों को लेकर चर्चा में आने को आतुर दिखलाई पड़ रहे हैं।इसलिए गुमला के आम लोगों के बीच बताना जरूरी लगा कि शहर गुमला में हमारे समाज का इकलौता सामाजिक संगठन अंजुमन इस्लामिया है जिसके पिछले आम चुनाव जुलाई 2023 में इनलोगों को समाज के लोगों ने आधे से ज्यादा मतों के अंतर से बुरी तरह हार का स्वाद चखाया। और इसी हार के बाद समाज के बीच मुंह छिपाए दिखलाई पड़ते हैं। वर्तमान अंजुमन 2023झ्र26 ने चंद महीना के अंदर बेहतर काम करके वैसे लोगों पर तमाचा जड़ा है जो बरसों पहले इस सामाजिक संस्था को अपने मिल्कियत और मन के मुताबिक चला कर इस वर्षों पुरानी अंजुमन इस्लामिया के मयार्दा को धूमिल कर रहे थे ।और इसका इस्तेमाल अपने राजनीतिक हित साधने के लिए कर रहे थे लेकिन अल्लाह ने उनके मंसूबों पर अबकी बार पानी फेर दिया और अंजुमन चुनाव में इन्हें भारी मतों के अंतर से मुंह की खानी पड़ी।ये लोग अपने इस बेइज्जती भरी हार को पचा भी नही पा रहे और अब यही लोग लोकसभा के चुनाव 2024 में आदत से मजबूर एक बार फिर अपने नापाक मंसूबों यानी निजी हित को साधने के मकसद से अपने

गिनती वाले गुट को तथाकथित अंजुमन ट्रस्ट नाम देकर राजनीति महकमे में खुद को समाज का ठिकेदार होने आदि का ढोंग दिखा कर लोकसभा के चुनाव में खड़ा होने वाले उम्मीदवारों को यह संदेश देना चाहते हैं कि मुस्लिम अल्पसंख्यकों का मार्गदर्शक हम हैं। उनकी यह चाल बेहद ही हास्यपद है ।ओछी हरकत तो यह है कि₹अंजुमन₹ शब्द का बेजा इस्तेमाल कर भ्रम की स्तिथि लाने का गैर वाजिब कोशिश किया गया है जिसको लेकर पूरा समाज आहत है। हमने स्कूल के जमाने में एक कहानी पढा था जिस के लेखक अहमद जमाल पाशा थे, कहानी का उनवान था (ढुलमुल भाई) आप समझ सकते हैं जो लुढ़कने वाले होते हैं उन्हें कोई नहीं स्वीकार करता। जब से नई अंजुमन इस्लामिया गुमला की बागडोर अंजुमन इस्लामिया में ईमानदार पढ़ा लिखा सदर मुशाहिद आजमी सेक्रेटरी मकसूद आलम का पदार्पण हुआ है गुमला ही नहीं पूरे जिला के मुस्लिम आवाम मैं खुशी है कि मौजूदा अंजुमन सभी को लेकर एक टीम बनाकर चल रही है और चंद महीना में जो अंजुमन इस्लामिया ने काम किया है वह सबके सामने है।आज पूरा कौम अपने कौमी एतेहादी खुलूस के साथ इस अंजुमन इस्लामिया के पीछे खड़ा है।एक गुमला जैसी छोटी सी जगह पर लोग दिल खोलकर मदद कर अंजुमन के बैनर तले चल रहे तामिरी कामों में बड़े पैमाने पर मदद नहीं करते। अंजुमन इस्लामिया गुमला का काम बहुत ही सराहनीय है ।मैं अपने सदर से और सेक्रेटरी साहब से गुजारिश करूंगा कि जल्द से जल्द मीटिंग बुलाकर अंजुमन से संबंधित सारी कमिटी को जल्द से जल्द मजलिस आमला की बैठक कर बनाकर अंजुमन इस्लामिया के मकसद को पूरा करें और पूर्व में जो भी ओहदेदार अंजुमन के हिसाब किताब में हेरा फेरी किए हैं उन सभी में शक्ति के साथ कार्रवाई हो। चंद लोग जिन्होंने अंजुमन को और मिल्लत को नुकसान पहुंचा है और आज तक पहुंचा रहे हैं वैसे लोग आज बहुत परेशान नजर आ रहे हैं और उन्हें यह परेशानी खुद का का किया गुनाही कारकारडगी का नतिजहाई।जो अब अल्लाह के तरफ से इन जैसों को तोहफा में दिया गया है आज भी मैं वैसे लोगों से अपील करता हूं अंजुमन इस्लामिया गुमला के वर्तमान कमेटी पर मुकम्मल भरोसा रखें और अपनी गलती का तौबा करते हुए अल्लाह से एक नेक बनते हुए मुस्लिम समाज के लिए अपने निजी हित से ऊपर उठकर अंजुमन इस्लामिया और समाज के मजबूती का कार्य करें ।।।याद रखो कोई भी ट्रस्ट बनाने से अंजुमन इस्लामिया को कुछ फर्क नहीं पडने वाला अंजुमन इस्लामिया और उसके तमाम साथी आवाम चट्टानी एकता के साथ मुशाहिद आजमी और मकसूद के साथ खड़े हैं।अब तो पूरी गुमला की आवाम गुमला की अंजुमन इस्लामिया बन चुकी हैजो समाज को नुकसान पहुंचाने वाले आप जैसों के एक एक हरकत के खिलाफ खड़ी हो चुकी है।आपकी इज्जत आप जनाब आपके अपने हाथ में हैं। ओछी हरकतों से बाज आ जाओ।

एक नजर

मंडल कारा में लगा जेल अदालत

चाईबासा। नालसा एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार झारखंड जिला विधिक सेवा प्राधिकार चाईबासा के तत्वाधान में जेल अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान गठित बेंच सुप्रिया रानी तिग्गा, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी (सदर) के समक्ष तीन मामले को प्रस्तुत किया गया। समीक्षा के बाद मामले निष्पादन योग्य नहीं पाए गए। इस दौरान विधिक जागरूकता का आयोजन भी किया गया। जागरुकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने बंदियों को डालसा द्वारा प्रदत्त सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की, मंच का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कारा अधीक्षक सुनील कुमार ने किया। मौके पर संजीव सिन्हा सैफ उल हक असित बानरा, कुमार कमल सिंह प्रदीप कुमार गुप्ता, रेलवे कोर्ट के सहायक नूतन चंद्र कुमार सिंह, डालसा के सहायक खगेंद्र महतो, बिलाल अहमद कुरैशी और जेल अधीक्षक सुनील कुमार आदि भी

विवाद के बाद चली गोली, दो घायल

जमशेदपुर। जमशेदपुर के कदमा थाना अंतर्गत रामनगर में शनिवार-रविवार देर रात 2।30 बजे विवाद के बाद गोली चली। इस घटना में स्थानीय निवासी जितेन प्रमाणिक और सूरज कर्मकार घायल हो गए। इधर, पुलिस ने रविवार सुबह दोनों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां दोनों का इलाज किया गया। जितेन के कंधे से गोली आर-पार हो गई जबकि सूरज के पैर में गोली लगी है। इधर, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दरअसल, दोनों घायल सुबह घायल अवस्था में कदमा थाना पहुंचे और पुलिस को गोली चलने की जानकारी दी। दोनों ने पुलिस को दो खोखा और जिंदा गोली भी सौंपा। घायलों ने पुलिस को बताया कि वे लोग अपने परिवार के साथ पार्टी से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में स्कूटी सवार दो युवक पहुंचे और अचानक से फायरिंग कर दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। इधर, पुलिस ने घटना स्थल की जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि फायरिंग की सूचना मिली है, जिसके बाद दोनों से पूछताछ की जा रही है। दोनों बार-बार बयान बदल रहे है जिससे मामला संदिग्ध लग रहा है।

आधा दर्जन गांवों में नक्सलियों की पोस्टरबाजी

पश्चिम सिंहभूम। जिले के नक्सल प्रभावित मनोहरपुर प्रखंड के जराईकेला थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने पोस्टरबाजी कर लोकसभा चुनाव का विरोध किया है। नक्सलियों ने रवांगदा, डोमलोई, पंचपाहिया और जराईकेला इलाके में कई जगहों पर पोस्टरबाजी की है। जिले में सिंहभूम संसदीय सीट पर लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया जारी है। प्रत्याशी नामांकन करने लगे हैं। 13 मई को मतदान होगा। इसको लेकर लगातार पुलिस नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार सघन छापेमारी अभियान चला रही है, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो। पुलिस ने पोस्टर को जब्त कर मामले की जांच कर रही है। हालांकि, जिस तरह पश्चिमी सिंहभूम जिले में पुलिस का दबाव बढ़ा है, उससे नक्सली बैकफुट पर नजर आ रहे हैं। हाल ही के दिनों में पुलिस को नक्सलियों के विरुद्ध कई सफलता मिली है।

शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से जागरुकता रैली का आयोजन

उपायुक्त ने जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता

देवघर। लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं, समाज सेवियों, युवा और महिला मतदाताओं ने जागरुकता रैली का आयोजन किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर ने हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रैली को रवाना किया। इससे पहले डीसी ने मतदाताओं से अपने मत का उपयोग करने और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी को मतदाताओं को अपने अभिभावकों तथा आस-पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलायी। ताकि लोकतंत्र के महापर्व में शत-

प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। डीसी ने जिले में चल रहे विशेष कैंप के माध्यम से युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में सभी मतदाता एक जून को अपनी सहभागिता निभाते हुए शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करें। वहीं डीसी ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए खुद को सुरक्षित रखने और आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की। साथ ही मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। मौके पर डीसी के अलावा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, स्वीप नोडल सह जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, विभिन्न सामाजिक स्वयं सेवी संस्था, स्वीप टीम से विनय ठाकुर व कर्मी आदि उपस्थित रहे।

आईजी ए. विजयालक्ष्मी ने की रिव्यू मीटिंग, सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने का निर्देश

देवघर। लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को संथाल परगना की आईजी ए। विजयालक्ष्मी पहली बार पुलिस के साथ रिव्यू मीटिंग करने के लिए देवघर पहुंची। यहां एसपी ऑफिस में उन्हें गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद आईजी ने एसपी और सभी थाना प्रभारी के साथ रिव्यू मीटिंग की. आईजी ए. विजयालक्ष्मी ने एसपी और सभी थानेदारों को लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध धंधे और वारंटियों को भी गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। आईजी ने कहा कि कहीं कोई चूक न रह जाये इसको लेकर हमेशा चौकस रहें। सभी बॉर्डर इलाके में बनाये गये चेक पोस्ट की निगरानी बेहतर तरीके से करें। किसी भी रूप में कोई भी अवैध तरीके से कुछ भी चीज ना ला पाये और ना ले जा पाए इसे सुनिश्चित करें। संताल परगना में तीन लोकसभा क्षेत्र हैं, सभी जगह शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराया जाए इसको लेकर तैयार रहें। देवघर में पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी को बेहतर बताया। उन्होंने इसे और सुदृढ़ करने के दिशा-निर्देश दिए हैं। लोकसभा चुनाव में कहीं कोई चूक न हो जाये इसको लेकर आईजी खुद सभी चीजों की मॉनिटरिंग कर रही हैं।

पोड़ाहाट स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन

आदिवासी मुंडा समाज ने निकाली शोभायात्रा

संवाददाता

चक्रधरपुर। चक्रधरपुर के पोड़ाहाट स्टेडियम में रविवार को आदिवासी मुंडा समाज पोड़ाहाट के तत्वाधान में बाः पोरोब मनाया गया। इस अवसर पर चक्रधरपुर के पोड़ाहाट स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा, पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा, देवेन्द्र नाथ सामंत, महाराजा मदरा मुंडा की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर व दीप जलाकर किया गया। वहीं आयोजन समिति की ओर से समाज के

पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। रविवार शाम पोड़ाहाट स्टेडियम से विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में आगे-आगे आदिवासी मुंडा समाज के मुख्य संरक्षक रामलाल मुंडा, अध्यक्ष श्याम सिंह मुंडा, सचिव चन्द्रशेखर दास समेत अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में मुंडा समाज के लोग नगाड़ा, ढोल, मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य करते हुये चल रहे थे। इस अवसर पर देर शाम तक पोड़ाहाट स्टेडियम कार्यक्रम आयोजित की गई। इस मौके पर आयोजन समिति के उपाध्यक्ष सुखनराम मुंडा, लालमोहन मुंडा, संगठन सचिव विशाल मुंडा, उप सचिव लखिन्द्र मुंडा, कोषाध्यक्ष सूरज मुंडा, उप कोषाध्यक्ष जगन्नाथ मुंडा, मीडिया प्रभारी सुखलाल लागुरी, कृष्णा सांडिल, सरदार मुंडा, अर्जुन मुंडा, संदीप शंख, गंगाधर नाग, माघो मुंडा, मदन मुंडा समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु के समय-सारणी में हुआ बदलाव

संवाददाता

किरीबुरु। झारखण्ड राज्य में अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए झारखण्ड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी, सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों के स्कूलों का समय में परिवर्तन संबंधित जारी आदेश के बाद केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु स्कूल प्रबंधन ने स्कूल का समय में बदलाव किया है। केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु के प्राचार्य डा0 आशीष कुमार ने बताया की 22 अप्रैल से

हमारा स्कूल में छात्र-छात्राओं का रिपोर्टिंग समय सुबह 6।50 बजे रखा गया है। कक्षाएं सुबह 7 बजे से शुरू होंगी। वर्ग 1 से 8 के छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल 11:30 बजे समाप्त हो जाएगा। स्कूल बस के बच्चों को 11:40 बजे छोड़ा जाएगा। कक्षा 9-12 के छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल 11:50 बजे समाप्त हो जाएगा। उसके बाद सभी बच्चों को छोड़ा जाएगा। इस दौरान एसेम्बली व खेल क्लास को बंद रखने का फैसला अगले आदेश तक किया गया है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे बच्चों को समय पर छोड़ें और ले जाएं तथा गर्मी से बचने के लिए उन्हें पानी की बोतलें उपलब्ध कराएं।

भाजपा नेताओं ने एनडीए के घटक दलों के साथ की बैठक

संवाददाता

आदित्यपुर। रविवार को आदित्यपुर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की एक संयुक्त बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी दल के नेताओं ने निर्णय लिया कि सिंहभूम लोकसभा संसदीय सीट से राजग प्रत्याशी गीता कोड़ा को भारी मतों से जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथो को मजबूत करेंगे। आज की बैठक में शामिल नेताओ ने यह भी निर्णय किया कि संयुक्त प्रचार अभियान चलाया जायेगा और जनसमर्थन मांगा जायेगा। दल के नेताओं ने कहा भाजपा प्रत्याशी की जीत निश्चित है, फिर भी हमे अपने प्रयास में कही कमी नहीं छोड़ना है। साथ ही निर्णय लिया गया की कल भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के होने वाले नामांकन कार्यक्रम में सभी दलों के कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होंगे। बैठक में सिंहभूम लोकसभा के प्रभारी डॉ दिनेशानंद गोश्वामी, आदित्यपुर के पूर्व मेयर बिनोद श्रीवास्तव, भाजपा नेता गणेश महाली, पूर्व डिप्टी मेयर बॉबी सिंह, आजसू नेता सचिन महतो, माकुड़ महतो, जदयू के कौशलेन्द्र कुमार, लोजपा के रंजीत तिवारी और मनोज पासवान शामिल थे।

भगवान महावीर की जयंती पर निकली शोभा यात्रा

संवाददाता

गिरिडीह। अहिंसा परमो धर्म का संदेश देने वाले भगवान महावीर की जयंती पर रविवार को गिरिडीह में भी भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। बड़ा चौक के जैन मंदिर से निकली इस शोभा यात्रा में युवाओं की टोली एक चांदी के पालने में भगवान महावीर के अष्टधातु की मूर्ति लिए साथ चल रहे थे। जबकि एक वाहन में भगवान महावीर का दरबार सजा था। गाजे बाजे के साथ यह शोभायात्रा शहर के कई हिस्सों से गुजरते हुए मकतपुर पहुंचा, जहां भक्तों ने चांदी के पालने में स्थापित मूर्ति की आरती उतारी । शहर भ्रमण के बाद शोभा यात्रा वापस मंदिर पहुंच कर समाप्त हुआ।

सदर अस्पताल में चला मतदाता जागरूकता अभियान

गोड्डा। गोड्डा जिले में आगामी लोकसभा आम चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप लगातार चल रहा है । रविवार को गोड्डा सदर अस्पताल में गोड्डा डिस्ट्रिक डेवलपमेंट कमिश्नर स्मिता टोप्पो एवं एसडीएम वैद्यनाथ उरांव ने अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अस्पताल कर्मियों एवं चिकित्सा करने आए लोगों के साथ शपथ लिया । अधिकारियों ने सभी के साथ शपथ लिया कि वह लोकसभा आम चुनाव में नियमों के तहत अवश्य ही वोट डालेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करेंगे पदाधिकार करने से हमारा देश सशक्त होगा। कार्यक्रम के दौरान स्वीप टीम द्वारा सदर अस्पताल में आए रोगियों एवं उनके परिजनों से मिलकर निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने, मतदाता सूची में पंजीकरण एवं मताधिकार के प्रति जागरूक किया गया।

मगध खदान का तकनीकी निदेशक ने किया दौरा

लातेहार। सीसीएल के तकनीक निदेशक हरीश दूहान ने रविवार को मगध-संघमित्रा क्षेत्र के मगध परियोजना पहुंच कर व्यू पॉइंट से खनन गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने खदान संचालन से संबंधित विभिन्न विषयों पर महाप्रबंधक के साथ चर्चा की। उत्पादन व डिस्पैच संबंधी गतिविधियों और खदान के विस्तार योजना का भी जायजा लिया तथा लक्ष्य प्राप्ति हेतु निर्देश दिए। दौरे के दौरान क्षेत्रिय महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ, परियोजना पदाधिकारी एस। सत्यनारायणा व खान प्रबंधक मो अकरम सहित परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

सामुदायिक भवन में लगा स्वास्थ्य शिविर

संवाददाता

बहरागोड़ा। बहरागोड़ा अवस्थित जयप्रकाश नारायण सामुदायिक भवन में रविवार को रेड क्रॉस सोसाइटी व फिजियोथैरेपी सेंटर के संयुक्त सहयोग से एकदिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सह फिजियोथैरेपी सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश कुमार षाड़ंगी ने दीप प्रज्वलित कर तथा सामुदायिक भवन परिसर में अवस्थित जयप्रकाश नारायण की मूर्ति पर मल्लारपर्ण तथा पुष्प अर्पित कर के शुभारंभ किया गया। इस उपलक्ष पर डॉक्टर षाड़ंगी ने कहा कि इस प्रकार का फिजियोथैरेपी सेंटर ग्रामीण क्षेत्र में होने की जरूरत है तभी जाकर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकती है। वहीं इस निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सिविर आसपास से आए हुए सैकड़ो लोगों की डॉ पीयूष जैन, डॉक्टर नियति कुमारी व डॉक्टर माला कुमारी ने स्वास्थ्य जांच कर सलाह तथा निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया।इस मौके पर बहरागोड़ा महाविद्यालय के प्राचार्य बालकृष्ण बेहरा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर उत्पल मुर्मू, डॉक्टर बिनी षाड़ंगी, डॉक्टर श्रद्धा सुमन षाड़ंगी, डॉ सूरॉय माण्डी, डॉ गोपीनाथ महाली, जगन्नाथ नायक आदि उपस्थित थे।

नगर निगम ने टैंकर से शुरू कराई जलापूर्ति

मेदिनीनगर। गर्मी के बढ़ते ही शहर के अधिकांश चापाकल सूखने लगे हैं। वहीं शहरी जलापूर्ति भी प्रभावित हो रही है। इन सब के बीच मेदिनीनगर नगर निगम प्रशासन ने शहर के 20 वार्डों को चिन्हित कर टैंकर से जलापूर्ति का कार्य शुरू कराया है। निगम प्रशासन द्वारा फिलहाल 35 वार्डों में से शहर के 20 वार्डों को चिन्हित कर जलापूर्ति कार्य शुरू कराया है। इनमें निमियां, बैरिया, आबादगंज, कांदू मोहल्ला के इलाके शामिल हैं। इधर बढ़ रही गर्मी वह पेयजल किल्लत को देखते हुए शहरवासियों ने निगम प्रशासन से टैंकरों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन ने बताया कि फिलहाल शहर के प्रभावित इलाके में टैंकर से 35 ट्रीप पानी का वितरण किया जा रहा है।

टाटा स्टील को सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान का पुरस्कार

संवाददाता

आदित्यपुर। टाटा स्टील लिमिटेड को 34वीं राष्ट्रीय सीआईआई कौशल प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान का पुरस्कार मिला है। यह आयोजन 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक दिल्ली में हुआ था। टाटा स्टील से 52 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इनमें से टाटा स्टील को कुल 38 पुरस्कार मिले। इसमें भाग लेने वाली अन्य कंपनियां सेल, गोदरेज, टाटा मोटर्स लिमिटेड, टाटा स्टील लिमिटेड, कैटरपिलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, अंजलि फाउंडेशन, ब्लू स्टार, अमरा राजा मोबिलिटी एंड एनर्जी, क्यूमी, डेमेलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल प्राइवेट लिमिटेड, गोदरेज एंड

बॉयस मैन्युफैक्चरिंग, डेंसो हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड, एल्गी इक्विपमेंट प्राइवेट लिमिटेड, इसुजु मोटर इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा, नेस्ले इंडिया, सुब्रोस लिमिटेड, रॉकमैन इंडस्ट्रीज लिमिटेड, टाटा मेटालिक लिमिटेड, टाटा फाउंडेशन लिमिटेड, सेंट गोबेन इंडिया, श्विंग स्टील इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,टाटा हिताची कंस्ट्रक्शन मशीनरी, टाटा यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड शामिल थे।

बुनियादी सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

संवाददाता

गुमला। बिशुनपुर प्रखंड के पूर्वी पठार क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांवों के चार बूथ के लोगों ने सड़क नही बनने के कारण रविवार को बैठक कर वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। मौके पर हाडूप रिसापाठ उप स्वास्थ्य केंद्र के समीप गांव के ग्राम प्रधान ननकू खरवार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जहां ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बाद आज भी प्रखंड के पूर्वी पठार क्षेत्र के लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। इस संबंध में कई बार ग्रामीणों के द्वारा प्रखंड कार्यालय जिला कार्यालय एवं वन विभाग को ज्ञापन सौंप कर सड़क बनाएं जाने की मांग की गई है। लेकिन अब तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है, जिस कारण लोगों को प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने में काफी कठिनाई होती है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि सड़क नहीं होने के कारण जब कोई बीमार पड़ता है तो लोग उसे खाट पर उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाते हैं। तब तक कई लोगों की जान भी चली जाती है। खासकर गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानियां झेलनी पड़ती है। इसके अलावा सड़क के अभाव में गांव के बच्चे भी स्कूल तक नहीं पहुंच पाते हैं और अधिकांश लोग गांव में अशिक्षित

हैं। इन्हीं वजह से गांव के लोग इन दिनों काफी आक्रोशित हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हम कभी कांग्रेस को तो कभी बीजेपी को वोट देकर सरकार बनाने का काम करते आ रहे हैं। परंतु शायद हमारे द्वारा चुनी गई सरकार की नजरों में हम उनके जनता नहीं है। इसीलिए आज तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। यही वजह है कि ग्रामीण एकजुट होकर सर्वसम्मति से वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिए हैं। इस मौके पर रामलाल उरांव, राजबली भगत, पुराण भगत, बसंत उरांव, मंगरु खेरवार, बुद्धेश्वर उरांव, मंजू देवी सहित कई लोग उपस्थित थे। राजनीतिक दल के नेताओं को गांव नहीं घुसने की दी गई है चेतावनी ग्रामीणों ने राजनीतिक दल के नेताओं को गांव नहीं घुसने की चेतावनी देते हुए कहा गया है कि सिर्फ चुनाव के दरमियान नेता हमारे गांव आते हैं और चिकनी चुपड़ी बातें बनाकर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए लुभाने का काम करते हैं। अगर कोई राजनीतिक दल के नेता वोट मांगने के उद्देश्य से गांव आते हैं तो उन्हें इस बात का जवाब देना होगा कि आज तक सड़क क्यों नहीं बनी। यदि नेताओं के द्वारा गुमराह करने का प्रयास किया गया तो उन्हें बंधक बनाने का भी काम किया जाएगा। वोट बहिष्कार करने की सूचना मिलने के उपरांत सेरका पंचायत के कई पंचायत प्रतिनिधि बैठक में शामिल होकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे थे कि वोट देना उनका अधिकार है। वह काम करने वाले प्रतिनिधि का चयन करें। इस पर गांव के लोग आग बबूला हो गए और जनप्रतिनिधियों को भी जमकर खरी खोटी सुनाई।

संथाल परगना मोटर मजदूर यूनियन के अध्यक्ष अरुण सिंह पर जानलेवा हमला

दुमका। कचहरी चौक के पास रविवार की सुबह संथाल- परगना मोटर मजदूर यूनियन के अध्यक्ष अरुण सिंह को दो अपराधियों ने गोली मारने की कोशिश की। लेकिन उनकी सूझ बूझ से जान बच गई। बताया जाता है कि सुबह अरुण सिंह अखबार बांटने के लिए बस स्टॉप आ रहे थे। इसी क्रम में कचहरी चौक के पास खड़े ई-रिक्शा से दो लोग उतरे और उनकी बाइक को रोकी। दोनों युवकों में से एक ने तुरंत पिस्तौल निकालकर उनकी कनपटी पर रख दी और गोली चलाने की कोशिश की। लेकिन अरुण सिंह ने साहस दिखाते हुए उनकी पिस्तौल पकड़कर घुमा दी और उससे भिड़ गये। इसके बाद दोनों ने मिलकर

उनकी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद हमलावर पुलिस को सूचना देने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी पीतांबर सिंह खेरवार मौके पर पहुंचे और हमले में शामिल एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने कंट्रोल रूम के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। अरुण सिंह एक दैनिक अखबार के एजेंसी के मालिक भी हैं।

एक झलक

अनंत सिंह की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में एडमिट

पटना : पूर्व विधायक और बाहुबली अनंत सिंह की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उन्हें पटना के आईजीआईएमएस अस्पताल में एडमिट कराया गया है। अनंत सिंह विभिन्न आपराधिक मामलों में बेऊर जेल में बंद हैं। अनंत सिंह की जेल में अचानक तबीयत बिगड़ने पर आईजीआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। अनंत सिंह पेट संबंधी बीमारी से जूझ रहे हैं।घर में एके 47 जैसे हथियार रखने के साथ कई आपराधिक मामलों में अभियुक्त अनंत सिंह फिलहाल पटना के बेऊर जेल में बंद हैं। अनंत सिंह से मोकामा विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे।

छापेमारी, नकली इलेक्ट्रिकल सामान बरामद

भागलपुर : जले की जगदीशपुर पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र के बादे रोड स्थित राकेश रोशन के मकान में छापेमारी की जहां नकली इलेक्ट्रिकल सामान का गोरखधंधा चल रहा था। छापेमारी के दौरान उषा, बजाज, प्रेस्टीज, वी-गार्ड सहित कई ब्रांड के पंखा, टोस्टर, आयरन सहित कई नकली सामान बरामद किया गया। कंपनी के एरिया मैनेजर शीतल कुमार झा ने बताया कि मुझे गुप्त सूचना मिली थी कि यहां नकली सामान पर कंपनी का स्टिकर लगाकर बाजार में सप्लाई किया जा रहा है। सूचना पर मैंने इसकी गुप्त रूप से जांच कराया तो इसे सही पाया। इसकी जानकारी मैंने सिटी एसपी मिस्टर राज को दिया। उन्होंने जगदीशपुर थाने को इस मामले में जानकारी दी। जानकारी मिलते ही जगदीशपुर पुलिस ने छापेमारी कर इस गोदाम से भारी मात्रा में नकली सामान बरामद किया है। वहीं पुलिस को आते देख गोदाम संचालक गोदाम छोड़कर मौके से फरार होने में सफल रहा।

सड़क दुर्घटना में दो युवक की मौत

भागलपुर : जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के अस्पताल चौक के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर हाइवा के धक्के से मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक की मौत हो गई। घटना बीते देर रात्रि की है। घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मायागंज रेफर कर दिया। मायागंज अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे की स्थिति नाजुक होने के कारण उसे पटना रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान हबीबपुर के विशाल कुमार और सालेपुर के राहुल कुमार शर्मा के रूप में की गई है। दोनों एक शादी समारोह में शामिल होने सैनो गांव जा रहा था। घटना की सूचना पाकर जगदीशपुर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। घटना के बाद हाइवा चालक गाड़ी को लेकर भाग निकला।

भागलपुर में धूमधाम से मनाई गयी भगवान महावीर की जयंती

भागलपुर : श्री दिगम्बर जैन समाज भागलपुर के द्वारा रविवार को भगवान महावीर जयंती महोत्सव धूमधाम से मनायी गयी, जिसको लेकर आज शहर में शोभायात्रा जुलूस कोतवाली चौक जैन मन्दिर से निकाली गई। जिसमें शहर के जैन समाज के लोग काफी संख्या में शामिल हुए। भगवान महावीर को 108 कलश से महाअभिषेक किया गया। सुनील जैन ने बताया कि इस महावीर जयंती पर पूजा पाठ के अलावे प्रसाद और भंडारा का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में देश के कई राज्यों से श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। उनके रहने खाने की भी व्यवस्था की गई है।

सड़क दुर्घटना में दो युवक की मौत

भागलपुर : जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के अस्पताल चौक के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर हाइवा के धक्के से मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक की मौत हो गई। घटना बीते देर रात्रि की है।

सीएम नीतीश कुमार ने जिले के ठाकुरगंज के गांधी मैदान में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

नरेन्द्र मोदी और मेरा कोई परिवार नहीं : सीएम

एजेंसी

किशनगंज : सीएम नीतीश कुमार ने जिले के ठाकुरगंज के गांधी मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राजद और कांग्रेस को परिवारवादी पार्टी बताते हुए जमकर निशाना साधा। सीएम नीतीश कुमार जेडीयू उम्मीदवार मुजाहिद आलम के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने रविवार को यहां पहुंचे थे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले पत्नी को बनाया फिर बेटा को बनाया और अब बेटी को बना रहे है सिर्फ इन्हे परिवार की चिंता है। वहीं कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि

कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई लड़ी लेकिन आज एक परिवार के लोगो का कांग्रेस पर कब्जा है जिसकी वजह से कांग्रेस पार्टी खत्म होता चला जा रहा है। सीएम ने कहा की नरेन्द्र मोदी और मेरा कोई परिवार नही है। हम दोनो का परिवार आप लोग है। उन्होंने मुस्लिम समाज से अपील करते हुए कहा कि पहले मदरसा की स्थिति क्या थी और आज क्या है। हम लोगों ने बहुत काम किया है क्या आप लोग हमे भूल जायेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राजद के राज में प्रजनन दर 4.3% था जिसके बाद जब हमने लड़कियों को पढ़ाना शुरू किया तब प्रजनन दर 2.9% हुआ। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं सरकार की उपलब्धियों से लोगो को अवगत करवाते हुए जेडीयू उम्मीदवार मुजाहिद आलम को वोट देने की अपील की। मौके पर बिहार सरकार में मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल, मो. जमा खान, विजय चौधरी, सैयद शहनवाज हुसैन, नौशाद आलम, मुजाहिद आलम, गोपाल अग्रवाल, सिकंदर सिंह सहित अन्य नेता मौजूद थे।

एस एन एस कॉलेज में भगवान महावीर की जयंती समारोह आयोजित

सहरसा : सर्व नारायण सिंह रामकुमार सिंह महाविद्यालय सहरसा के स्मार्ट क्लास में प्राचीन इतिहास विभाग एवं इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में भगवान महावीर की जयंती मनाई गई। इस समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो डॉ अशोक कुमार सिंह ने की वही कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ विभूति भूषण ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ सिंह ने भगवान महावीर एवं जैन धर्म से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर ज्ञान एवं दर्शन पर अपना विचार व्यक्त किया। डॉ सुधीर कुमार सिन्हा ने कहा की सत्य अहिंसा शांति के मार्ग पर चलने और वर्तमान समय में उनको याद करते हुए उनके विचार को अपने आचरण में उतरना चाहिए। डॉ अवधेश कुमार मिश्रा ने कहा कि अहिंसा, शांति, सत्य हर युग में हर परिस्थिति में अपनाने योग्य है। डॉ अनुज ने महावीर स्वामी को एक समाज सुधारक कहीं।कार्यक्रम के समापन में डॉ विभूति भूषण ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा की कुरीतियों से समाज को बाहर निकालने के लिए जैन धर्म की उत्पत्ति हुई।

जिला निर्वाचन पदधिकारी ने सतत कार्यशील समेकित नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण

एजेंसी

सहरसा : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री वैभव चौधरी, आई०ए०एस० ने लोक सभा आम निर्वाचन निमित समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सतत कार्यशील समेकित नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने प्रति नियुक्त कर्मियो से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबध में पूछताछ की, ५', टउउ से संबंधित पंजियों का अवलोकन किया। निरीक्षण क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने लोक सभा आम निर्वाचन:2024 निमित निरंतर कार्यशील रऱळ स्त्रङ्खल्ल३२ पर संस्थापित सीसीटीवी के माध्यम से किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया, नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त कर्मियो को निर्देश दिया गया कि वे रऱळ स्त्रङ्खल्ल३२ पर कार्यरत कर्मियो से पेयजल, मेडिकल किट उपलब्धता के संबंध में लगातार पूछताछ करते रहे। मेडिकल किट अनुपलब्धता की स्थिति में संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को समयोचित सहायता हेतु सूचित करना है।ज्ञात हो की समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में 24/7 स्तर पर कार्यशील समेकित नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सिंगल विंडो, आदर्श आचार संहिता, व्यय लेखा अनुश्रवण, लोक शिकायत निवारण एवं उ ३्र' अंतर्गत प्राप्त मामलो के निवारण हेतु कि जा रही कारवाई का सतत अनुश्रवण किया जा रहा है।

नवादा में पान के बरैठा में लगी आग, कार जल कर खाक

एजेंसी

नवादा : नवादा जिले के पकरीबरावां थाने के डोला गांव में पासवान समाज के महिलाओं की पूजा के दौरान अगरबत्ती से निकले चिंगारी से डेढ़ एकड़ जमीन में लगी आग में 20 परिवारों की पान की फसल जलकर खाक हो गई। पीड़ित किसान सतीश चौरसिया ने बताया कि अर्जुन पासवान की घर की महिलाओं ने जानबूझकर उन सबों के खेत में आग लगा दिया ।जिससे लाखो रुपये मूल्य की पैन की फसल जलकर नष्ट हो गई।इस घटना के बाद चौरसिया समाज के लोगों ने पासवान समाज के घर में घुसकर महिला पुरुष सबका जमकर पिटाई की ।अर्जुन पासवान के घर में आज बेटी की बारात आने वाली है । औरतों को घर में घुसकर पिटाई का आरोप लगाया गया ।जबकि पांच किसानों का कहना है कि उन सबों को भी ईंट

पत्थर चला कर पीटा गया। पकरीबरावां के थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया की घटना की जानकारी मिलते ही दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए । सच्चाई है कि पासवान समाज की महिलाओं के पूजा के दौरान अगरबत्ती से निकले चिंगारी से आग लगी ।जबकि चौरसिया समाज के लोगों ने इसे जानबूझकर आग लगाने का आरोप लगाकर घर में घुसकर जमकर पिटाई की ।इसके बाद दोनों पक्ष से पत्थरबाजी भी हुई।पुलिस दोनों पक्ष से प्राथमिकी दर्ज कर ली है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि घटना में शामिल चिन्हित लोगों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव में कुछ लोग जानबूझकर मतदान की राजनीति को लेकर जातीय द्वेष फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हकीकत कुछ अलग ही बयां कर रही है। उन्होंने कहा कि यह लगाई गई आग नहीं बल्कि एक दुरसंयोग की घटना है ।लेकिन दोनों आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है ।घटनास्थल पर पकरीबरामा के अनुमंडल पदाधिकारी महेश चौधरी भी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया ।उन्होंने भी दो पक्षों के बीच घटित इस घटना को महज एक घटना बताया ।उन्होंने कहा कि कभी भी परिस्थितियों से राजनीति नहीं करनी चाहिए ।थाना प्रभारी ने साफ तौर पर कहा कि किसी को भी गलत करने की छूट नहीं दी जाएगी ।इस मामले में जो भी दोषी होगा ,उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी । थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। लेकिन जल्द ही इस घटना में जो भी दोषी हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी । जानकारी होते ही गांव के लोग मौके पर पहुंचे और इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस और अग्निशामक विभाग को दिया।

नेताओं को कभी अर्श पर , कभी फर्श पर बिठाते रहे हैं वोटर: सजल प्रसाद

एजेंसी

किशनगंज : वर्ष 1952 से ही है किशनगंज संसदीय क्षेत्र 65-68 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता बहुल रहा है। जिले के लोगों की अमन-चैन पसंदगी और हिन्दू-मुस्लिम भाईचारगी पूरे देश में एक मिसाल है। वर्ष 1967 में जमीन से जुड़े पक्के समाजवादी नेता लखन लाल कपूर को हिन्दू-मुस्लिम मतदाताओं ने मिलकर सांसद चुना था। और, उनका नाम अबतक के किशनगंज संसदीय इतिहास में एकमात्र हिन्दू सांसद के रूप में दर्ज है। बाबरी मस्जिद प्रकरण के समय मुस्लिम नेता के रूप में उभरे सैयद शहाबुद्दीन (पूर्व आई.एफ.एस अधिकारी) वर्ष 1985 के लोकसभा उप चुनाव में सांसद निर्वाचित हुए थे। इस तरह 1985 में ही पहली बार किशनगंज

पूरे देश में सुर्खियों में आया था और आज तक सुर्खियों में है। वर्ष 1989 में सीटिंग एम.पी. होने के बावजूद सैयद शहाबुद्दीन का नामांकन पत्र आश्चर्यजनक रूप से रद्द हो गया था और वे किशनगंज से चुनाव नहीं लड़ सके थे। वर्ष 1989 में प्रख्यात पत्रकार एम.जे.अकबर कांग्रेस टिकट पर सांसद चुने गए थे। लेकिन, 1991 के लोकसभा चुनाव में एम.जे. अकबर को मात्र 80 हजार वोट ही मिले थे और वे बुरी तरह पराजित हुए थे। वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन नामांकन समाप्त होने के सिर्फ.दो मिनट पहले नाटकीय ढंग से सैयद शहाबुद्दीन नामजदगी का पर्चा दाखिल कर पाए थे और वे दूसरी बार किशनगंज के सांसद चुने गए थे। नामांकन करने के लिए उन्हें अप्रत्याशित रूप से सरकारी विमान से पटना से सीधे किशनगंज भेजा गया था। वर्ष 1996 में प्रखर मुस्लिम नेता के रूप में स्थापित एवं सीटिंग सांसद सैयद शहाबुद्दीन ने टिकट नहीं मिलने पर जब निर्दलीय चुनाव लड़कर अपनी लोकप्रियता जाननी चाही तो, उन्हें बहुत निराश होना पड़ा था। उन्हें मात्र 9 हजार वोट ही मिले थे। उनकी जमानत तक जब्त हो गई थी और उन्हें बड़े बेआबरू होकर यह कूचा छोड़ना पड़ा था। वर्ष 1996 में हुए त्रिकोणीय मुकाबले में पहली बार मो. तस्लीमुद्दीन किशनगंज के सांसद चुने गए थे। वर्ष 1998 में भी वे दोबारा एमपी चुने गए। वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबले में मुस्लिम मतदाता बहुल किशनगंज से भाजपा टिकट पर सैयद शाहनवाज हुसैन सांसद निर्वाचित हुए। अपने कार्यकाल में शाहनवाज हुसैन करीब आधा दर्जन मंत्रालयों में मंत्री रहे। वर्ष 2004 में मो. तस्लीमुद्दीन किशनगंज से तीसरी बार राजद टिकट पर सांसद चुने गए थे

डॉ.राजेश कुशवाहा पर आचार संहिता उल्लघंन का मामला दर्ज

एजेंसी

पूर्वी चंपारण : जले के मेहसी और अरेराज थाना में पूर्वी चंपारण लोकसभा सीट से महागठबंधन (वीआईपी) के उम्मीदवार डॉक्टर राजेश कुशवाहा पर रविवार को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। दोनो थाना में मजिस्ट्रेट के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई। बताया गया है कि डॉ राजेश कुशवाहा पूर्वी चंपारण लोकसभा से महागठबंधन की ओर से अपनी उम्मीदवारी तय होने के बाद शनिवार को मोतिहारी पहुंचे। इस दौरान मेहसी के मंगुराहा में उनके स्वागत में आए समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी।फिर वहां से एक काफिले में आगे बढ़ने के इस क्रम में जगह जगह लोगो की भीड़ जुटती गयी। जैसे ही उनका

काफिला अरेराज पहुंचा तो वह भारी जुलूस में बदल गई। हालांकि इसकी कोई अनुमति नहीं ली गई थी, जिसको लेकर उनके विरूद्ध आदर्श आचार संहिता का मामला दर्ज किया गया है। चकिया एसडीओ ने बताया कि बिना अनुमति के भीड़ एकत्रित करना और जुलूस निकालना आदर्श आचार संहिता उल्लंघन है।ऐसे में मेहसी थाना में मजिस्ट्रेट के बयान पर वीआईपी उम्मीदवार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। अरेराज एसडीओ अरुण कुमार ने बताया कि वीआईपी उम्मीदवार डॉ राजेश कुशवाहा ने बिना अनुमति के बड़ी संख्या गाड़ियो में पार्टी का झंडा लगाकर रोड शो किया और भीड़ इकठ्ठा किया जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।इसलिए मामला दर्ज किया गया।

फारबिसगंज में महावीर जयंती पर निकाली गयी शोभा यात्रा

एजेंसी

फारबिसगंज : फारबिसगंज में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर जैन की जयंती पर स्थानीय तेरापंथ भवन, श्रवण महावीर भवन से सकल जैन समाज के तत्वावधान में जैन धर्म के विभिन्न पंथों व अनुयायियों ने संयुक्त रूप से रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली। यह यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, समता भवन दादाबाड़ी मंदिर होते हुए तेरापंथ भवन पहुंचा । वहीं जैन धर्म के अनुयायियों ने महावीर शब्द के अक्षरों का विश्लेशन कर बताया कि म से मोह पर विजय, ह से हिम्मत नहीं हारना, आ से आस्था के भाव, वि से विश्वास को सुदृढ़ करना तथा र से राग विद्वेष को खत्म करना बताया। इससे पूर्व शोभा यात्रा में भगवान महावीर के जीवन एवं आदर्शो से संबंधित कई आकर्षक झांकियां भी शामिल थी। मौके पर महिलायें पीत वस्त्र तथा पुरूष श्वेत वस्त्र धारण किये थे। जैन धर्म एवं भगवान महावीर के जयकारो से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा था। अपराह्न में युवक परिषद, महिला मंडल, कन्या मंडल एवं ज्ञान शाला के सदस्यों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये

दो जिंदा और दो खाली कारतूस के साथ बदमाश को पकड़ा

एजेंसी

अररिया : जिले के भरगामा थाना क्षेत्र के सिरसिया कला गांव के जिलेबिया मोड़ के पास अपराध की नियत से जमा एक बदमाश को हथियार के साथ पुलिस ने ग्रामीणों के मदद से धर दबोचा।मामला शनिवार शाम की है,जिसे रविवार को न्यायिक हिरासत में अररिया जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने युवक के पास से दो देशी कट्टा,दो जिंदा कारतूस और दो खाली खोखा और एक बाइक बरामद किया है। घटना को लेकर उप मुखिया रंजन कुमार राय ने पुलिस को बताया कि शनिवार के शाम में वेलोग जिलेविया मोड़ के पास बैठे हुए थे।इसी दौरान एक ग्रामीण ने बताया कि पुल के पास काले रंग के अपाची गाड़ी को खड़ा कर तीन

युवक आपस में बातचीत कर रहे हैं और किसी का इंतजार कर रहे हैं। युवक के देर शाम जमा होने पर शक होने पर वे लोग मौके पर पहुंचे तो अखिलेश यादव तीनों को बात में उलझाने की कोशिश की।बातचीत के क्रम में युवकों के अपराधिक प्रवृति होने का अहसास होने पर वे लोग उनको पकड़ने की कोशिश की,जिसके बाद जमा युवकों ने देशी कट्टा निकालकर फायरिंग करनी शुरू कर दी।फायरिंग के बाद जहां दो युवक मकई के खेत में भाग गए।वहीं एक बदमाश को दोनों ने धर दबोचा और भरगामा थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी। भरगामा थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिस अधिकारी जवानों के साथ मौके पर पहुंच कर बदमाश को अपने कस्टडी में लिया और उनके पास से दो देशी कट्टा,दो जिंदा कारतूस और मौके से दो खाली खोखा बरामद किया।गिरफ्त में आए बदमाश सुपौल जिला के जदिया थाना क्षेत्र का रहने वाला मंसूर आलम है।पुलिसिया पूछताछ में दोनों फरार हुए बदमाश के बारे में साकिर ने जानकारी दी है।

नवादा में मालगाड़ी ने ऑटो में मारी टक्कर,महिला की मौत

एजेंसी

नवादा : किउल - गया रेलखंड के नवादा जिले के नरहट थाने के चातर हॉट के निकट रविवार को गया से नवादा की ओर आ रही मालगाड़ी ने एक ऑटो में टक्कर मार दी। घटना में ऑटो पर सवार आठ लोगों में से एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि सात यात्री घायल हो गये। सभी घायलों को सदर अस्पताल नवादा में इलाज के लिए दाखिल कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नवादा की ओर से चातर हाल्ट के निकट ऑटो रिक्शा पहुंची,जिस पर आठ लोग सवार थे ।ऑटो जैसे ही रेलवे क्रॉसिंग पार कर रही थी कि गया की ओर से मालगाड़ी आ गई ,जिसने ऑटो में टक्कर मार

दी ।ऑटो पर सवार सभी लोग नरहट थाने के हाजीढाव गांव के निवासी थे। सभी एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गांव जा रहे थे। दुर्घटना में उगिया देवी नामक महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को नवादा सदर अस्पताल पहुंचाया गया है ।

मो. तस्लीमुद्दीन ने सांसद बनकर दिल्ली में किया प्रतिनिधित्व

एजेंसी

किशनगंज : तस्लीमुद्दीन एक ऐसा नाम जो बयानों को लेकर हमेशा चर्चा में रहे हो लेकिन किशनगंज के विकास को लेकर तस्लीमउद्दीन की सक्रियता उन्हें यहां के लोगों के दिलो में अलग जगह देती है। तस्लीमउद्दीन का नाम आता है तो जेहन में सबसे पहले यही बात गूंजती है कि वह शख्स जिसने सीमांचल के तीन लोकसभा क्षेत्रों के सांसद बनकर दिल्ली में प्रतिनिधित्व किया। यह उनकी लोकप्रियता ही थी कि वे तीन संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर पाए। अररिया जिले के जोकीहाट प्रखंड के सिसौना गांव में जन्मे

तस्लीमउद्दीन को पहली बार सांसद बनाने का श्रेय पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र की जनता को जाता है। तस्लीमुद्दीन 1989 में पहली बार पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए। उन्होंने यह चुनाव जनता दल के टिकट पर जीता। वहीं दूसरी बार सांसद 1996 में किशनगंज से 1998 में पुनः किशनगंज से और 2004 में भी किशनगंज से सांसद चुने गए। वही 2014 के चुनाव में अररिया से चुनाव जीतकर 16वीं लोकसभा के सदस्य रहे। तस्लीमुद्दीन ने 1959 में सरपंच का चुनाव जीता सरपंच के बाद तस्लीमुद्दीन 1964 में मुखिया बने। 1969 में कांग्रेस के टिकट पर पहली बार जोकीहाट से विधायक चुने गए। तस्लीमुद्दीन 1969 से 1996 के बीच सात बार बिहार विधानसभा के सदस्य चुने गये और 1989 में पहली बार वह 09वीं लोकसभा के सदस्य चुने गये। उन्होंने 1996 में 11वीं, 1998 में 12वीं, 2004 में 14वीं और 2014 में 16वीं लोकसभा के सदस्य रहे। 1989 में पहली बार जनता दल के टिकट पर तस्लीमुद्दीन पूर्णिया से सांसद चुने गये और 1991 में किशनगंज लोकसभा सीट से वह चुनाव हार गये थे। 1995 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर जोकीहाट विधानसभा का चुनाव जीता था और किशनगंज लोकसभा सीट पर 1996 में हुए आम चुनावों में तस्लीमुद्दीन ने जीत दर्ज की थी। किशनगंज को विकास की राह पर चलना सिखाया था। तस्लीमउद्दीन ने अपने सांसद रहने के दौरान तत्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री के सहयोग से सड़क के मामले में अत्यंत पिछड़े इस किशनगंज जिले में सडको का जाल बिझा दिया। चाहे बंगाल की सीमा मुरिगछ से ठाकुरगंज होते हुए सुदूर खारुदाह पंचायत तक सड़क निर्माण की बात हो या चेंगा नदी में पुल निर्माण की इन उपलब्धियों के लिए इलाके की जनता उन्हें हमेशा याद रखेगी।वही इलाके की रेल सेवा को लेकर उनके प्रयास भी सदियों तक याद किये जायेंगे। चाहे अलुआबाड़ी रोड से ठाकुरगंज होते हुए सिलीगुड़ी तक आमान परिवर्तन का काम हो या गलगलिया अररिया नई रेल लाइन का काम यह तस्लीमउद्दीन के प्रयास से ही संभव हो पाया। यूपीए वन के दौरान इलाके की बदहाली को सरकार के सामने रख कर तस्लीमउद्दीन के प्रयास से ही योजना आयोग की टीम किशनगंज आई और इसके बाद इलाके के विकास के लिए कई योजनाये केंद्र सरकार ने शुरू की। इन्ही योजनाओं में एक था गलगलिया से भद्रपुर के बीच मेची नदी पर पक्के पुल का निर्माण कार्य।

बसमतिया पुलिस ने 27 लीटर नेपाली शराब किया बरामद

अररिया : जिले की बसमतिया थाना पुलिस ने बीती देर रात गुप्त सूचना पर भारत नेपाल सीमा से सटे बेला गांव के वार्ड संख्या 8 में छापेमारी कर 27 लीटर नेपाली शराब बरामद किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रात के अंधेरे में शराब की नेपाल से तस्करी हो रही है।जिसके आलोक में बसमतिया थानाध्यक्ष अमर कुमार के नेतृत्व में पुलिस बलों ने छापेमारी कर अलग अलग कंपनी के कुल 27 लीटर नेपाली शराब बरामद किया।हालांकि अंधेरा और मकई के खेत का फायदा उठाकर तस्कर मौके से फरार होने में कामयाब रहे। तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर नेपाल सीमा में प्रवेश कर गया।इस बात की जानकारी बसमतिया थानाध्यक्ष अमर कुमार ने जानकारी देते हुए मामले में अग्रिम कार्रवाई करने की बात कही।

एक नजर

शमी को जल्द टीम में वापसी की उम्मीद

नई दिल्ली । अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टखने की सर्जरी के बाद अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया का वीडियो साझा कर जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद जाहिर की। शमी ने दर्द के बावजूद पिछले साल वनडे विश्व कप में भाग लिया था। वह 24 विकेट चटकाकर टूनार्मेंट के सबसे सफल गेंदबाज साबित हुए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल मैच के बाद से चोट के कारण शमी खेल से दूर है। उन्हें इस साल फरवरी में सर्जरी करानी पड़ी। शमी ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, ह्यह्य चोट आपको परिभाषित नहीं करतीं, आपकी वापसी आपको परिभाषित करती है। मैं अपनी टीम के साथ जुड़ने का इंतजार कर रहा हूं। विश्व कप के बाद से शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला, दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद घरेलू सरजमीं पर अफगानिस्तान (टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला) और इंग्लैंड (टेस्ट श्रृंखला) के खिलाफ खेलने से चूक गए। टखने की सर्जरी के कारण वह आईपीएल के मौजूदा सत्र से बाहर है। शमी ने गुजरात टाइटंस के लिए पिछले दो सत्र (2022 और 2023) में 33 मैचों में 48 विकेट लिये हैं।

जोबर्ग लेडीज ओपन : दीक्षा संयुक्त पांचवें स्थान पर पहुंची

जोहानिसबर्ग । भारत की दीक्षा डागर जोबर्ग लेडीज ओपन में अच्छे प्रदर्शन के साथ ही संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर पहुंच गयीं हैं। दीक्षा ने यहां तीसरे दौर में चार अंडर 69 का कार्ड खेला। इससे पहले दीक्षा ने लेडीज यूरोपीय टूर में दो बार 73, 71 और 69 के कार्ड खेले थे। इससे उनका कुल स्कोर छह अंडर हो गया है। ऐसे में अब दीक्षा को अपने करियर का तीसरा खिताब हासिल करने के लिए और बेहतर प्रदर्शन करना होगा। वहीं भारत की ही त्वेसा मलिक ने 71, 75 के बाद तीसरे दौर में 72 का कार्ड शीर्ष 25 में जगह बनायी है। इन सभी को कट में स्थान मिला था।

विनेश को मिला पेरिस ओलंपिक टिकट

नई दिल्ली । भारतीय महिला पहलवान फोगाट को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए प्रवेश मिल गया है। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में महिलाओं के 50 किग्रा सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की लॉरा गनिक्यजी को 10-0 से हराकर ओलंपिक टिकट हासिल किया।फोगाट ने लॉरा गनिक्यजी के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 4 मिनट 18 सेकंड में ही मुकाबला जीत लिया। वह एशियाई और राष्ट्रमंडल में पदक विजेता भी रही हैं। विनेश को तीसरी बार ओलंपिक टिकट मिला है। विनेश ने इससे पहले आशंका जाहिर की थी कि उसे डोपिंग में फंसाया जा सकता है। उसका कहना था कि कुश्ती संघ पूर्व अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह के कहने पर ऐसा कर सकता है। विनेश ब्रजभूषण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे प्रमुख पहलवानों में शामिल रहीं थीं।

शिवम दुबे की पत्नी भी है धोनी की प्रशंसक

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के प्रशंसकों की तादाद इतनी ज्यादा है कि अंदाजा लगाना कठिन है। यहां तक कि क्रिकेटरों के परिजन भी उनके मुरीद है। धोनी 42 साल की उम्र में भी आईपीएल खेल रहे हैं। उनकी कप्तानी में सीएसके ने पांच बार खिताब जीता है।सीएसके के ऑलराउंडर शिवम दुबे की पत्नी भी धोनी की बहुत बड़ी प्रशंसक है। शिवम की पत्नी अंजुम ने हाल ही में धोनी को लेकर कहा कि बचपन में उन्हें धोनी से डर लगता है था पर जब उनसे वह मिलीं, तभी से सारा डर खत्म हो गई। अंजुम ने धोनी को एक बेहतरीन इंसान बताया है। शिवम की पत्नी अंजुम ने इंस्टाग्राम पर धोनी के साथ एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में धोनी, शिवम दुबे और अंजुम नजर आ रहे हैं।

राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस में मुकाबला आज

एजेंसी

जयपुर । कप्तान संजू सैमसन की राजस्थान रॉयल्स की टीम आईपीएल में सोमवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी। इस मैच में नंबर एक स्थान पर चल रही राजस्थान का पलड़ा भारी है क्योंकि उसे अपने घरेलू मैदान का भी लाभ होगा।

टीम ने अब तक 7 मैचों में 6 मैच जीते हैं और वह अंक तालिका में नंबर एक स्थान पर है। टीम का प्लेऑफ में पहुंचना तय है। वहीं दूसरी ओर हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन अब तक उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा है। मुम्बई की टीम ने अब तक 3 मुकाबले ही जीते हैं। 3 जीत हासिल की है।

यह इस सत्र का आखिरी मुकाबला होगा। अभी तक यहां की पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी रही है। इसमें किसी भी मैच में 200 का स्कोर नहीं बना। यहां 197 का लक्ष्य भी हासिल हो चुका है। ऐसे में पिच एक बार फिर बल्लेबाजी के लिए आसान होने वाली है। यही वजह है कि 200 रन बनने पर किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। पहले गेंदबाजी यहां लाभदायक होगी। जयपुर में तेज गरमी से खिलाड़ियों के लिए खेलना आसान नहीं रहेगा। इस मैच में राजस्थान की बल्लेबाजी सैमसन के अलावा पराग , जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल पर आधारित रहेंगी। टीम के पास ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल जैसे गेंदबाज हैं।

मुंबई की बल्लेबाजी पंड्या के अलावा रोहित शर्मा और सूर्यकुमार पर आधारित रहेगी जबकि गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह के पास रहेगी।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं।

राजस्थान रॉयल्सः संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान , रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज।

मुंबई इंडियंसः हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

टी20 विश्व कप टीम में पंत का होना जरूरी : ब्रॉड

एजेंसी

मुंबई । इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने ऋषभ पंत का साथ देकर कहा कि डीसी कप्तान को आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की टीम में शामिल किया जाना चाहिए। ब्रॉड ने कहा कि टी20 विश्व कप 2024 टीम के लिए पंत का होना जरूरी है। विभिन्न खिलाड़ियों पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने पंत को सबसे बेहतर खिलाड़ियों में से एक के रूप में माना। आईपीएल 2024 में केकेआर के खिलाफ पंत द्वारा लगाए गए एक स्पेशल शॉट पर कहा कि उन्हें टी 20 विश्व कप टीम में जगह मिलनी चाहिए।

ब्रॉड ने कहा कि भारतीय टीम को लेकर थोड़ा विवाद चल रहा है। शायद पंत ही वे खिलाड़ी हैं, जिनके बारे में काफी चर्चा हो रही है। एक शॉट था जिसे मैंने उन्हें केकेआर के खिलाफ खेलते हुए देखा था उन्होंने डीप लेग पर छक्का लगाया। जब उन्होंने वह शॉट खेला, मुझे लगा कि उस टी20 विश्व कप टीम में शामिल होना चाहिए। ब्रॉड ने पंत के खेलने के तरीके की बहुत सराहना कि क्योंकि 26 वर्षीय खिलाड़ी एक साल से अधिक समय के बाद वापसी कर रहा है। आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए पंत 7 मैचों में 210 रन बना चुके हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट कोच होप्स ने भी पंत की तारीफ की। पंत ने सीजन में अब तक 8 कैच और 3 स्टंपिंग किए हैं। होप्स ने कहा कि उनके खेल, उनकी कीपिंग, उनकी कप्तानी सब कुछ बहुत तेज होता जा रहा है। उनकी बल्लेबाजी शुरू से ही बहुत अच्छी रही है। टूनार्मेंट के पिछले हिस्से में उन्होंने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और वह वास्तव में अच्छी तरह से कप्तानी कर रहे हैं।

सीएसके की दिल की धड़कन हैं धोनीः फ्लेमिंग

एजेंसी

लखनऊ । महेंद्र सिंह धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स के ह्यदिल की धड़कन बताकर कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि घुटने की चोट से उबरने के बाद वे लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते लिहाजा माही को शानदार फॉर्म के बावजूद बल्लेबाजी क्रम में ऊपर नहीं भेजा जा सकता।

42 वर्ष के धोनी ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ नौ गेंद में 28 रन बनाए लेकिन उनकी टीम आठ विकेट से हार गई। फ्लेमिंग ने कहा , यह प्रेरणास्पद है ना। अभ्यास के दौरान भी वे बहुत उम्दा बल्लेबाजी कर रहे हैं। टीम इससे हैरान नहीं है क्योंकि सत्र से पहले तैयारी में भी वह शानदार खेल रहे थे। उन्होंने कहा, उनके घुटने में दर्द है और वह इससे उबरने की प्रक्रिया में कुछ ही गेंद खेल सकते हैं। उन्होंने कहा, हर कोई धोनी को लंबे समय तक बल्लेबाजी करते देखना चाहता है, लेकिन टीम प्रबंधन धोनी को पूरे टूनार्मेंट में खेलते देखना चाहता हैं। इसकारण दो तीन ओवर खेलना ही ठीक है। वह हर समय अपनी भूमिका बखूबी निभा रहे हैं और उसे देखने में मजा आ रहा है। लंबे समय से चेन्नई के कोच रहे फ्लेमिंग ने कहा कि पांच बार टीम को खिताब दिलाने वाले धोनी टीम के दिल की धड़कन हैं और हर स्टेडियम पर दर्शकों से उन्हें मिल रहे अपार प्रेम के बीच उनकी मौजूदगी के हर पल का टीम लुत्फ उठा रही है। उन्होंने कहा ,ह्यह्यजब वह मैदान पर आते हैं, तब क्या जबर्दस्त माहौल होता है।

विश्व एथलेटिक्स के मिश्रित युगल में जीत के इरादे से उतरेंगे प्रियंका-अक्षदीप

एजेंसी

अंताल्या । भारत की प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह यहां अंताल्या में विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टीम चैम्पियनशिप के मिश्रित युगल में बेहतर प्रदर्शन कर पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने का प्रयास करेंगी। अक्षदीप और प्रियंका ने पहले ही पुरुषों और महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा के एकल वर्ग से पेरिस ओलंपिक के लिए टिकट हासिल कर लिया है। पेरिस ओलंपिक के लिए अब तीन महीने से भी कम समय है। ऐसे में खिलाड़ियों के लिए भी पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने के लिए ये अंतिम अवसर है। प्रियंका ने हाल ही में शानदार प्रदर्शन किया था। वह पिछले महीने चीन पैदल चाल ग्रां प्री में 20 किमी स्पर्धा में सातवें स्थान पर रही थी। इसमें खिलाड़ियों को 42.195 किमी की पूर्ण मैराथन दूरी तय करनी होगी। मिश्रित स्पर्धा में भारत की ही मुनिता प्रजापति और परमजीत सिंह भी पदक दावेदार हैं। भारतीय पैदल चाल एथलीट पुरुषों और महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में भी प्रतिस्पर्धा करेंगे।

30 की उम्र में मुगुरुजा ने टेनिस को कहा अलविदा

मैड्रिड । स्पेन की महिला टेनिस स्टार गार्बाइन मुगुरुजा ने खेल को अलविदा कह दिया है। 30 साल की मुगुरुजा पिछले काफी समय से खेल से दूर थीं। इसी कारण उन्होंने अचानक ही ये कदम उठाया है। वह दो बार मेजर चैम्पियनशिप जीती हैं। 2015 विम्बलडन के अलावा वह 2020 ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उप विजेता रही थीं।वह जनवरी 2023 के बाद से खेल से बाहर हैं इसी कारण इस खिलाड़ी की लय भी पहले वाली नहीं रही। इस पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने कहा कि मुझे लगता है कि अब संन्यास लेने और नई राह पकड़ने का समय आ गया है। मुगुरुजा ने साल 2016 फ्रेंच ओपन फाइनल में सेरेना विलियम्स और साल 2017 विम्बलडन फाइनल में वीनस विलियम्स को हराया था।

पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के बैट का वजन होता है कम

महिलाओं के बल्ले का वजन रहता है 1 किलो 100 ग्राम



एजेंसी

नई दिल्ली । क्या आपको मालूम है कि महिला क्रिक्रेटरों के लिए तैयार होने वाले बल्ले का पुरुषों के मुकाबले वजन कम होता है। पुरुष के लिए तैयार होने वाले बल्ले का वजन जहां 1 किलो 200 ग्राम रहता है। वहीं महिलाओं के लिए जो बल्ले तैयार किए जाते हैं। उनका वजन 1 किलो 100 ग्राम रहता है।

वहीं एक स्पोर्ट्स व्यापारी के अनुसार महिलाओं के लिए तैयार होने वाले बल्ले में वजन के साथ-साथ उसकी हाइट भी कम रहती है। उन्होंने बताया की इन बल्ले की बात की जाए तो यह 33 इंच लम्बाई वाला होता है। वहीं पुरुषों के बल्ले की लंबाई 38 इंच रहती है। एक्सपर्ट के अनुसार भले ही पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के लिए तैयार होने वाले बल्ले का वजन 100 ग्राम कम रहता हो। लेकिन इसके रेट में अंतर इसलिए नहीं होता। क्योंकि लकड़ी को पर्याप्त मात्रा में ही उपयोग किया जाता है। महिलाओं के लिए जो बल्ले तैयार किए जाते हैं। उसमें घिसाई सहित अन्य कार्य ज्यादा करने होते हैं। जिससे कि महिलाओं के अनुरूप बल्ले को तैयार किया जा सके। बताते चलें कि पहले की तुलना में अब स्पोर्ट्स बाजार में अभिभावक अपनी बेटियों के लिए बल्ले अधिक खरीदते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं विभिन्न एकेडमी में भी अब बेटियों की संख्या में वृद्धि देखने को मिल रही है।

व्यापारी इसमें सबसे ज्यादा अहम योगदान वूमेन आईपीएल का मानते हैं। बता दें कि क्रिकेट के मैदान में महिलाएं लगातार तहलका मचा रही हैं। पुरुषों की तरह ही महिलाएं भी कलाइयों का बेहतर उपयोग करते हुए चौके-छक्के की बरसात करते हुए नजर आती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के लिए तैयार होने वाले बैट में कारीगर को अधिक काम करना पड़ता है। दरअसल, मशीन के जरिए सभी प्रकार के बल्ले एक सामान बनते हैं। लेकिन उसके बाद स्पोर्ट्स कारीगर क्रिकेट नियम के अंतर्गत बैट को निखारने का काम करते हैं।

हैड की धमाकेदार बल्लेबाजी से बने कई रिकार्ड

एजेंसी

नई दिल्ली । सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से आईपीएल में खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड का तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। हेड ने आईपीएल के 35वें मुकाबले में केवल 16 गेंदों पर ही अर्धशतक लगा दिया। वहीं सनराइजर्स ने पहले पांच ओवरों में ही अपने 100 रन पूरे कर लिए। यह आईपीएल इतिहास के शुरूआती 5 ओवर में बने सबसे ज्यादा रन हैं। वहीं इससे पहले आईपीएल के शुरूआती 5 ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड चेन्नई सुपरकिंग्स ने साल 2014 में 6 ओवर में 100 रन का बनाकर किया था। हेड 32 गेंदों पर 89 रन बनाकर आउट हुए. इस बल्लेबाज ने 278.11 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए जिसमें 11 चौके और 6 छक्के शामिल थे जबकि उनके जोड़ीदार अभिषेक शर्मा ने 12 गेंदों पर 46 रन बनाये। इसमें 2 चौके और 6 छक्के थे। अभिषेक ने 383.33 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये।

इससे हैदराबाद ने शुरूआती 6 ओवर पावरप्ले में बिना कोई विकेट गंवाये 125 रन बनाये। यह आईपीएल इतिहास में पावरप्ले में सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले 2017 में कोलकाता नाइटराइडर्स ने आरसीबी के खिलाफ बिना कोई विकेट गंवाए 105 रन बनाए थे। आईपीएल में पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड हेड ने बनाया है। उन्होंने शुरूआती 6 ओवर में 26 गेंदों पर 84 रन बना लिए थे। यह आईपीएल इतिहास का पावरप्ले में किसी बल्लेबाजी का सर्वोच्च निजी स्कोर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम था जिन्होंने 2019 में केकेआर के खिलाफ 25 गेंदों पर नाबाद 62 रन बनाए थे।

दिल्ली में सीएसके का मैच नहीं होने से प्रशंसक निराश

एजेंसी

नई दिल्ली । आईपीएल के इस सत्र में यहां चेन्नई सुपरकिंग्स का कोई भी मैच नहीं होने से प्रशंसकों में निराश है।

प्रशंसकों का कहना है कि वह इस बार अपने पसंदीदा खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी और उनकी टीम को नहीं देख पा रहे। दिल्ली कैपिटल्स ने अपने शुरूआती दो मैच विशाखापत्तनम के मैदान पर खेले थे। टीम ने इस मैदान पर सीएसके और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मुकाबले खेले थे। धोनी और सीएसके के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स के प्रशंसकों को भी इस बात भी दुख है कि वह इस बार धोनी की आक्रामक बल्लेबाजी नहीं देख पाये हैं। धोनी इस सत्र में जबरदस्त लय में है पर ये आईपीएल में उनका अंतिम सत्र होने की संभावनाएं हैं जिससे भी प्रशंसकों को लग रहा है कि उन्हें अब धोनी को खेलते देखने का अवसर नहीं मिलेगा। धोनी के कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ को देने से भी तय है कि वह अगला तय शायद ही खेलें। प्रशंसकों का मानना है कि आज धोनी से बड़ा कोई क्रिकेटर नहीं है। एक प्रशंसक ने कहा, ह्यह्य मुझे इस बात की शिकायत है कि दिल्ली कैपिटल्स ने सीएसके के खिलाफ अपना मैच विशाखापत्तनम में खेला। वे किसी और टीम के साथ वहां खेलते तो हमें हमें दुख नहीं रहता पर धोनी को स्टेडियम में नहीं देखने की निराशा तो रहेगी।

पाक ने न्यूजीलैंड को दूसरे टी20 में हराया

▸ सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की

एजेंसी

लाहौर। बाबर आजम की कप्तानी में उतरी पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को दूसरे टी20 मैच में हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पाक टीम ने सीरीज के दूसरे टी20 मैच में मेहमान टीम न्यूजीलैंड को 90 रनों पर ही आउट कर आसानी से जीत हासिल की। पाकिस्तान ने कीवी टीम को 90 पर आउट करने के बाद जीत का लक्ष्य 12.1 ओवर में 3 विकेट पह ही हासिल कर लिया। सीरीज का पहला टी20 मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। दूसरे टी20 मैच में तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और मोहम्मद आमिर के बाद शादाब खान और अबरार अहमद ने जबरदस्त गेंदबाजी की।

इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। युवा सलामी बल्लेबाज सैम अयूब 4 रन बनाकर ही आउट हो गये। इसके बाद कप्तान बाबर आजम भी विफल रहे। बाबर 14 रन ही बना पाये। इसके बाद मोहम्मद रिजवान और युवा इरफान खान ने अच्छी साझेदार कर अपनी टीम को जीत दिलायी। रिजवान ने 34 गेंदों पर नाबाद 45 रन बनाए जबकि इरफान खान 18 रन नाबाद रहे। वहीं कीवी टीम की ओर से बेन लिस्टर, माइकल ब्रेसवेल और ईश सोढ़ी ने एक एक खिलाड़ी को आउट किया। इस मैच में पाक ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया।

स्टूगर्ट में डब्ल्यूटीए टेनिस में कजाकिस्तान की एलीना रायबकिना पोलैंड की इगा स्वीटेक से हाथ मिलाती हुई।

छह प्रमुख कंपनियों का मार्केट कैप 1.40 लाख करोड़ घटा

▪ प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी रही



नयी दिल्ली (ईएमएस) : बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में छह के संयुक्त बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 1,40,478.38 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इस दौरान आईटी कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इंफोसिस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। दूसरी ओर टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 62,538.64 करोड़ रुपये घटकर 13,84,804.91 करोड़ रुपये रह गया। इंफोसिस को अपने पूंजीकरण में 30,488.12 करोड़ रुपये की गिरावट का सामना करना पड़ा। कंपनी का पूंजीकरण 5,85,936.45 करोड़ रुपये था। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 26,423.74 करोड़ रुपये घटकर 7,49,023.89 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 14,234.76 करोड़ रुपये घटकर 6,70,059.86 करोड़ रुपये रह गया। आईटीसी का मूल्यांकन 6,616.9 करोड़ रुपये घटकर 5,30,350.97 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 176.22 करोड़ रुपये घटकर 5,24,487.51 करोड़ रुपये रह गया। दूसरी ओर भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 37,797.09 करोड़ रुपये बढ़कर 7,30,658.36 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 9,420.17 करोड़ रुपये बढ़कर 11,63,314.93 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 4,397.82 करोड़ रुपये बढ़कर 19,90,195.52 करोड़ रुपये और एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 1,201.75 करोड़ रुपये बढ़कर 6,15,453.90 करोड़ रुपये हो गया। प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी, इंफोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

एक झलक

अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट से ग्राइंडिंग यूनिट खरीदी

नयी दिल्ली (ईएमएस) : आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट से 315 करोड़ रुपये में एक ग्राइंडिंग यूनिट का खरीदने की घोषणा की है। कंपनी ने साथ ही कहा कि वह दो इकाइयों की क्षमता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त 504 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। अल्ट्राटेक सीमेंट ने शेयर बाजार को बताया कि उसके बोर्ड ने 315 करोड़ रुपये में इंडिया सीमेंट लिमिटेड से महाराष्ट्र के परली में एक कैप्टिव रेलवे साइडिंग के अलावा 11 लाख टन प्रति वर्ष की स्थापित क्षमता वाली एक ग्राइंडिंग इकाई के अधिग्रहण को मंजूरी दी है। कंपनी ने कहा कि उसने विक्रेता के साथ एक परिसंपत्ति खरीद समझौता किया है। इस खरीद से कंपनी को तेजी से बढ़ते महाराष्ट्र के बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी।

अदालत ने महाराष्ट्र के परिवहन आयुक्त का परिपत्र किया खारिज

मुंबई (ईएमएस) : बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के परिवहन आयुक्त द्वारा जारी परिपत्र को खारिज कर दिया है, जिसमें बीएच श्रृंखला के तहत वाहनों के पंजीकरण के लिए आवेदनों पर निर्णय लेते समय कुछ शर्तें लगाई गई थीं। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने 12 अप्रैल को अपने फैसले में कहा कि परिपत्र बिना किसी अधिकार के जारी किया गया था और इसलिए गलत और अवैध है। अदालत एक दीवानी न्यायाधीश की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें परिपत्र को चुनौती दी गई थी। परिवहन विभाग ने बीएच श्रृंखला के तहत वाहन पंजीकरण की मांग करने वाले उनके आवेदन को अस्वीकार कर दिया गया था। भारत सरकार ने 2021 में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वाहनों के सुविधाजनक हस्तांतरण के लिए बीएच श्रृंखला की शुरूआत की थी। परिवहन आयुक्त ने एक परिपत्र के तहत यह शर्त लगाई थी कि कोई भी सरकारी कर्मचारी जो बीएच श्रृंखला का पंजीकरण चाहता है, उसे आधिकारिक पहचान पत्र के अलावा, एक प्रमाण पत्र और देना होगा, जिसमें दिखाया गया हो कि उनके विभाग के अन्य राज्यों में कार्यालय हैं, और सेवा अवधि के दौरान उन्हें इन राज्यों की यात्रा करनी पड़ी है।

फार्मा कंपनी ल्यूपिन ने अमरेका में नयी दवा लांच की

नयी दिल्ली (ईएमएस) : फार्मा सेक्टर की कंपनी ल्यूपिन ने अमरेका में नई दवा पेश की है। ये नई दवा मिराबेग्रान ईआर टेबलैट 25 एमजी है। कंपनी के अनुसार दवा को अमेरिका के एफडीए से मंजूरी मिल गई है जिसके बाद कंपनी ने इसे बाजार में उतारा है। इस जानकारी के बाद कंपनी के शेयर पर इसका असर अगले कारोबारी दिन यानी सोमवार को मिलेगा। बता दें कि पिछले कारोबारी सत्र में ल्यूपिन के स्टॉक में गिरावट देखने को मिली थी। कंपनी का स्टॉक करीब 3 फीसदी गिरकर बंद हुआ था। कंपनी के अनुसार, कंपनी ने मिराब्रग्रान ईआर लॉन्च की है जो कि एस्टेलस फार्मा ग्लोबल डेवलपमेंट की दवा मायबेट्रिक ईआर 25 एमजी की जेनेरिक इक्विवलेंट है। बता दें कि ईआर यानी कि एक्सटेन्डेड रीलीज दवाएं कुछ अलग प्रकार से बनाई जाती है, ये दवाएं शरीर में ज्यादा समय तक रहने में सक्षम हैं ताकि इनका असर अधिक समय तक शरीर पर रहे, ऐसा करने से मरीज के लिए दवाओं का कोर्स पूरा करना आसान और बेहतर हो जाता है।

टमाटर फिर हुआ लाल, 50 रुपये किलो बिक रहा

धमतरी : सब्जियों की कीमतें फिर से बढ़ने लगी हैं। वर्तमान में टमाटर 50 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। इससे गृहणियां परेशान हैं। बेमौसम वर्षा और ओलावृष्टि से धमतरी जिले के गांवों में टमाटर की फसल खराब हो गई है। उत्पादन नहीं होने से थोक बाजार में टमाटर की लोकल आवक थम गई है। पूरा बाजार बाहरी आवक पर टिकी हुई है। पहले की तुलना में बाहरी आवक कम होने और मांग बढ़ने से टमाटर 20 रुपये से सीधे 50 रुपये किलो तक पहुंच चुका है, इससे गृहणियों का बजट बिगड़ चुका है। अब टमाटर की बाहरी आवक बैंग्लोर से होना शुरू हो चुका है, ऐसे में जल्द ही दाम गिरने की संभावना बनी हुई है। श्यामतराई स्थित थोक सब्जी बाजार में पिछले कुछ दिनों से टमाटर की लोकल आवक पूरी तरह से बंद हो चुका है। पूरा बाजार बाहरी आवक पर टिकी हुई है। आवक कम और मांग अधिक होने से थोक बाजार में टमाटर का कैरेट 1000 रुपये से 900 रुपये तक बिका। इसका सीधा असर चिल्लर बाजार में पड़ गया। पिछले दो दिनों से शहर के रामबाग, इतवारी बाजार, गोलबाजार, कर्मा चौक बाजार समेत अन्य जगहों पर टमाटर प्रति किलो 50 रुपये में बिक रहा है। टमाटर के दाम अचानक बढ़ने से गृहणियों का बजट बिगड़ चुका है। क्योंकि तीन-चार दिन पहले टमाटर चिल्लर बाजार में 20 रुपये किलो बिक रहा था। दाम बढ़ने से सभी वर्गों की दिक्कतें बढ़ गई है। थोक सब्जी व्यवसायी काशीराम सोनकर, नीतेश वाधवानी, बंटी वाधवानी समेत अन्य व्यवसायियों ने बताया कि थोक सब्जी मंडी में टमाटर की लोकल आवक पूरी तरह से बंद है।

मोटो जी64 5जी लॉन्च के लिए तैयार

नयी दिल्ली (ईएमएस) : स्मार्टफोन मोटो जी64 5जी की लॉन्चिंग से पहले फोन के कई खास फीचर्स सामने आ चुके हैं। यह स्मार्टफोन लॉन्च होने के लिए तैयार है। फ्लिपकार्ट पर लाइव हुए बैनर से मालूम हुआ है कि ये दुनिया का पहला ऐसा फोन होगा, जो कि मीडियाटेक डी7025 के साथ आएगा। साथ ही इसमें 12जीबी, 256जीबी स्टोरेज होने की बात भी सामने आ चुकी है। इसके अलावा बैनर पर ये भी साफ हो गया है कि ये फोन इस सेगमेंट का बेस्ट 6000 एमएएच बैटरी फोन होगा। फीचर्स की बात करें तोमोटो जी64 5जी आइस लीलैक, मिंट ग्रीन और पर्ल ब्लू तीन अलग-अलग कलर ऑप्शन्स में उपलब्ध कराया जाएगा। स्मार्टफोन को 8 जीबी रैम + 128जीबी स्टोरेज और 12जीबी रैम + 256जीबी स्टोरेज के साथ लॉन्च किया जाएगा। कंपनी अपने इस स्मार्टफोन को तीन अलग-अलग कलर ऑप्शन्स और दो स्टोरेज कॉन्फ्रिगरेशन के साथ लॉन्च करने वाली है। आने वाला ये नया स्मार्टफोन मीडियाटेक डाइमेंशन 7025 एसओसी प्रोसेसर पर ऑपरेट होगा। इसमें 120 एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ 6.5-इंच फुल-एचडी+ डिस्प्ले है। स्मार्टफोन में एंड्राएड 14-बेस्ड माई यूएक्स है। इसके साथ ही स्मार्टफोन में एंड्राएड 15 और तीन साल का सिक्योरिटी अपडेट मिलने की उम्मीद है। कैमरे के तौर पर इस नए स्मार्टफोन को डुअल रियर कैमरा सेटअप के साथ पेश किया जाएगा इसके अलावा स्मार्टफोन में साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर है। पावर के लिए आने वाले इस मोटोरोला फोन में 30वॉट टबोर्पावर फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ 6,000 एमएएच की बड़ी बैटरी मिलने की बात सामने आई है। साथ ही इसमें फेस अनलॉक फीचर भी सपोर्ट करता है। यह आईपी52-रेटेड वाटर रेजिस्टेंस के साथ आता है। इसमें डॉल्बी एटमॉस टेक्नोलॉजी की ओर से एन्हांस डुअल स्टीरियो स्पीकर हैं। इसमें 8 मेगापिक्सल का मैक्रो शूटर के साथ ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन (ओआईएस) सपोर्ट वाला 50 मेगापिक्सल का प्राइमरी रियर सेंसर है। जबकि स्मार्टफोन में सेल्फी के लिए फ्रंट में 16 मेगापिक्सल का कैमरा मिलता है।

इस सप्ताह बाजार में आयेंगे 4 नये आईपीओ

नयी दिल्ली (ईएमएस) : इस सप्ताह बाजार में चार नए आईपीओ आने वाले हैं। जेनए इंडिया का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 23 अप्रैल को खुलेगा। इसमें बोली लगाने के लिए 25 अप्रैल तक का मौका है। इस पब्लिक इश्यू के लिए प्राइस बैंड 395-415 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। कंपनी इससे 649.47 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। शिवम केमिकल्स का आईपीओ 23 अप्रैल को खुल रहा है। इसके बंद होने की तारीख 25 है। 20.18 करोड़ रुपये के इस पब्लिक इश्यू के लिए प्राइस बैंड 44 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। पहले से खुले पब्लिक इश्यू की बात करें तो मेनबोर्ड सेगमेंट में वोडाफोन आईडिया लिमिटेड एफपीओ और एसएमई सेगमेंट में फालकान कंसेप्ट आईपीओ है, जो अगले सप्ताह बंद होंगे।

बीते सप्ताह सरसों, सोयाबीन तेल तिलहन की कीमतों में गिरावट रही

नयी दिल्ली (ईएमएस) : बीते सप्ताह विदेशों में कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन और सोयाबीन डीगम तेल कीमतों में आई गिरावट के बीच देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों एवं सोयाबीन तेल तिलहन, सीपीओ और पामोलीन तेल के दाम नरमी के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 105 रुपये की गिरावट के साथ 5,235-5,275 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 75 रुपये घटकर 10,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 15-15 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 1,705-1,805 रुपये और 1,705-1,820 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज का भाव क्रमशः 110-110 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,800-4,820 रुपये प्रति क्विंटल और 4,600-4,640 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम तेल का भाव क्रमशः 250 रुपये, 250 रुपये और 150 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 10,150 रुपये और 9,800 रुपये और 8,550 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल तिलहन में सुधार आया। मूंगफली तिलहन का दाम 65 रुपये की तेजी के साथ 6,170-6,445 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। मूंगफली गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल के भाव भी क्रमशः 75 रुपये और 15 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 14,825 रुपये क्विंटल और 2,255-2,520 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चा पाम तेल (सीपीओ) 500 रुपये की गिरावट के साथ 8,925 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 375 रुपये की गिरावट के साथ 10,250 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 375 रुपये की गिरावट के साथ 9,275 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। गिरावट के आम रुख के विपरीत बिनौला तेल 50 रुपये मजबूत होकर 9,775 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

एपीएसईजेड ने 42 करोड़ टन कार्गो किया हैंडल

मुंबई (ईएमएस) : देश के सबसे बड़े निजी पोर्ट ऑपरेटर अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने इस माह की शुरूआत में घोषणा की थी कि उसने (अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाहों सहित) वित्त वर्ष 2023-24 में 42 करोड़ टन कार्गो हैंडल किया जो कंपनी की यात्रा में एक नया मील का पत्थर है। साल दर साल के आधार पर यह 24 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि है, जिसमें घरेलू बंदरगाहों ने 40.8 करोड़ टन से ज्यादा का योगदान दिया। कंपनी को पहली बार 10 करोड़ टन वार्षिक कार्गो थ्रूपुट हासिल करने में 14 साल का समय लगा। वहीं, 20 करोड़ टन का आंकड़ा हासिल करने में अगले पांच साल और 30 करोड़ टन तक पहुंचने में तीन साल और लगे। विशेष रूप से, नवीनतम 10 करोड़ टन का आंकड़ा दो साल से भी कम समय में हासिल किया गया है। एपीएसईजेड पिछले कुछ सालों में एकीकृत बंदरगाह इंफ्रास्ट्रक्चर सेवाओं के प्रदाता के रूप में उभरा है, इसमें गुजरात का मुंद्रा एसईजेड एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। आठ हजार हेक्टेयर से अधिक में फैला मुंद्रा इकोनॉमिक हब सबसे बड़े बहु-उत्पाद एसईजेड, मुक्त व्यापार एवं वेयरहाउसिंग क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड) और घरेलू औद्योगिक क्षेत्र के रूप में निवेश के विकल्प प्रदान करता है। एपीएसईजेड के पहले बंदरगाह मुंद्रा पर 1998 में पहला जहाज आया था। तब से, कंपनी ने देश के पूर्वी और पश्चिमी तटों पर 15 बंदरगाहों और टर्मिनलों का एक नेटवर्क बनाया है। एपीएसईजेड वर्तमान में देश में सबसे बड़ा वाणिज्यिक पोर्ट ऑपरेटर है, जो देश की कार्गो आवाजाही में लगभग एक-चौथाई की हिस्सेदारी रखता है। देश के भीतरी हिस्सों में व्यापक कनेक्टिविटी के साथ गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और ओडिशा के सात समुद्र तटीय राज्यों में घरेलू बंदरगाहों पर इसकी उपस्थिति काफी विस्तृत है। बंदरगाहों पर सुविधाएं नवीनतम कार्गो-हैंडलिंग इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस हैं जो न केवल श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ है बल्कि भारतीय तटों पर आने वाले सबसे बड़े जहाजों को हैंडल करने में भी सक्षम है। एपीएसईजेड के प्रबंध निदेशक करण अदाणी के अनुसार, नवीनतम 10 करोड़ टन का आंकड़ा दो साल से भी कम समय में हासिल किया गया है। ओडिशा के भद्रक जिले में धामरा बंदरगाह इस क्षेत्र में ड्राई कार्गो शिपमेंट के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। दस साल पहले यह केवल 1.4 करोड़ टन कार्गो हैंडल करता था लेकिन आज इसकी क्षमता 4.2 करोड़ टन से अधिक हो गई है।

मैडनेस मचायेंगे-इंडिया को हंसायेंगे' में रेमो डिसूजा

सोनी का कॉमेडी शो में हंसी-मजाक और मस्ती से भरपूर एपिसोड में प्रसिद्ध कोरियोग्राफर और निर्देशक रेमो डिसूजा का स्वागत करेगा। लोकप्रिय माँग को पूरा करते हुए, यह शो 'ईएमआई एक्ट' के साथ 'साइको बाइको' सीरीज की एक और मजेदार प्रस्तुति देने के लिए तैयार है। शो में, कॉमेडियन कुशल बद्रीके एक परेशान पति की भूमिका में दिखाई देंगे, वहीं कॉमेडी क्वीन हेमांगी कवि तुनकमिजाज पत्नी का किरदार निभाएँगी, और मजेदार केतन सिंह लोन रिकवरी एजेंट की भूमिका निभाएँगे। पति अपनी पत्नी के जन्मदिन के लिए सरप्राइज सेलिब्रेशन की योजना बनाता है, लेकिन बैंक रिकवरी एजेंट के उसके घर आने से उसकी योजना विफल हो जाती है। कुशल बद्रीके कहते हैं, हमें साइको बाइको एक्ट के लिए दर्शकों से बहुत प्यार मिला है।

वित्त वर्ष 2023-24 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 18 फीसदी बढ़ कर 19.58 लाख करोड़ रुपये

नयी दिल्ली : देश के प्रत्यक्ष कर संग्रह में इजाफा हुआ है। 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-34 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-34 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये रहा है। यह राशि संशोधित अनुमानों से बहुत ज्यादा है। मंत्रालय के मुताबिक आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 फीसदी) और संशोधित अनुमानों से 13 हजार करोड़ रुपये अधिक रहा है। इनकी प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। मंत्रालय ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के आंकड़ों के हवाले से बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 फीसदी बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही है। सीबीडीटी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 फीसदी और संशोधित अनुमान से 0.67 फीसदी अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 फीसदी अधिक है। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) इससे पिछले वित्त वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 फीसदी बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया। सीबीडीटी के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 फीसदी अधिक है। वहीं, इस अवधि में प्रतिभूति लेन-देन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 फीसदी अधिक है। इस दौरान एसटीटी (अनंतिम) सहित शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह 10.44 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 8.33 लाख करोड़ रुपये से 25.23 फीसदी अधिक है।

पेज एक के शेष

गूंजी दहाड़, खूब चले आरोपों के तीर... पूरा देश झारखंड के साथ लड़ाई में खड़ा : संजय सिंह

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश में अलग-अलग जगहों पर भाजपा की दुकान समेटी जा रही है। बिहार के अंदर भाजपा की दुकान को बंद करने का जिम्मा तेजस्वी यादव ने लिया है। प्रियंका चतुवेर्दी का गठबंधन महाराष्ट्र में भाजपा को हटाने में लगा है। बिरसा की धरती से मोदी को संदेश दे रहा कि भाजपा जमानत जब्त कराने को तैयार है। हमारे सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसौदिया, हेमन्त सोरेन को जेल में रखा है। पूरा देश झारखंड के साथ लड़ाई में खड़ा है।

मैं चीनी या पाकिस्तानी नहीं, भारतीय मुसलमान हूं : फारूक अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि वह मुसलमान हैं, लेकिन चीनी या पाकिस्तानी मुसलमान नहीं हैं। वह हिन्दुस्तानी मुसलमान हैं। भारत के मुसलमान हैं। भारत में अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषा बोलनेवाले लोग रहते हैं। यही हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती है। हम सबको एक उम्मीद ने जोड़ रखा है कि यदि हमें आगे बढ़ना है, भारत को आगे बढ़ना है, तो हम सबको मिल कर रहना होगा। उन्होंने कहा कि राम पूरे विश्व के राम हैं। हरेक के राम हैं।

अब लोकतंत्र को बचाने का वक्त आ गया : विवेक गुप्ता

टीएमसी के पूर्व सांसद विवेक गुप्ता ने कहा कि वह इंडिया अलायंस में गर्व के साथ शामिल हुए हैं। अरविंद और हेमन्त का चेयर रैली में खाली है। केन्द्र चाहे जितना जोर लगा ले, दोनों नेताओं की वापसी होगी। सावित्री नाम की महिला पति को यमराज से वापस ले आयी थी। यहां सुनीता और कल्पना के साथ तो उनके समर्थक भी हैं। अब लोकतंत्र को बचाने का वक्त आ गया है। एक-एक वोट, भाजपा को चोट, यह मैसेज सब जगह जाये।

ईडी-सीबीआई विपक्ष का गला घोंटने में लगी : प्रियंका चतुवेर्दी

शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) की प्रियंका चतुवेर्दी ने कहा कि उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र में चुनाव के मौसम में व्यस्त हैं। उन्होंने संदेश दिया है कि हमारी दो बहनें दिल्ली और झारखंड की हैं। उनके लिए आवाज उठाओ। ईडी, सीबीआई विपक्षी आवाज का गला घोंटने में लगी हैं। झूठी सरकार के खिलाफ बोलनेवालों के खिलाफ एक्शन हो रहा है। वर्ष 2014 से अब तक एक भी वादे मोदी ने पूरे नहीं किये। हम आने वाली पीढ़ी के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे और जो-जो ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग कर रहे हैं, उन सबको सबक सिखायेंगे।

झारखंड को फंसाने की भाजपा की साजिश : दीपांकर भट्टाचार्य

माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड को फंसाने की भाजपा की जो साजिश है, वह नयी नहीं, पुरानी है। अलग राज्य बनने के बाद से ही ऐसा हो रहा है। आरएसएस-भाजपा का वश चलता, तो इस राज्य का नाम वनांचल कर देते। नाम नहीं बिगाड़ पाये, लेकिन काम बिगाड़ने की कोशिश जारी है। नया राज्य बनने के बाद डोरंडा में ईद के मौके पर गोली चलती है। उन्होंने कहा कि 400 पार के गुब्बारे की हवा लोगों ने पहले चरण में ही निकाल दी है। इंडिया गठबंधन की सरकार अब सब बनायेंगे। लोगों की सबसे बड़ी चिंता बेरोजगारी और महंगाई है।

उलगुलान न्याय महारैली में कांग्रेस और राजद कार्यकर्ता भिड़े, कई घायल

रांची के प्रभात तारा मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से रविवार को उलगुलान रैली का आयोजन किया। इसमें देशभर के कद्दावर विपक्षी नेता शामिल हुए। महारैली के दौरान कांग्रेस और आरजेडी कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये।

जानकारी के अनुसार, चतरा से गठबंधन के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के गुट से मारपीट हो गयी। इसमें कई कार्यकर्ता घायल हो गये। सिटी एसपी ने मामला शांत कराया है और घायलों को अस्पताल भेजा। बताया जाता है कि जब गठबंधन के नेता जनता को सम्बोधित कर रहे थे, इसी दौरान किसी बात को लेकर राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के कार्यकताओं के बीच भिड़ंत हो गयी। दोनों दलों के कार्यकर्ता एक-दूसरे पर कुर्सी, डंडा आदि लेकर टूट पड़े। वहां मौजूद लोगों और सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन तब तक कुछ लोगों को चोट लग चुकी थी। इससे रैली में अफरा-तफरी मच गयी। रैली में शामिल लोग भागने लगे। इस दौरान कई लोग जमीन पर गिर पड़े। इस मारपीट की घटना में चतरा से गठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के भाई गोपाल त्रिपाठी का सिर फट गया।

हेमन्त सोरेन ने जेल से भेजी चिट्ठी, कल्पना सोरेन ने पढ़ा...

आदिवासियों की सीट और घट जाती, लेकिन शिबू सोरेन के विरोध के कारण परिसीमन लागू नहीं हो सका।

वर्तमान लोकसभा चुनाव के बाद केन्द्र सरकार फिर से इस विषय को लानेवाली है और जिस तरह से वह कानून बना रही है, उससे आदिवासियों-दलितों को नुकसान होनेवाला है। आज के परिप्रेक्ष्य में आदिवासी, दलितों के खिलाफ केन्द्र सरकार का रवैया खराब है। अबकी लोकसभा चुनाव मजबूती से लड़ेंगे और जीतेंगे भी। देश की अखंडता को तोड़नेवालों को खदेड़ा जायेगा।

पीएम मोदी ने देश से परिवारवाद, तुष्टीकरण व जातिवाद समाप्त करने का काम किया : शाह...

उत्थान के लिए देने का काम किया।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 करोड़ से ज्यादा घरों में शौचालय, 04 हजार करोड़ पक्का घर गरीब को दिया, 10 लाख महिलाओं को धुंआं से मुक्ति के लिए उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, 14 हजार घरों में नल का जल सहित कई जनहित में लोगों के लिए बीते 10 साल में काम किया। जबकि, 2014 से पहले 10 साल में कांग्रेस और लालू की सरकार ने बिहार को मात्र 02 लाख 80 हजार करोड़ रुपये दिये।

गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में से परिवारवाद, तुष्टीकरण और जातिवादी समाप्त करने का काम किया। जबकि, आज लालू और कांग्रेस पार्टी एक होकर भाजपा और नीतीश कुमार के खिलाफ चुनाव लड़ कर बिहार में जंगलराज दुबारा लाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि लालू की लालटेन और कांग्रेस की पंजा के साथ खड़ा होनेवाले देश में दंगा, अत्याचार, अन्याय, गरीबी और भुखमरी लाना चाहते हैं। जबकि, भाजपा का कमल और जदयू के तीर की सरकार बिहार को आगे बढ़ाते हुए खुशहाली लाने का काम कर रही है।

अमित शाह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए कटिहार लोकसभा सीट से जदयू प्रत्याशी दुलालचंद गोस्वामी सहित बिहार की सभी 40 सीटों पर एनडीए प्रत्याशी को वोट देकर विजयी बनायें।

कांग्रेस ने परिवारवाद व भ्रष्टाचार का दीमक फैला कर देश को खोखला किया : मोदी....

दिया जा चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी है, आपका सपना ही मेरा संकल्प है। मेरा पल-पल आपके नाम। मेरा पल-पल देश के नाम। शुरूआती इलाज के लिए आपको दूर न जाना पड़े, इसके लिए राजस्थान में 10 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाये गये हैं। सिरोह में मेडिकल कॉलेज बनने से बहुत फायदा हुआ है। जालोर में भी मेडिकल कॉलेज बनकर जल्द तैयार होगा। मोदी का मिशन है आने वाले दिनों में ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज बने।

मोदी ने कहा कि मकानविहीन लोगों को गारंटी दे देना कि मोदी तीसरी बार आयेगा घर पक्का मिलेगा। मेरी बात पर भरोसा करना, मेरे लिए तो आप ही मोदी हैं आप बोल कर आ जाइए, मोदी इसको पूरा करेगा। आप यह भी कह देना माताओं-बहनों को, जो तीन करोड़ मैं नये घर बनानेवाला हूं न, उनमें उनका नम्बर लगेगा ही लगेगा और उस परिवार की माताओं-बहनों को कहना कि मोदी जो घर देगा न, वह उस मां और बहन के नाम पर देगा। मैं भी आप ही की तरह सामान्य परिवार से आया हूं। मैंने भी परिवार में देखा...न बिजली होती थी, न पानी होता था, घर में रसोई का चूल्हा धुएं से भर जाता था। बचपन ऐसे ही बिता कर आया हूं, लेकिन जब आज यहां पहुंचा हूं, तो मेरे दिल में यही रहता है कि बचपन में जो कठिनाई अपनी मां को भुगतते देखता था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहले चरण के मतदान में आधे राजस्थान ने कांग्रेस को बराबर की सजा दी है, उनको बराबर का सबक सिखाया है। राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत राजस्थान यह जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश में 2014 से पहले के हालात वापस नहीं होने चाहिए। हर कोई कांग्रेस की कमजोर सरकार को धमकाते थे। हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था। सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी। आपने हर बार भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया है, तो इस बार भी जालोर-सिरोही यही कह रहा है कि फिर एक बार मोदी सरकार। सभा के दौरान प्रधानमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी को वोट देने की अपील की। जनसभा में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत भाजपा के कई नेता मौजूद थे।

एक झलक

पाक में 21 सीटों पर उपचुनाव के लिए हुआ मतदान

इस्लामाबाद : पाकिस्तान में कड़ी सुरक्षा के बीच नेशनल असेंबली और प्रांतीय असेंबली की कुल 21 सीटों पर उपचुनाव के लिए रविवार को मतदान किया गया। मतदान के दौरान पंजाब और बलूचिस्तान प्रांत के कुछ जिलों में मोबाइल और इंटरनेट सेवा वाधित रही है। इसके जानकारी दे रहे पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने बताया कि सुबह आठ बजे से शुरू हुआ मतदान शाम पांच बजे तक जारी रहा। मतदान की आधिकारिक समय अवधि खत्म होने के बाद जो मतदाता केंद्र में मौजूद रहे उन्हें वोट डालने की अनुमति दी जाएगी। यहां बतला दें कि पाकिस्तान में नेशनल असेंबली और चार प्रांतीय असेंबली के लिए 08 फरवरी को चुनाव संपन्न हुआ था। विभिन्न कारणों से नेशनल असेंबली की एक सीट और पंजाब असेंबली की दो और खैबर-पख्तूनख्वा असेंबली की एक सीट के लिए मतदान रद्द कर दिया गया था।

अमेरिकी विदेश मंत्री अगले सप्ताह जायेंगे चीन

वॉशिंगटन : अमेरिका और चीन के तल्ख रिश्तों के बीच दोबारा दोस्ती की सुगबुगाहट देखी जा रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध और मध्य पूर्व के तनाव भरे हालात के बीच अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन तीन दिनों का चीन दौरा करने जा रहे हैं। ब्लिंकन का यह दौरा 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक होगा। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक ब्लिंकन 24 से 26 अप्रैल तक चीन की यात्रा पर रहेंगे। विदेश विभाग का कहना है कि ब्लिंकन शंघाई और बीजिंग में चीनी अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मिलेंगे। इस दौरान मध्य पूर्व संकट, यूक्रेन-रूस युद्ध और दक्षिण चीन सागर पर भी बातचीत होगी।

डूब कर 50 से अधिक लोगों की मौत

बंगुई : मध्य अफ्रीकी गणराज्य में यात्रियों को ले जा रही नौका के नदी में डूब जाने से उसमें सवार 58 लोगों की मौत हो गई है। नाव में क्षमता से अधिक यात्रियों के भरे होने के कारण हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने शनिवार को बताया कि 300 लोगों को ले जा रही नाव राजधानी बंगुई से गुजरने वाली मपोको नदी को पार कर रही थी, उसी समय हादसा हुआ। स्थानीय नौका चालकों और मछुआरों ने सबसे पहले बचाव अभियान शुरू किया।
बचाव अभियान में शामिल मछुआरे एड्रियन मोसामो ने बताया कि सैन्यकर्मियों के पहुंचने तक 58 शव निकाले जा चुके थे। बंगुई यूनिवर्सिटी अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि जैसे-जैसे बचाव अभियान बढ़ रहा है, मरने वालों की संख्या बढ़ रही है। मरने वालों की संख्या में और बढ़ोतरी का अंदेशा है।

जापान नेवी के दो हेलिकॉप्टर हुए दुर्घटनाग्रस्त

टोकियो : टोकियो के दक्षिण में प्रशांत महासागर में जापानी नौसेना के दो हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 07 अन्य लोग लापता बताए गए हैं। इस घटना की जानकारी रक्षा मंत्रालय ने रविवार 21 अप्रैल को दी है। आशंका जाहिर करने वालों का कहना है कि शनिवार रात प्रशिक्षण के दौरान दोनों हेलीकॉप्टर एक दूसरे से टकरा गए होंगे। इन हेलीकॉप्टर में चालक दल के 08 सदस्य मौजूद थे। रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा ने घटना की जानकारी देते हुए प्रेस को बताया कि समुद्री आत्मरक्षा बल के दो एसएच-60 के हेलीकॉप्टर में चालक दल के चार-चार सदस्य मौजूद थे और शनिवार देर रात टोकियो से लगभग 600 किलोमीटर दक्षिण में तोरीशिमा द्वीप के पास उनसे संपर्क टूट गया। उन्होंने आगे बताया कि इस हादसे का कारण अभी साफ नहीं हो पाया है, लेकिन दोनों हेलीकॉप्टर संभवतः आपस में टकराने के बाद पानी में गिरे होंगे। उन्होंने कहा कि बचावकर्मियों ने एक उड़ान डेटा रिकॉर्डर के साथ ही दोनों ही हेलीकॉप्टर से एक ब्लेड और एक ही क्षेत्र में दोनों हेलीकॉप्टर के टुकड़े बरामद किए हैं, जो संकेत देते हैं कि दोनों एसएच-60 के एक-दूसरे के करीब उड़ रहे थे।

देश में टीबी रोगियों को नहीं मिल रही दवाएं, कैसे होगा टीबी मुक्त भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली : बीमारी खत्म करने के लिए दवा का होना बेहद जरुरी होता है, ऐसे में जबकि भारत को 2025 तक टीबी मुक्त करने की योजना है, इसे फलिभूत करने दवाओं का होना भी जरुरी है। दरअसल टीबी के मरीजों को दवा देने के मामले में कुछ राज्य गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। अनेक राज्य दवा खरीदी मामले में लेट-लतीफी करते नजर आए हैं, जिस कारण दवा का अभाव देखने में आया है। सूत्रों की मानें तो केंद्र के संबंधित विभागों के पास पर्याप्त दवा का स्टॉक नहीं होना भी एक कारण है। यहां बतला दें कि टीबी की दवा बनाने वाली देश में प्रमुख 3 से 4 कंपनियां ही हैं। ये कंपनियां ही केंद्र के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को टेंडर के जरिए दवा उपलब्ध कराती हैं। ऐसे में जब कुछ राज्यों ने कंपनियों से दवा के लिए संपर्क किया तो उन्होंने पंजीयन स्टॉक नहीं होने का रोना रोया, जिससे दवा आपूर्ति नहीं हो सकी। ऐसे में यहां हम मध्य प्रदेश की ही बात कर लें जहां टीबी की दवा मरीजों को नहीं मिल पा रही है। यह जानकारी राजधानी भोपाल के अस्पतालों में दवा के लिए चक्कर काटते मरीजों ने दी है। ऐसे में सवाल किया जा रहा है कि जब ये हालात प्रदेश की राजधानी के हैं तब सूबे के

दूरदराज इलाकों में क्या हो रहा होगा, आसानी से समझा जा सकता है। एक तरफ दवा के लिए मरीज परेशान हैं तो वहीं दूसरी तरफ चिकित्सकों ने इसका हल निकालते हुए बच्चों को दी जाने वाली दवा की खुराक बढ़ा कर बड़े मरीजों को देना शुरू कर दिया है। यहां बतलाते चलें कि इन टीबी मरीजों में ज्यादातर संख्या भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों वाली है। इन्हें यदि समय पर दवा उपलब्ध नहीं होती तो इनमें टीबी जैसी घातक बीमारी दोबारा आक्रमण कर सकती है। इससे टीबी मरीजों की संख्या कम होने की जगह बढ़ने का अंदेशा भी जतलाया जा रहा है।
विशेषज्ञों की राय है कि टीबी के मरीज समय पर दवा लें नहीं तो छह महीने पहले जो उन्हें शिकायत थी वह पुनः उभर सकती है। यहां भोपाल टीबी अस्पताल में इलाज कराने वाले और दवा लेने आने वाले अनेक मरीजों का कहना है कि पिछले 12-15 दिनों से दवाएं उन्हें नहीं मिल रहीं हैं।
यहां बतलाते चलें कि साल 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की थी। खास बात यह है कि तब पीएम मोदी ने कहा था कि दुनिया ने टीबी को खत्म करने के लिए 2030 तक का समय तय किया है, लेकिन भारत ने अपने लिए यह लक्ष्य 2025 तय किया है। सूत्र कहते हैं केंद्र ने तो दवाओं का पर्याप्त स्टाक बना रखा है, लेकिन राज्य ही लेट-लतीफी करें तो क्या होगा। अब आसानी से समझा जा सकता है कि केंद्र सरकार ने देश को 2025 तक टीबी मुक्त करने का जो लक्ष्य रखा है, उसे कैसे पूरा किया जा सकता है, जबकि मर्ज सही करने दवा का आभाव बराबर बना हुआ है।

आज का भारत आतंकवाद व नक्सलवाद के सामने घुटने नहीं टेकता : आदित्यनाथ

एजेंसी

कोरबा : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को छत्तीसगढ़ के कोरबा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दस साल में हमने बदलते भारत को देखा है। एक ऐसा भारत जिसका विश्व में सम्मान बढ़ा है। आज भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं। आज का भारत आतंकवाद और नक्सलवाद के सामने घुटने नहीं टेकता है।
कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी सरोज पांडे के समर्थन में सीएसईबी ग्राउंड में आयोजित जनसभा में आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस शासनकाल को याद करते हुए कहा कि उस दौरान देश में नक्सलवाद और आतंकवाद चरम पर था। तो वहीं मोदी सरकार नक्सलवाद और आतंकवाद को कम करने में सफल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत जहां 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त राशन दे रहा है, वहीं पड़ोसी पाकिस्तान में 23 करोड़ लोग भूख से लड़ रहे हैं।
उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के साथ कांग्रेस की आंतरिक समझ है। यह बात किसी से छिपी नहीं है। युवाओं के हाथों में टैब होना चाहिए था लेकिन कांग्रेस सरकारों ने उन्हें पिस्तौल थमा दी। कांग्रेस

युवाओं के भविष्य के साथ खेलती है और समाज को बांटने का काम करती है। जब कांग्रेस के नेता और विपक्ष के नेता कुछ नहीं कर सकते तो वो प्रधानमंत्री मोदी को गाली देना शुरू कर देते हैं लेकिन मोदीजी के लिए पूरा देश एक परिवार है। वह 140 करोड़ भारतीयों की सेवा करने के लिए काम करते हैं। कांग्रेस की सरकार में लोग भूख से मरते थे। किसान आत्महत्या करते थे। महिलाएं और बिजनेसमैन असुरक्षित थे और आतंकी देश में प्रवेश करने के बाद नियमित हमले करते थे।
आदित्यनाथ ने कहा कि यह भगवान राम का ननिहाल है। माता कौशल्या का मायका है। इसलिए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सबसे ज्यादा उल्लास कहीं था तो छत्तीसगढ़ में था। ऐसा कौन है जिसे ननिहाल अच्छा नहीं लगता। हमारे लिए भी यह ननिहाल है। वर्ष 2014 के पहले किसान आत्महत्या करता था। बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं थी। आतंकी कहीं भी घुसकर बम विस्फोट करते थे। अब कुछ भी होता है तो पाकिस्तान पहले सफाई दे देता है कि हमने कुछ नहीं किया। उसे पता है कि अगर किसी भी धमाके में पाकिस्तान का हाथ आया तो भारतीय सेना घर में घुसकर मारेगी।
मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मोदी जी 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन का लाभ दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी भाजपा शासन में मुफ्त चावल मिल रहा है। कांग्रेस के राज में जनता भूखे मरती थी। कांग्रेसी तो कमीशन खाने के आदी हैं। उनकी कमीशनखोरी को लगाम लगाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने जन-धन अकाउंट खोले हैं। दिल्ली और रायपुर से अगर पैसा आपको भेजा जाएगा तो उसमें कोई कांग्रेसी दलाल डकैती नहीं डाल पाएगा।

उमर अब्दुल्ला डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा पर बरसे

एक सीट के लालच में हमें छोड़ दिया

एजेंसी

नयी दिल्ली : नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला इंडिया गठबंधन की सहयोगी पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनकी पार्टी अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र में ऐसे मित्र के खिलाफ चुनाव लड़ रही है जो एक सीट के लिए लालची बन गया है। अब्दुल्ला ने पीडीपी के दक्षिण कश्मीर की सीट से चुनाव लड़ने पर यह बात कही।
उन्होंने कहा कि दक्षिण कश्मीर सीट पर लड़ाई भाजपा से नहीं है। दुर्भाग्य से, वहां नेशनल कॉन्फ्रेंस का मुकाबला हमारे एक मित्र से है जो कुछ दिन पहले तक हमारे साथ था। अब एक सीट के लालच में हमें छोड़ दिया। अब्दुल्ला ने श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार आगा सैयद रुहुल्लाह

मेहदी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा एनसी और पीडीपी विपक्षी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। वे पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकार डिक्लेरेशन का भी हिस्सा था जिसका गठन अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद किया गया था। एनसी की ओर से पीडीपी के लिए एक भी सीट छोड़े बिना कश्मीर घाटी में सभी 3 निर्वाचन क्षेत्रों से उम्मीदवार उतारने की घोषणा किए जाने के बाद यह गठबंधन टूट गया। पीडीपी ने तीनों सीट पर अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भाजपा घाटी में संसदीय चुनाव सीधे तौर पर नहीं लड़ रही है, बल्कि वह अपनी पार्टी और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस जैसे दलों का समर्थन कर रही है। हम अच्छी तरह से जानते हैं कि भाजपा यहां किसका समर्थन करती है, लेकिन उनके जीतने की कोई संभावना नहीं है। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भगवान ने चाहा तो नेशनल कॉन्फ्रेंस सभी तीन सीट जीतेगी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने एनडीए के 400 पार वाले भाजपा के दावे पर कहा कि नतीजों के बाद सब कुछ साफ हो जाएगा। उन्होंने दावा किया कि लद्दाख सीट उनके हाथ से फिसल रही है। उन्होंने कहा कि कल हुए मतदान के बाद ऐसा लगता है कि वे उधमपुर सीट नहीं बचा पाएंगे।

भाजपा प्रत्याशी सर्वेश सिंह का निधन

मुरादाबाद : मुरादाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और पूर्व सांसद सर्वेश सिंह का शनिवार शाम करीब साढ़े छह बजे दिल का दौरा पड़ने के कारण उनका निधन हो गया। अब सवाल उठ रहा है कि क्या मुरादाबाद में फिर से चुनाव होगा? या फिर इस सीट पर बाद में उपचुनाव कराया जाएगा? मुरादाबाद के मंडलायुक्त आन्जनेय सिंह ने बताया कि अगर सर्वेश सिंह चुनाव जीतते हैं तो मुरादाबाद सीट पर उपचुनाव होगा। अगर हारते हैं तो चुनाव नहीं होगा। बता दें मुरादाबाद सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। परिणाम चार जून को आएंगे। बीजेपी प्रत्याशी रहे कुंवर सर्वेश सिंह का मुकाबला मुरादाबाद में समाजवादी पार्टी की रुचि वीरा से था।

पश्चिम रेलवे विशेष किराये पर चार जोड़ी समर स्पे शल ट्रेन चलायेगी

एजेंसी

अहमदाबाद : पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और उनकी मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विशेष किराये पर चार जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन स्पे शल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है:
ट्रेन संख्यात 09001/09002 उधना-जयनगर स्पेशल (अनारक्षित) (02 फेरे)
ट्रेन संख्या 09001 उधना-

जयनगर स्पेशल रविवार, 21 अप्रैल, 2024 को उधना से 11.25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23:00 बजे जयनगर पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्याल 09002 जयनगर-उधना स्पेशल मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024 को जयनगर से 02.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14.30 बजे उधना पहुंचेगी।

कांग्रेस ने जारी की एक और सूची, चार उम्मीदवार किये घोषित

नयी दिल्ली : लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का मतदान सम्पन्न हो चुका है और अगले चरण के मतदान के लिए पार्टियां अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर ही हैं। वहीं आज कांग्रेस ने एक और सूची जारी की है। इसमें कांग्रेस ने चार उम्मीदवारों की घोषणा की है। कांग्रेस ने इस सूची में 3 ओडिशा और 1 पश्चिम बंगाल से उम्मीदवार घोषित किया है।

दक्षिण भारतीयों के लिए काशी में बननेवाली धर्मशाला के भूमिपूजन में शामिल हुई निर्मला

एजेंसी

वाराणसी : केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को वाराणसी जिले के सिगरा क्षेत्र में स्थित श्री काशी नटूकोट्टई नगर क्षत्रम धर्मशाला के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुईं। शहनाई के मंगल धुन के साथ मंत्रोच्चार के बीच धर्मशाला का भूमिपूजन किया गया। दक्षिण भारतीयों के लिए बनने वाले इस धमार्शाला के निर्माण पर लगभग 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यहां ठहरने वाले दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं को कोई किराया नहीं देना होगा। श्रद्धालु अपनी इच्छा से दान दे सकेंगे।
इस धर्मशाला में 135 कमरे होंगे। दस मंजिले धर्मशाला में छात्रावास, आवास और बैंक्वेट हॉल भी बनेगा। नाटकोट्टम क्षत्रम की ओर से दक्षिण भारत के श्रद्धालुओं के लिए बनने वाले धर्मशाला का निर्माण डेढ़ साल में पूरा होगा। लगभग 65 हजार वर्गफुट की इस जमीन को बाबा विश्वनाथ के लिए फूल और विल्व पत्र अर्पित करने के लिए खरीदा गया था। पिछले 50 साल से जमीन पर अवैध कब्जे को शासन व प्रशासन की मदद से हटवाया गया। धर्मशाला के निर्माण से काशी आने वाले दक्षिण भारतीय पर्यटकों को काफी सहूलियत होगी।

चिपचिपी खदान में विस्फोट, एक की मौत

काबुल : पश्चिमी काबुल शहर में एक खदान में हुए विस्फोट से एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं तीन अन्य घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय मीडिया ने जादरान के हवाले से कहा कि पुलिस डिस्ट्रिक्ट-3 के कोट-ए-संगी इलाके में एक चिपचिपी खदान में विस्फोट हुआ जिसकी चपेट में एक कार आ गई जिसमें सवार लोगों में कार चालक की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। सभी घायल आम नागरिक हैं। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। घटना शनिवार की बताई जा रही है। अबतक किसी भी समूह या व्यक्ति ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' का पोस्टर रिलीज

■ नये लुक में दिखे अमिताभ बच्चन बच्चन

एजेंसी

मुम्बई : साउथ सुपरस्टार प्रभास और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' जल्द ही पर्दे पर आने वाली है। इस फिल्म में बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। अब इस फिल्म में बिग बी का लुक सामने आ गया है। इस फिल्म का पोस्टर रिलीज कर दिया गया। उनके दमदार लुक ने फैंस का ध्यान खींचा है। लुक की वजह से फैंस इस फिल्म को लेकर उत्सुक हैं। फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' का निर्देशन नाग अश्विन ने किया है। प्रभास और दीपिका पादुकोण स्टारर इस फिल्म में अमिताभ बच्चन का रोल खास होगा। मेकर्स जल्द ही इसका खुलासा करने वाले हैं। 'कल्कि 2898 एडी' से अमिताभ

बच्चन का लुक जारी हो गया है। अब फैंस इस बात पर ध्यान इस बात पर है कि फिल्म में उनका क्या किरदार होगा। सामने आए बिग बी के पोस्टर में वह साधु के अवतार में नजर आ रहे हैं। उनके चेहरे पर पट्टी लगी हुई हैं।
ऐसा भी कहा जा रहा है कि फिल्म कल्कि 2898 एडी में कमल हासन और दिशा पटानी अहम भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म तेलुगु, हिंदी, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और अंग्रेजी भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म का नाम पहले प्रोजेक्ट-के था लेकिन बाद में इस फिल्म का नाम बदलकर कल्कि 2898 एडी कर दिया गया। यह फिल्म 9 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अमिताभ बच्चन की आने वाली फिल्म को लेकर फैंस उत्सुक हैं।

लोकसभा चुनाव : सूरत सीट से कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी का नामांकन रद्द

■ तीन समर्थकों के हस्ताक्षर पर उठा था सवाल, कलक्टर के समक्ष गैरहाजिर होने पर नामांकन रद्द करने का फैसला

एजेंसी

सूरत : सूरत लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार व कांग्रेस नेता निलेश कुंभाणी का नामांकन रद्द कर दिया गया है। भाजपा की ओर से कुंभाणी के तीन समर्थकों के हस्ताक्षर पर सवाल उठाया गया था। इसके बाद कलक्टर ने तीनों समर्थकों को हाजिर होने को कहा था लेकिन तीनों के हाजिर न होने पर कुंभाणी का नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया है। दूसरी ओर मामले में कांग्रेस ने हाई कोर्ट जाने का निर्णय किया है।
सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी के नामांकन को लेकर भाजपा की ओर से आपत्ति जतायी गई थी। निलेश कुंभाणी के नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले तीन समर्थकों ने शपथपत्र के जरिए कहा था कि यह उनके

हस्ताक्षर नहीं है। इसे लेकर भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल के चुनावी एजेंट दिनेश जोधाणी ने आपत्ति दर्ज करते हुए मामला कलक्टर कार्यालय में उठाया था। बाद में कुंभाणी ने अपने तीनों समर्थकों के अपहरण होने की भी आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत उमरा थाने में की थी। इस मामले में कुंभाणी ने शनिवार को ही तीन कथित गायब समर्थकों के लिए हाई कोर्ट में हेबियस कोर्पस और कलक्टर कार्यालय में उम्मीदवारी पत्र रद्द करने के विरोध में 3 आवेदन दिए थे। उम्मीदवारी पत्र रद्द करने के विरोध में रविवार को कलक्टर कार्यालय में सुनवाई की गई, जिसके बाद कुंभाणी का नामांकन फार्म रद्द कर दिया गया है। कुंभाणी को तीनों समर्थकों के हाजिर कराने को कहा गया था, लेकिन वे तीनों को हाजिर करने में विफल रहे।

अर्जुन मोढवाडिया और हार्दिक पर लगाये आरोप

कांग्रेस के जोनल प्रवक्ता अनूप राजपूत ने कहा कि निलेश कुंभाणी का फार्म रद्द करने के लिए भाजपा विधायक हार्दिक पटेल और कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए अर्जुन मोढवाडिया ने षडयंत्र रचा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थकों के कथित अपहरण में इन दोनों नेताओं के हाथ होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि जब हार्दिक और अर्जुन मोढवाडिया कांग्रेस में थे तो उनका निलेश कुंभाणी और उनके आसपास के लोगों के साथ घनिष्ठ संबंध थे।ऐसे में यह प्रबल संभावना है कि कुंभाणी के नामांकन रद्द करने में इन दोनों नेताओं की संदिग्ध भूमिका हो सकती है। उन्होंने कहा कि पुलिस इसकी जांच करेगी तो निश्चित रूप से दोनों नेताओं की भूमिका सामने आएगी। कांग्रेस के वकील बाबू मांगुकिया ने इसे लोकतंत्र के अपहरण की बात कही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब सोची-समझी साजिश के तहत किया गया है।

नब कुमार शरणिया का नामांकन रद्द

गुवाहाटी : लोकसभा चुनाव में कोकराझार लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार व निवर्तमान सांसद नब कुमार शरणिया का नामांकन जाति प्रमाण पत्र में विसंगतियों के कारण रद्द कर दिया है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व गुवाहाटी हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि नब कुमार शरणिया का जाति प्रमाण पत्र फर्जी है। कोर्ट ने कहा था कि शरणिया अनुसूचित जनजाति के नहीं हैं। शरणिया ने अपना नामांकन दाखिल किया था लेकिन चुनाव आयोग ने निर्देश पर निर्वाचन अधिकारी ने उनका नामांकनपत्र खारिज कर दिया।